हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11

खेल

श्रेयस का तूफान : सरपंच साहब का शानदार शतक, पंजाब की जीत के हीरो बने अय्यर...



Page 09

देश

कर्नाटक सरकार का फैसला, पूरी हुई श्रमिकों की मांग, हर महीने कम से कम 23 हजार...



मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, तैतिल, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • सोमवार • 25 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 172 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,45,800 | ₹ 2,85,000 |

## आज का इतिहास

**2013** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के नक्सली विद्रोहियों ने छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं के काफिले पर हमला किया, जिससे कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई।

**2010** : भारतीय मूल की 59 वर्षीय कमला प्रसाद बिसेसर निवर्तमान प्रधानमंत्री पैट्रिक मैनिंग को पराजित कर त्रिनिदाद और टोबेगो की पहली महिला प्रधानमंत्री निर्वाचित हुईं।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में उछाल

**पटना (नि.सं.)** । बिहार में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री ने ऐसा रफ्तार पकड़ा है मानो सड़कों पर कोई नई खामोश क्रांति उतर आई हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की पुरजोर अपील और राज्य सरकार की आकर्षक सब्सिडी योजना ने मिलकर बाजार का पूरा रुख बदल दिया है। गया जिले में मात्र 15 दिनों के भीतर 455 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री दर्ज की गई है, जो इस बात का सबूत है कि अब लोग ईंधन की जगह इलेक्ट्रिक सफर को तवज्जो दे रहे हैं। पहले जहां बिक्री धीमी थी, वहीं अब रोज़ाना 5-6 इलेक्ट्रिक स्कूटी आराम से बिक रही हैं। ग्रामीण इलाकों में भी इस खामोश सवारी की मांग तेज़ी से बढ़ी है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा दी जा रही अनुदान राशि ने ग्राहकों के दिल में भरोसा पैदा किया है, जिससे खरीदारी में तेजी आई है।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उद्योगपतियों और व्यापारियों के साथ किया सम्मेलन

# निवेश बढ़ाने की अपील, व्यापारियों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता

**मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों और व्यापारियों के लिए बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा है कि बिहार के जितने भी व्यापारी और उद्यमी हैं, उनकी सुरक्षा की चिंता पूरी तरह से सरकार करेगी और किसी भी कीमत पर अपराधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा।**

निज संवाददाता | पटना

पटना में आयोजित 'व्यवसायी समागम' को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) के 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास को सराहा। उन्होंने मंच पर उपस्थित बीसीसीआई के अध्यक्ष अग्रवाल जी, वित्त सचिव संजय सिंह और अन्य गणमान्य साथियों का अभिवादन करते हुए कहा कि 1926 से स्थापित यह संस्था सिर्फ बिजनेस नहीं कर रही, बल्कि बिहार की सामाजिक संरचना को बदलने और समाज कल्याण में अपनी निरंतर भागीदारी निभा रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का क्षण है कि ऐसी ऐतिहासिक संस्था बिहार को आगे बढ़ाने के लिए लगातार चिंतित है और काम कर रही है।

सीएम सम्राट चौधरी ने उद्योग नीति पर बात करते हुए कहा कि सरकार केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर इंडस्ट्री खड़ी करने में विश्वास रखती है। उन्होंने उद्योग नीति 2025 में किए गए संशोधनों का जिक्र करते हुए भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जरूरत के अनुसार बदलाव किए जाएंगे। सम्राट चौधरी ने स्पष्ट किया कि बिहार में बड़े उद्योगों को आकर्षित करने और राज्य के विकास के लिए सबसे पहली जरूरत हमारे अपने स्थानीय व्यापारियों के विश्वास और उनके इन्वेस्टमेंट की है, क्योंकि जब तक बिहार के मौजूदा कारोबारियों में भरोसा नहीं जगेगा, तब तक बाहर से आने वाले बड़े उद्योगपतियों में विश्वास पैदा नहीं किया जा सकता। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर कड़ा और स्पष्ट संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने व्यवसायियों को सुरक्षा की पूरी गारंटी दी। उन्होंने कुछ लोगों द्वारा धर्म की आड़ लेने पर प्रहार करते हुए कहा कि अपराधी का कोई धर्म नहीं होता, वह सबसे पहले अपनी ही कम्युनिटी (समुदाय) को सबसे ज्यादा तंग करता है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि बिहार के जितने भी व्यापारी और उद्यमी हैं, उनकी सुरक्षा की चिंता पूरी तरह से सरकार करेगी और किसी भी कीमत पर अपराधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा।




### अब तंग होकर बिहार छोड़ने का नहीं, लौटने का दौर

अपने संबोधन के अंत में सम्राट चौधरी ने देश-विदेश में रह रहे बिहार के उद्यमियों से भावुक और मजबूत अपील की। उन्होंने कहा कि अब वो दौर चला गया, अब किसी भी कारोबारी को तंग होकर बिहार से बाहर जाने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। जो लोग कभी किसी विपरीत दौर या मजबूरियों के कारण बिहार छोड़कर चले गए थे, अब उनके वापस अपनी मातृभूमि लौटने का वक़्त आ चुका है। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि भविष्य में उद्योग जगत से जुड़ा जो भी फैसला लिया जाएगा, वह आप सभी की सहमति से होगा और सरकार उद्यमियों को आगे बढ़ाने में अपना पूरा सहयोग देगी।

### तीन महीने पर बैठक करेंगे डीएम और एसपी

व्यापारियों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने एक बड़े प्रशासनिक फैसले की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सरकार ने सख्त निर्देश जारी किया है कि अब से हर 3 महीने में एक बार सभी जिलों के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्थानीय व्यवसायी एसोसिएशन के साथ अनिवार्य रूप से जिला स्तर पर बैठक करेंगे। इस बैठक के माध्यम से सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा होगी और व्यापारियों की जो भी छोटी-बड़ी समस्याएं या कानूनी अड़चनें होंगी, उन्हें ऑन-द-स्पॉट दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

# शिक्षकों को सचिवालय बुलाकर समस्याएं सुनेंगे शिक्षा मंत्री, मौके पर होगा समाधान

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और उनके सम्मान को लेकर बड़ा ऐलान किया है। एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के लिए विशेष पहल करने जा रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा, "एक सप्ताह के भीतर हम शिक्षकों को सचिवालय बुलाएंगे, शिक्षा मंत्री की तरफ से चाय पिलाएंगे और जलपान करवाएंगे।" उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों को अब अपनी मांगों को लेकर परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सरकार स्वयं पहल कर उनकी समस्याओं का समाधान करेगी।

### शिक्षक समाज के लिए मोमबत्ती के समान

उन्होंने स्पष्ट किया कि सचिवालय में आयोजित होने वाली यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं होगी, बल्कि इसमें शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। मंत्री ने कहा कि शिक्षकों और अधिकारियों को आमने-सामने बैठाकर सभी मुद्दों पर पारदर्शी तरीके से चर्चा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी उचित और नियमानुकूल निर्णय संभव होगा, उसे उसी दिन मौके पर ही लेने का प्रयास किया जाएगा। अपने संबोधन के दौरान शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए कहा कि शिक्षक समाज के लिए मोमबत्ती के समान हैं, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक तमाम कठिनाइयों के बावजूद नई पीढ़ी के भविष्य को संवारने और समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य करते हैं। शिक्षकों के आंदोलन और धरना-प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षकों का स्थान सड़कों पर संघर्ष करना नहीं, बल्कि विद्यालयों में शिक्षा की लौ जलाना है। सरकार की मंशा है कि शिक्षकों को अपनी जायज मांगों के लिए सड़क पर उतरने की जरूरत न पड़े और वे पूरी गरिमा के साथ विद्यालयों में रहकर बच्चों के भविष्य निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर सकें। शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों से समाज के गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि झोपड़ी में बैठी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाना शिक्षकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों की पूरी चिंता करेगी, वहीं शिक्षकों से भी अपेक्षा है कि वे शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें।

## हर थाली में बिहारी तरकारी अभियान के तहत राज्यस्तरीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आज

**पटना(नि.सं.)**। बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन लिमिटेड (वेजफेड) की ओर से आज राज्यस्तरीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन "हर थाली में बिहारी तरकारी" अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम डी.एन.एस. क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, शास्त्री नगर, पटना में सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। सम्मेलन में राज्य और राष्ट्रीय स्तर के संस्थागत खरीदारों, सब्जी उत्पादक समूहों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा कृषि विशेषज्ञों की भागीदारी होगी। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे।

# बिहार की तीन विभूतियों को मिलेगा पद्मश्री सम्मान

• **लोक नृत्य, भोजपुरी लोक संगीत और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रीय सम्मान**

निज संवाददाता | पटना

वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों में बिहार की तीन प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्मश्री सम्मान से नवाजा जाएगा। कला, लोक संस्कृति और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन में आज आयोजित होने वाले विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पद्म पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष बिहार के प्रसिद्ध लोक नृत्य कलाकार स्वर्गीय विश्व बंधु, भोजपुरी लोक संगीत के वरिष्ठ गायक भरत सिंह भारती तथा कृषि वैज्ञानिक स्वर्गीय डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी को पद्मश्री सम्मान के लिए चयनित किया गया है। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं, जिन्हें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री श्रेणियों में प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार कला, साहित्य, शिक्षा, विज्ञान, सामाजिक कार्य, चिकित्सा, खेल और सार्वजनिक जीवन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

23 नवंबर 1930 को जन्मे विश्व बंधु बिहार के प्रमुख लोक नृत्य कलाकारों में गिने जाते थे। उन्होंने भारतीय लोक और शास्त्रीय नृत्य परंपराओं को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे एक कुशल नर्तक, कोरियोग्राफर, गुरु और सांस्कृतिक संस्थान निर्माता के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने बिहार में आधुनिक नृत्य आंदोलन को नई दिशा दी और लोक नृत्य को सामाजिक जागरूकता एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बनाया। वहीं, भरत सिंह भारती भोजपुरी लोक संगीत के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। उन्होंने सात दशकों से अधिक समय तक भोजपुरी लोक संगीत की परंपरा को जीवित रखने, उसे संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया है। भोजपुर जिले के नोनौर गांव में 20 नवंबर 1936 को जन्मे भरत सिंह भारती बचपन से ही कीर्तन मंडलियों में गाया करते थे। उन्होंने तबला, हारमोनियम, बांसुरी, सितार, ढोलक और झाल जैसे कई वाद्ययंत्रों में महारत हासिल की। वर्ष 1962 से वे आकाशवाणी पटना से जुड़े रहे हैं। डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी बिहार के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक रहे हैं।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का औचक निरीक्षण

निज संवाददाता | गया



बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को गया जिला अंतर्गत अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गयाजी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना तथा अस्पताल परिसर में उपलब्ध सफाई, दवाई, पेयजल, बिजली एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में डॉ. प्रेम कुमार ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, आपातकालीन सेवाओं एवं सुपरस्पेशलिटी भवन की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा अस्पताल प्रशासन को मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।






## बिहार के विश्वविद्यालयों में समर्थ पोर्टल लागू करने पर मिलेगा प्रोत्साहन पुरस्कार



पटना (नि.सं.)। बिहार में उच्च शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में राज्यपाल एवं कुलाधिपति सैयद अता हसनैन ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में समर्थ पोर्टल को मिशन मोड में लागू करने तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालयों को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। राजभवन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार अब राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों को डिजिटल माध्यम से संचालित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके तहत समर्थ पोर्टल के सभी मॉड्यूल लागू करना विश्वविद्यालयों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। राज्यपाल ने कहा है कि नामांकन, परीक्षा प्रबंधन, परिणाम प्रकाशन, शिक्षक एवं कर्मचारी प्रबंधन, उपस्थिति निगरानी, अवकाश प्रबंधन, सेवा संबंधी मामलों और वेतन भुगतान जैसे सभी कार्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएंगे। इससे विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी तथा छात्रों और कर्मचारियों को सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकेंगी। समर्थ पोर्टल के संचालन और निगरानी को प्रभावी बनाने के लिए बिहार लोक भवन द्वारा प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।




बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 10 लीटर देसी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**नरहट (नवादा)**: स्थानीय पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ओलिपुर गांव से 10 लीटर देसी शराब बरामद की और एक महिला को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस को गांव में अवैध शराब कारोबार की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने ओलिपुर गांव में छापेमारी की। इस दौरान एक घर से 10 लीटर देसी शराब बरामद की गई। मौके से एक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### समरसेवल चोरी होने की लगातार घट रही घटना से किसान परेशान

**नारदीगंज (नवादा)**। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों खेत में लगे समरसेबल की चोरी हो रही है। ऐसे में किसानों के सामने आर्थिक परेशानी बढ़ी हुई है। घटना के बाद चोर पुलिस की पकड़ से बाहर रह रहे हैं। ऐसे में शरारततत्त्वों का मनोबल बढ़ा हुआ है। ताजा घटना शनिवार की रात में नंदपुर गांव में घटी। इस गांव में नंदपुर निवासी अमरेन्द्र कुमार के खेत में लगे दो समरसेबल और चालीस किलो पाइप की चोरी कर ली गई है। इस सम्बंध में नंदपुर निवासी इंदल राजवंशी ने नारदीगंज थाना में आवेदन पत्र देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा अमरेन्द्र कुमार का खेती करता हूं। रविवार की सुबह में जब खेत पर गया ,वही पर बोरिंग किया हुआ था। तो देखा कि बोरिंग पर से दोनों समरसेबल और चालीस किलो पाइप की चोरी कर ली गई है। चोरों ने बंद बक्सा का ताला को तोड़कर घटना का अंजाम दिया है।

### सहयोग शिविर का आयोजन कार्यक्रम शुरु

**नारदीगंज( नवादा)**। सात निश्चय के तहत सबका सम्मान, जीवन आसान के तहत सहयोग शिविर का आयोजन कार्यक्रम शुरु हुआ है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि लोक सेवाओं का ससमय प्रदायगी सुनिश्चित करना और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में होने वाले बिलंब को दूर करना है। इस कार्यक्रम को लेकर नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित करने के लिए तिथि निर्धारित कर दी गई है। बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने कहा नारदीगंज में पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित करने के लिए तिथि निर्धारित हुई है। उन्होंने कहा आगामी दो जून 2026 को ओड़ो पंचायत में,16 जून को परमा पंचायत में, सात जुलाई को इचुआकरना पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित होगी। इसके अलावा 21 जुलाई 2026 को पेश पंचायत में और आठ अगस्त 2026 को ननौरा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित कर कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही बिलंब को दूर किया जाएगा।

### हाइवा में बने तहखाने से 118 बोतल बियर और शराब बरामद चालक पुलिस गिरफ्त से बाहर,जांच चौकी पर उठे सवाल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया स्थित एनएच 20 के किनारे एचपी पेट्रोल पंप के समीप पुलिस बलों ने एक हाइवा ट्रक के केबिन में बने तहखानों से रखे 118 बोतल शराब व बियर बरामद किया है। जब्त शराब और बियर को लेकर हाइवा ट्रक को भी जब्त किया गया है,जबकि हाइवा चालक सह शराब तस्कर पुलिस गिरफ्त से बाहर रहा। लोगों ने दबी जुबां में यह भी कहना शुरू कर दिया है कि हरदिया से पहले चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों द्वारा सघनता से जांच के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। तब ही शराब लेकर हाइवा ट्रक जांच चौकी को पार कर हरदिया में पुलिस के हत्थे चढ़ गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि कोडरमा से नवादा की ओर जा रही एक हाइवा ट्रक से शराब की खेप को लेकर जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में पुलिस बलों के साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान हाइवा ट्रक संख्या एचआर58ई1854 की जांच की गई। जांच के क्रम में ट्रक के केबिन से 500 एमएल किंगसफिशर के 96 केन बियर एवं 750 एमएल वाले रॉयल चैलेंज के 11 बोतल एवं मैजिक मोमेंट्स के 11 बोतल बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब,बियर और ट्रक के अलावे फरार ट्रक चालक सह तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस शराब तस्कर की गिरफ्तारी को लेकर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर एएसआई के के झा व एएसआई जयप्रकाश चौधरी के अलावे सशस्त्र पुलिस बल मौजूद रहे।

### रजौली पुलिस ने दो वारंटी गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रजौली**। रजौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में करमा कला गांव निवासी बासुदेव चौधरी का पुत्र मुसाफिर चौधरी और बौद्धी बिगहा गांव निवासी राजो भुइयां का पुत्र श्री भुइयां शामिल है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि दोनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था। पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों को उनके घर से गिरफ्तार किया। रविवार को दोनों वारंटियों को माननीय न्यायालय नवादा भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून का डर कायम होने की बात कही जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।



थाना परिसर से जेल जाते गिरफ्तार लोग

### कचहरी पंच समुन्दरी देवी का निधन

**नारदीगंज( नवादा)**। प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के ग्राम कचहरी के पंच समुंद्री देवी पति रामधनी रविदास का निधन रविवार को दोपहर के बाद हो गई। मृतका समुंद्री देवी वार्ड 12 के पंच सदस्य थी। घटना की खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। स्वजन ने बताया रविवार को अचानक उनकी तबियत खराब हुई। उन्हें इलाज के सीएचसी नारदीगंज लेकर गए। जहां इलाज के दौरान समुंद्री देवी का निधन हो गया। घटना की सूचना मिलने पर सरपंच प्रवेश रविदास समेत अन्य लोगों ने शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया, और पीड़ित परिवार को सहयोग राशि देने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।

### ककोलत अमझर वाटर फॉल पहुँचे एसपी, धर्मराज मौत मामले की जांच तेज

**नवादा** : जिले के चर्चित अमझर वाटर फॉल में हुई छात्र धर्मराज की संदिग्ध मौत के मामले में रविवार को जिला प्रशासन हरकत में दिखा। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने घटनास्थल पर पहुँचकर पूरे इलाके का स्थलीय निरीक्षण किया और मामले की गहन जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उस स्थान का जायजा लिया, जहां वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के बेल्धा गांव निवासी एवं आईआईटी रुड़की के छात्र धर्मराज की मौत हुई थी। प्रशासनिक टीम ने घटनास्थल की भौगोलिक स्थिति, पानी की गहराई तथा सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक ने मौजूद अधिकारियों को निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से जांच करने का निर्देश दिया। वहीं परिजनों से बातचीत कर उन्हें भरोसा दिलाया गया कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच होगी और सच्चाई सामने लाई जाएगी। धर्मराज की मौत को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं। परिजन इसे सामान्य हादसा मानने को तैयार नहीं हैं और सुनियोजित घटना की आशंका जता रहे हैं। प्रशासन द्वारा घटनास्थल निरीक्षण के बाद अब मामले की जांच और तेज होने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अमझर वाटर फॉल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी संकेतों की कमी के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। ऐसे में प्रशासन से सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की मांग उठने लगी है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी ग्रामीण सड़के

## ● सड़क निर्माण के मात्र दो महीने बाद ही उखड़ने लगे मसाले, ग्रामीणों ने घटिया सामग्री के उपयोग का लगाया आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत के हरदिया सेक्टर-ए में नवनिर्मित ग्रामीण सड़क महज दो महीने बाद ही टूटने-फूटने लगे। सड़क की हालत देखकर ग्रामीणों वासुदेव रजक,उपेंद्र शर्मा,रंजीत कुमार,सरयू सिंह समेत अन्य ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण के दौरान संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग करने और बरती गई अनियमितताओं के कारण ही सड़क बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत एनएच-31 से हरदिया सेक्टर-ए के महादलित टोला तक लगभग 1.1 किमी लंबी सड़क का निर्माण बीते वर्ष 2015 के 12 जून से शुरू किया गया था,जो मार्च 2026 में समाप्त हो गया। किंतु सड़क निर्माण करने वाले संवेदक संजय कुमार द्वारा लगाए गए दो योजना बोर्ड में कार्य समाप्ति की तिथि 11 जून 2026 बताई जा रही है। सड़क निर्माण के लिए प्राक्कलित राशि लगभग 58 लाख रुपए बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण कार्य संवेदक प्रतिनिधि आलोक कुमार के द्वारा जल्दीबाजी में किया गया। अब सड़क पर मोटे-मोटे पपड़ी पर रही है,जो बाद में टूटकर बिखर रही है। जबकि सड़क लंबे समय तक सुरक्षित रहे,इसके लिए सड़क को छोटे-छोटे ब्लॉक में भी काटा गया था।

इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल रजौली के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने जांच कर अग्रतर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।



हरदिया सेक्टर-ए में टूटी ग्रामीण सड़क

# सोखोदेवरा आश्रम में आयोजित शिव चर्चा में उमड़े शिवभक्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कौआकोल**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम स्थित राजेन्द्र भवन सोखोदेवरा में रविवार को शिव शिष्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने तथा शिव गुरु के बताए सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश देना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुरु भाई एवं गुरु बहनों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए शिव शिष्य मनोज कुमार मंटू भैया ने कहा कि आज के समय में समाज को प्रेम, शांति और आपसी भाईचारे की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिव गुरु के मार्ग पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकता है। उन्होंने सभी शिव शिष्यों से आग्रह किया कि वे समाज में मानवता, सेवा और सद्भावना का संदेश फैलाने का कार्य करें। इस दौरान गुरु भाई दिनेश प्रसाद ने कहा कि आध्यात्मिकता से ही मनुष्य को सच्ची शांति प्राप्त होती है। वहीं डॉ. सुधीर शर्मा ने लोगों से नशामुक्ति एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सहयोग देने की अपील की। सुरेश यादव और सत्येंद्र कुमार सहित अन्य गुरु भाइयों एवं बहनों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिव गुरु के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रार्थना की गई तथा समाज में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने नियमित रूप से इस तरह के आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया।

# आर्य वीर दल की बैठक सम्पन्न, युवाओं को संगठन से जोड़ने पर जोर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के कौआकोल बाजार अवस्थित आर्य समाज मन्दिर परिसर में रविवार को आर्य वीर दल बिहार प्रदेश के मार्गदर्शन तथा सहसंचालक कुंदन आर्य के आहवान पर आर्य समाज के प्रधान युगल किशोर आर्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित एवं आदिवासी क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से क्षेत्रीय आर्य वीर दल का गठन किया गया। जिसमें लखन कुमार को संचालक,चंदन कुमार को सह संचालक,रंधीर कुमार आर्य को मंत्री,आयुष कुमार को उपमंत्री तथा रामरतन आर्य को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आर्य वीर दल समाज सेवा,युवाओं में चरित्र निर्माण तथा वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा। साथ ही बालवाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन के लिए महिला संगठन के गठन पर भी जोर दिया गया। सभा में कुंदन आर्य ने आर्य समाज एवं आर्य वीर दल की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे युगल किशोर आर्य ने सभी युवाओं को माला पहनाकर एवं वैदिक साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर विन्देश्वरी मंडल, कृष्णनंदन आर्य, चंदेश्वर बाबू, संतोष आर्य, निलेश, अयोध्या पासवान, श्रवण साव, डॉ. चंद्रिका प्रसाद, मुकलेश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नगरनौसा में डिग्री कॉलेज के जगह पर विवाद, लोदीपुर से शिफ्ट करने पर हंगामा

## ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, कहा- शिक्षा को राजनीति से दूर रखना चाहिए

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा के नगरनौसा प्रखंड में बहुप्रतीक्षित डिग्री कॉलेज की स्थापना तो हो गई है, लेकिन इसके स्थान चयन को लेकर अब विवाद गहराता जा रहा है। कॉलेज के संचालन को लेकर दो खेमे आमने-सामने हैं। एक पक्ष जहां लोदीपुर स्थित मगध विद्यापीठ उच्च विद्यालय में ही पढ़ाई जारी रखने की मांग कर रहा है, तो दूसरा पक्ष कॉलेज को नगरनौसा बाजार स्थित बालिका उच्च विद्यालय में शिफ्ट कराने के लिए दबाव बना रहा है।

**लोदीपुर में ही कॉलेज रखने के पक्ष में उठ रही आवाज**: स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों का एक बड़ा वर्ग लोदीपुर के पक्ष में खड़ा है। उनका तर्क है कि यहां कॉलेज के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना मौजूद है। स्थानीय निवासी कवीन्द्र पासवान ने बताया कि स्कूल के पास 4 एकड़ 63 डिसमिल जमीन है। कॉलेज संचालन के लिए 20 कमरे उपलब्ध हैं। कई जगहों पर प्रखंड मुख्यालय से दूर कॉलेज का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है, इसलिए सुविधा के लिहाज से लोदीपुर ही सबसे उपयुक्त स्थान है।

**सुरक्षा और शांत वातावरण है प्राथमिकता**: कॉलेज को बाजार ले जाने के प्रस्ताव पर छात्राओं में भारी नाराजगी है। छात्रा चांदनी कुमारी और आरती कुमारी ने कहा कि बाजार में शोर-शराबे और यातायात की समस्या के कारण पढ़ाई बाधित होगी। बाजार में असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़खानी का डर बना रहता है, जबकि लोदीपुर का वातावरण सुरक्षित और शांत है। जो उच्च शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। परीक्षा के दौरान भीड़ बढ़ने पर बाजार में जाम की समस्या भी विकराल रूप ले लेगी, जिससे आम लोगों और छात्रों को भारी परेशानी होगी।

**राजनीतिक हस्तक्षेप का आरोप**: ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए कॉलेज को बाजार शिफ्ट कराने की कोशिश कर रहे हैं। शिक्षा के केंद्र को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। राजनीति करना छात्र हित में ठीक नहीं है।

**डॉ. प्रोफेसर संजय कुमार बने प्रिंसिपल**: नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की लंबे समय से मांग चल रही थी। इस दिशा में पहल करते हुए बीते 11 मई को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर्गत 'कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना' के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रोफेसर संजय कुमार ने डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। वर्तमान में कॉलेज का शुभारंभ लोदीपुर स्थित उच्च विद्यालय परिसर से ही किया गया है। अब सबकी निगाहें प्रशासनिक निर्णय पर टिकी है। क्या कॉलेज लोदीपुर में ही रहेगा या इसे बाजार शिफ्ट करने के दबाव को स्वीकार किया जाएगा।

# पुलिस हिरासत में मारपीट के आरोपी की मौत पीएमसीएच में इलाज के दौरान तोड़ा दम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग गाइडलाइन के तहत जांच शुरू

**नालंदा**। नालंदा के परवलपुर थाना क्षेत्र में पुलिस अभिरक्षा में लिए गए एक मारपीट के आरोपी की इलाज के दौरान पटना के पीएमसीएच में देर रात मौत हो गई है। मृतक की पहचान सलेमपुर गांव निवासी 35 साल के संजीत कुमार के रूप में हुई है। हिलसा डीएसपी-2 ऋषि राज ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि परवलपुर थाना के आरोपी संजीत कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसे थाना हाजत में रखा गया था। शनिवार 23 मई की सुबह लगभग 11 बजे जब पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाने की तैयारी कर रही थी, तब आरोपी ने अचानक तबीयत खराब होने की शिकायत की।

पुलिस ने तुरंत उसे तत्काल परवलपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पहले सदर अस्पताल बिहार शरीफ, फिर विम्स पावापुरी और अंततः पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया। पीएमसीएच में इलाज के दौरान शनिवार रात करीब 11 बजे संजीत कुमार ने दम तोड़ दिया।

चूंकि मौत पुलिस अभिरक्षा के दौरान हुई है, इसलिए मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) की गाइडलाइन और तय एसओपी का सख्ती से पालन किया जा रहा है। डीएसपी ने बताया कि मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव की समीक्षा रिपोर्ट तैयार की गई है। साथ ही, मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए डॉक्टरों की टीम गठित कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है और इस पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है।

बता दें कि 1 मई को सलेमपुर गांव के ही एक व्यक्ति संजीव कुमार ने संजीत कुमार समेत पांच लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में संजीत कुमार फरार चल रहा था और कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। इस मामले में संजीत के अलावा श्याम प्रसाद, रंजीत प्रसाद, मुरारी कुमार और धर्मवीर कुमार को भी आरोपी बनाया गया है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, ताकि आगे की विधिक कार्रवाई की जा सके।

# सड्क दुर्घटना मे एक महिला की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)**: कुरसेला थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेट हाईवे-77 डुमरिया सड़क पर रविवार को सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान डूमर पंचायत के वार्ड संख्या-5 निवासी चंदा देवी (40) के रूप में हुई है। वह वेदानंद मंडल की पत्नी थीं।

जानकारी के अनुसार, चंदा देवी सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पोठिया थाना पुलिस के एएसआई धर्मेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेली पहुंचाया, जहां आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# व्यवहार न्यायालय के नव नियुक्त लिपिकों को मिला दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार**। बिहार न्यायिक अकादमी, पटना के आदेश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कटिहार के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय, कटिहार के सैकड़ों नव नियुक्त अपर विभागीय लिपिकों हेतु स्थानीय विकास भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन नोडल पदाधिकारी सह सिविल जज सीनियर डिवीजन चतुर्थ कटिहार कुलदीप श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय, कटिहार के सेवानिवृत्त कर्मचारी ऋषिकेश झा,।सदानंद झा एवं गौरी शंकर झा ने प्रशिक्षक के रूप में भाग लेकर नव नियुक्त कर्मियों को न्यायालयीन कार्य प्रणाली, अभिलेख संधारण, कार्यालय संचालन एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इस संबंध में नोडल पदाधिकारी सह सिविल जज ,सीनियर डिवीजन कुलदीप श्रीवास्तव ने केबीसी न्यूज को बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नव नियुक्त कर्मियों को न्यायालयीन कार्यों के प्रति दक्ष, अनुशासित एवं उत्तरदायी बनाना है, ताकि वे न्यायिक कार्यों का निष्पादन और अधिक प्रभावी एवं सुचारू रूप से कर सके। मौके पर वरीय पेशकार आशीष कुमार त्रिवेदी के अलावा रमन पाठक, राजेंद्र झा सहित सैकड़ों की संख्या में न्यायालय कर्मचारी आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार का औद्योगिक पुनर्जागरण विकसित बिहार की ओर सशक्त कदमः मंगल पांडेय

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कटिहार/पटना**। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के दूरदर्शी सोच से राज्य औद्योगीकरण, तकनीकी नवाचार और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के स्वर्णिम युग में प्रवेश कर चुका है। यषस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में 'सुशासन से समृद्धि' के मंत्र को साकार करते हुए सम्राट जी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकास कार्यों की जो श्रृंखला शुरू की है, वह हर बिहारी के लिए गौरव का विषय है।

श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक वर्ष में 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश बिहार में लाने का ऐतिहासिक संकल्प लिया है। 8000 एकड़ औद्योगिक भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है और अगले चरण में 10 हजार एकड़ अतिरिक्त भूमि तैयार होगी। इससे टेक्सटाइल,फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटो सेक्टर के बड़े उद्योग स्थापित होंगे। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में बिहार आज देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो रहा है। बिहार मक्का, मखाना, केला और लीची का सबसे बड़ा उत्पादक है। इसी क्षमता को पहचानते हुए सरकार 5 मेगा फूड पार्क और 100 एमएसएमई पार्क स्थापित कर रही है। बिहटा में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सेंटर का शुभारंभ हो चुका है। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा वहीं प्रदेश में किसान की आय दोगुनी हो रही है। श्री पांडेय ने कहा कि पटना,गया और भागलपुर के दबाव को कम करने के लिए 11 नए सैटेलाइट व ग्रीनफील्ड टाउनशिप का रोडमैप तैयार है। नागरिक उड्डयन को नई उड़ान देते हुए पटना-गया से अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शुरू होंगी। प्रमुख हवाई अड्डों के पास एरोसिटी,लॉजिस्टिक पार्क और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनेंगे। सुल्तानगंज में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट की योजना से सीमांचल और कोसी क्षेत्र सीधे वैश्विक मानचित्र पर आएगा। अर्बन नक्शा को पूरी तरह डिजिटल कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज और मॉडल स्कूल खोलकर तकनीकी शिक्षा के संकल्प को जमीन पर उतारा जा रहा है। इससे गांव का बच्चा भी ग्लोबल तकनीक से जुड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी के लाल क्रिकेटर सोहैब खान का भव्य स्वागत, एयरपोर्ट से आमस तक जगह-जगह अभिनंदन



**गयाजी**। गयाजी. उभरते क्रिकेटर सोहैब खान के पहली बार घर लौटने पर आज गया से लेकर आमस तक भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही क्रिकेट प्रेमियों, युवाओं और स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। कई जगहों पर लोगों ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। पूरे रास्ते समर्थकों और क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ उमड़ी रही। आमस प्रखंड क्षेत्र में सोहैब खान के स्वागत को लेकर सुबह से ही उत्साह का माहौल था। एयरपोर्ट से निकलने के बाद दर्जनों जगहों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। जगह-जगह युवाओं ने फूल बरसाकर और माला पहनाकर उनका सम्मान किया। आमस के इमामगंज मोड़ से लेकर कुड़ासीन गांव तक लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। मुख्य स्वागत समारोह आमस प्रखंड के इमामगंज मोड़ के आगे कुड़ासीन गांव के पास स्थित आनंद रिसोर्ट में आयोजित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शामिल हुए। लोगों ने सोहैब के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत समारोह में इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय दांगी भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि सोहैब खान ने अपनी प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गया। जिले का नाम रोशन किया है। विधायक ने कहा कि जब भी वह इलाके में क्रिकेट टूर्नामेंट में जाते थे, तो उनके मन में यह इच्छा रहती थी कि इस क्षेत्र की मिट्टी से कोई ऐसा खिलाड़ी निकले जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेले और जिले का नाम दुनिया में चमकाए। आज सोहैब खान ने वह सपना पूरा कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाके में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत केवल सही मंच और अवसर की है। सोहैब की सफलता से इलाके के युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी और आने वाले दिनों में और भी खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचेंगे। सोहैब खान के बड़े भाई अल्तमश खान और जीशान आफरीदी ने बताया कि आइसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में यूएई राष्ट्रीय टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन कर सोहैब ने लगातार दो अर्द्धशतक लगाए। इससे न सिर्फ उनकी टीम बल्कि भारत और गया जिले का नाम भी रोशन हुआ है।

### 26 मई को लगेगा जॉब कैंप, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, प्राइवेट कंपनी में 200 पदों पर होगी भर्ती

**नालंदा**। नालंदा में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का शानदार अवसर सामने आया है। 26 मई(मंगलवार) को संयुक्त श्रम भवन स्थित जिला नियोजनालय के ब्लॉक कैंपस में एक विशेष जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। जो सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक चलेगा। इस जॉब कैंप में टैलेंटकॉर्प सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (Talentcorp Solutions Pvt.Ltd.) कंपनी हिस्सा ले रही है, जो 'ट्रेनी' (Trainee) के 200 पदों पर युवाओं की नियुक्ति करेगी। जिसके लिए 18 से 35 वर्ष की आयु के युवा आवेदन कर सकते हैं। 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन, डिप्लोमा और बीई/बीटेक पास उम्मीदवार इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 18,000 से 24,500 रुपए तक का वेतन दिया जाएगा, साथ ही कंपनी की ओर से बस और कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्य क्षेत्र लुधियाना या पुणे होगा। जिला नियोजन पदाधिकारी, मो. आकिफ वक्कास ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया में नियोजनालय केवल एक सुविधा प्रदाता की भूमिका में है। नियोजन की शर्तों और अन्य संबंधित विषयों के लिए निजी क्षेत्र की कंपनी स्वयं जिम्मेदार होगी। विभाग ने अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं तक यह सूचना पहुंचाने के लिए स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार का आग्रह किया है, ताकि जिले के युवा इस अवसर का लाभ उठाकर रोजगार प्राप्त कर सकें।

### गयाजी में दिव्यांगों के लिए विशेष रोजगार शिविर, टीचर से लेकर डिलीवरी पार्टनर तक की होगी भर्ती

**गयाजी**। गयाजी में प्रादेशिक नियोजनालय की ओर से 26 मई(मंगलवार) को दिव्यांगों के लिए विशेष रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर शहर के केंदुई स्थित नियोजनालय कार्यालय परिसर में सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। अलग-अलग कंपनियों में दिव्यांग अभ्यर्थियों को नौकरी दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है। नियोजनालय की ओर से बताया कि यह रोजगार शिविर केवल दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए ही आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने बायोडाटा और जरूरी दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचे और मौके का लाभ उठाएं। जरूरी दस्तावेज में आधार, शैक्षणिक प्रमाणपत्र फोटो और दिव्यांगता सर्टिफिकेट की फोटो कॉपी जरूरी है। इसका उद्देश्य दिव्यांग युवाओं को रोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी की ओर से शिक्षक पद के लिए 20 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक पास निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष तय की गई है। चयनित उम्मीदवारों को 14 हजार 500 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा Zomato की ओर से डिलीवरी पार्टनर के 16 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास रखी गई है। आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 15 हजार से 25 हजार रुपये तक वेतन मिलेगा। कार्यस्थल गयाजी ही रहेगा। शिविर में पहुंचने वाले अभ्यर्थियों का ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू लिया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी। रोजगार शिविर के माध्यम से दिव्यांग युवाओं को स्थानीय स्तर पर नौकरी उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है, ताकि उन्हें रोजगार के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़े। अधिकारियों ने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में दिव्यांग अभ्यर्थी रोजगार के अवसर से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में यह शिविर उनके लिए बड़ा अवसर साबित हो सकता है। नियोजनालय ने अधिक से अधिक दिव्यांग युवाओं से रोजगार शिविर में शामिल होने की अपील की है।

# मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल का विधानसभा अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दिए निर्देश**



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, इलाज व्यवस्था और चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और आवश्यक कर्मियों की शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनिंग सिस्टम खराब पाया, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि मरम्मत कार्य के लिए विभाग को आवश्यक प्रस्ताव और आकलन भेजा जा चुका है। डॉ. प्रेम कुमार ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर साफ-सफाई, दवा वितरण, पेयजल, बिजली और उपचार व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आम लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है तथा इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल प्रशासन ने उन्हें बताया कि वर्तमान में संस्थान में 50 शैय्या वाला आपातकालीन ब्लॉक, 32 शैय्या का पीकेपी आईसीयू, 100 शैय्या का मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र, ट्रॉमा सेंटर तथा 300 एलपीएम और 2500 एलपीएम क्षमता वाले मेडिकल ऑक्सीजन संयंत्र संचालित हैं। इसके अलावा 221 शैय्या वाला सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक भी कार्यरत है। प्रशासन ने यह भी जानकारी दी कि 12 शैय्या वाले बर्न आईसीयू और 100 शैय्या की क्रिटिकल केयर यूनिट पर कार्य चल रहा है। वहीं 200 शैय्या वाले आपातकालीन और यूरोलॉजी ब्लॉक, 30 शैय्या के आईसीयू, 400 शैय्या वाले नए अस्पताल भवन, मोर्चरी भवन तथा सड़क और नाली निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। अधिकारियों ने बताया कि सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के स्वीकृत सात विभागों में से कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी विभाग में सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। हालांकि नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, सीटीवीएस और नवजात चिकित्सा विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण सेवाएं पूरी तरह प्रारंभ नहीं हो पाई हैं। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने चिकित्सकों और तकनीकी कर्मियों की जल्द नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गया अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है, इसलिए यहां उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का विकसित होना अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल अधीक्षक, चिकित्सक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पेट्रोलियम संकट के बीच मेहता फ्यूल ग्राहकों को दे रहा राहत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

गया जी वैश्विक स्तर पर हो रहें पेट्रोलियम पदार्थो की किल्ल्त और गया जी उत्तरी क्षेत्र में पेट्रोल की भारी कमी और ग्राहकों के बीच अफरा-तफरी के माहौल के बाबजूद गया -पटना मुख्य मार्ग स्थित मेहता फ्यूल इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप ने ग्राहकों को बेहतर सेवा देकर राहत पहुंचाई। भीड़ अधिक होने के बावजूद पेट्रोल लेने पहुंचे लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। पेट्रोल पंप संचालक अरूंजय मेहता ने बताया कि पेट्रोल पम्प खुलने दिन से लगातार ग्राहकों की सेवा में कार्य हो रहा है। आस -पास कई पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल नही रहने के कारण ग्राहकों को काफ़ी परेशानी होती है लेकिन मेरा पेट्रोल पम्प हमेशा ग्राहकों को सेवा देने में तत्पर है।

उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी ग्राहकों का पूरा सहयोग करना उनकी प्राथमिकता रही है और इंडियन आयल आगे भी यह सेवा लगातार जारी रहेगी। जहां कई पेट्रोल पंपों पर तेल को लेकर अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था, वहीं उनके इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रही। सभी ग्राहकों को समय पर पेट्रोल उपलब्ध कराया गया और

किसी को निराश होकर लौटना नहीं पड़ा। उन्होंने बताया कि ग्राहकों के भरोसे और सहयोग की बदौलत पेट्रोल पंप ने हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारी निभाई है। संकट की घड़ी में भी मेहता फ्यूल पेट्रोल पंप लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है और आने वाले दिनों में भी इंडियन आयल के द्वारा जारी निर्देशों एवं सुचारु रूप से पेट्रोल -डीजल की आपूर्ति किये जाने पर ग्राहकों के जरूरतों को पूरा करेगी।

## सब्जी लदे पिकअप से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। बहेरा थाना पुलिस ने डोभी-चतरा मुख्य मार्ग पर शनिवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए सब्जी लदे एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 1,668 लीटर शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार जब्त शराब में 1,308 लीटर बीयर और 360 लीटर विदेशी शराब शामिल है। तस्करों ने शराब की खेप को पिकअप वाहन में सब्जियों के बीच इस तरह छिपाकर रखा था कि सामान्य जांच में किसी को शक न हो। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शराब की यह खेप झारखंड के हंटरगंज क्षेत्र से लाई जा रही थी और बिहार में खपाने की तैयारी थी। सूचना मिलते ही बहेरा थाना पुलिस ने धीरजापुल के पास वाहन जांच अभियान चलाया और संदिग्ध पिकअप को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में शराब बरामद होते ही पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वाहन चालक फिरोज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। वह झारखंड के लातेहार जिले के हेड पोचरा गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ताकि शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और पूरे अंतरराज्यीय नेटवर्क का पता लगाया जा सके। बहेरा थाना प्रभारी रविरंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराब तस्करी पर लगातार नजर रखी जा रही है और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने शराब और पिकअप वाहन को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# "जोगीरा सररर..." से गूंजा इमामगंज, "बम-बम बोल रहा है काशी" पर भक्तिमय हुआ यज्ञ मंच





बेहद अच्छे हैं और आपसी भाईचारे गीत-संगीत प्रस्तुत करतीं भोजपुरी लोकगायिका कल्पना पटवारी

- **कल्पना पटवारी की आवाज पर रातभर झूमता रहा जनसैलाब**
- **बोले रे माई बकरिया, मोर बेटवा के काटता..." और "बम-बम बोल रहा है काशी..." जैसे गीतों से भोजपुरी रंग में रंगी पूरी रात**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

इमामगंज। गया जिले के इमामगंज प्रखंड अंतर्गत बिश्रामपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के समापन अवसर पर रविवार की रात भोजपुरी संगीत की भव्य महफिल सजी।भोजपुरी लोकगायिका कल्पना पटवारी के मंच पर पहुंचते ही पूरा यज्ञ परिसर तालियों और जयकारों से गूंज उठा। हजारों की संख्या में मौजूद लोग देर रात तक गीत-संगीत का आनंद लेते रहे। अपनी दमदार आवाज और लोकसंगीत की मिठास के लिए मशहूर कल्पना पटवारी ने एक से बढ़कर एक भोजपुरी, लोक और भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने चर्चित गीत "ए गणेश के पापा", "पियवा से पहिले हमार रहलू", "नथुनिया पे गोली मारे" के साथ-साथ लोकगीत "सिया खेले रंगवा अवध में होलिया खेले रंगवा", "जोगीरा सररर...", "कौन बोलेगा मित्र तोड़, कौन बोलेगा मोर..." और "बोले रे माई बकरिया, मोर बेटवा के काटता..." गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

जैसे ही उन्होंने "जोगीरा सररर..." और "कमरिया करे लपलप..." गीत गाना शुरू किया, पूरा पंडाल तालियों और सीटियों से गूंज उठा। युवा मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर नाचते नजर आए, जबकि महिलाएं और बुजुर्ग भी गीतों पर तालियां बजाते दिखे। वहीं "बम-बम बोल रहा है काशी..." भक्ति गीत ने पूरे यज्ञ परिसर को भक्तिमय माहौल में बदल दिया। कार्यक्रम के दौरान कल्पना पटवारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इमामगंज आकर उन्हें काफी अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि बिहार में कई बार कार्यक्रम करने आई हूं, लेकिन गया जिले के इमामगंज में पहली बार आने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि अपने करियर के शुरुआती दिनों में इमामगंज को नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में सुना करती थीं, इसलिए यहां आने से पहले मन में थोड़ा डर भी था। लेकिन यहां आने के बाद उनकी सोच पूरी तरह बदल गई।

उन्होंने कहा कि यहां के लोग के साथ रहते हैं। मुझे यहां लोगों का अपार प्यार और सम्मान मिला। मैं दूसरे कलाकारों से भी कहना चाहूंगी कि इस इलाके को लेकर मन में किसी तरह का डर न रखें। यहां के लोग कलाकारों को दिल से सम्मान देते हैं। यज्ञ समिति की ओर से भोजपुरी स्टार गायिका का फूल-मालाओं और अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को लेकर पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल रहा। आसपास के कई गांवों से भारी संख्या में लोग कार्यक्रम देखने पहुंचे थे। देर रात तक सड़कें लोगों की भीड़ से भरी रहीं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, नालंदा में टक्कर के बाद मोटर साइकिल में लगी आग



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा के बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन एनएच-20 पर दीपनगर थाना क्षेत्र के सकरौल गांव के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित स्कॉर्पियो की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक में भीषण आग लग गई।

**रॉन्ग साइड का कहर**: प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्कॉर्पियो चालक गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से गाड़ी चला रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार युवक को उसने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक सवार युवक सड़क से दूर जा गिरा और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद बाइक में आग लग गई, जिसे स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बुझाया। हालांकि तब तक बाइक पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था।

**ग्रामीणों ने चालक को खदेड़ कर पकड़ा**: घटना के बाद स्कॉर्पियो पर सवार पांच लोग वाहन छोड़कर भागने की कोशिश करने लगे। हालांकि, गाड़ी के रेडिएटर में रिसाव होने के कारण स्कॉर्पियो ज्यादा दूर नहीं जा सकी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पीछा किया और चालक को दबोच लिया, जबकि गाड़ी में सवार अन्य चार लोग मौके से फरार होने में सफल रहे। ग्रामीणों ने पकड़े गए चालक को सूचना पर पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले की पुष्टि करते हुए दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम और पहचान के लिए बिहार शरीफ स्थित मॉडल अस्पताल भेज दिया है। स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया गया है और चालक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि फरार अन्य लोगों की पहचान कर जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आज "गया जी के धरोहर को जानो" कार्यक्रम का आयोजन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया जी**। "कला ज्योति संस्कारशाला" का पिछले 17मई से 30मई तक ग्रीष्मकालीन नाट्य नृत्य चित्रकला मूर्ति कला प्रशिक्षण स्थानीय रामचंद्रसिंह वन माली बाबा कन्या उच्च प्लस टू विद्यालय में संचालित जाने माने रंगकर्मी शम्भू प्रसाद उर्फ़ शम्भू सुमन के निर्देशन में पिछले 2023से प्रति वर्ष आयोजित निःशुल्क किया जा रहा है। जिसमें आज "गया जी के धरोहर को जानो" कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ३०बच्चियों ने स्थापत्य कला से जुड़े 1909 में निर्मित टीलहा धर्मशाला से धरोहर यात्रा की शुरुआत किया गया ,जिसमें विवेक आनंद, युवराज रंजन, रंगकर्मी शम्भू सुमन, दीपिका कुमारी, शिल्पा कुमारी, आराध्य नयन, लाडली कुमारी, शोभा कुमारी, चांदनी कुमारी, खुशी कुमारी, प्रिय रिमझीम कुमारी, सोहनी कुमारी, अंजलि कुमारी, दिव्या कुमारी, सोनल कुमारी, सलोनी सिंह, हनी बरनवाल, प्रीति कुमारी, ख़ुशवू कुमारी, रिशु कुमारी, आस्था कुमारी,कोमल कुमारी,परी कुमारी,पूजाकुमारी, साक्षी कुमारी, नेहा कुमारी, परि कुमारी, फूरूटी कुमारी, श्रुति कुमारी, आदर्श आदि लोग शामिल हुए। जो टीलहा धर्म से निकल कर, जल धरोहर जिसमें नहाने से चमड़े का संक्रमण दूर होता जो मिनिस्ट्रल क्लब जो विकास भवन के पास है का उन्नत करने का माँग माननीय बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री डॉ प्रेम कुमार जी के समक्ष धरोहर बचाने का आग्रह किया । साथ ही बापू की अस्थि कलश भारत में 4जगहो में रखा है, उसमें एक गया। माननीय अध्यक्ष महोदय विधानसभा डॉ प्रेम कुमार ने सारे कलाकारों को मुँह मीठा कराते हुए, आस्वत किया की एक दो दिनों में गया D M से बात कर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा। साथ कलाकारों के अभ्यास के लिये स्थान उपलब्ध कराने के माँग को भी सहानभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन माननीय बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार जी के द्वारा कला ज्योति संस्कारशाला के माध्यम से बच्चियों में कला का संस्कार भरने की लंबे समय 2003 से लगातार कोशिश प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय वी एन गुज़र जी से हम अकादमिक अध्ययन किया और शम्भु प्रसाद उर्फ़ शम्भू सुमन ने कला का प्रशिक्षण लिया, आज एक नेक रंगकर्मी भारत भर के लिए हैं। रंगकर्मी शम्भू सुमन ने डायट परिसर में नर्गिस दत्त की माँ जद्दन बाई की हेवली काँटा स्टेट जो डायट के प्राचार्य डॉ अजय शुक्ला द्वारा गिराये जाने पर दुःख व्यक्त किया और आने वाले दिनों और भी शहर के जल धरोहर, टीलहा धर्मशाला जैसे धरोहर को बचाने की माँग माननीय से किया गया।

# गयाजी में जवानों-विद्यार्थियों ने 8 किमी लंबी रैली निकाली







सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया जी**। गयाजी में आज "फिट इंडिया मूवमेंट" के तहत एक साइकिल रैली हुई। यह रैली 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), गया और क्षेत्रक मुख्यालय (वि.प्र.) गया के संयुक्त देखरेख में हुई। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना था। "फिट इंडिया मूवमेंट" के 75वें संस्करण के अंतर्गत आयोजित इस रैली में एसएसबी के अधिकारियों, जवानों और स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली 29वीं वाहिनी मुख्यालय परिसर धनावां से शुरू होकर खटकाचक, गया तक लगभग 8 किलोमीटर की दूरी तय की। यह आयोजन कमांडेंट कुणाल, 29वीं वाहिनी एसएसबी गया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित किया**: रैली के दौरान प्रतिभागियों ने फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और बलकर्मियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में अनियमित दिनचर्या और बढ़ते तनाव के कारण लोग कई बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। ऐसे में साइकिलिंग, योग और नियमित व्यायाम जैसी गतिविधियां स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। साइकिल चलाने से न केवल शरीर फिट रहता है और मानसिक तनाव कम होता है, बल्कि यह पर्यावरण को भी प्रदूषण मुक्त रखने में सहायक है।

**जवानों-विद्यार्थियों में खासा उत्साह दिखा**: रैली में जवानों और विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। प्रतिभागियों ने पूरे मार्ग में अनुशासन के साथ साइकिल चलाते हुए "फिट इंडिया, हेल्दी इंडिया" का संदेश दिया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करते हैं।

इस अवसर पर अबनीश यादव, उप कमांडेंट, रवि भूषण, उप कमांडेंट, 29वीं वाहिनी एसएसबी गया और श्री रवि शेखर झा, उप कमांडेंट (संचार), क्षेत्रक मुख्यालय (वि.प्र.) एसएसबी गया सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। बलकर्मियों और स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अधिकारियों ने बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य केवल शारीरिक फिटनेस तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में सकारात्मक सोच, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में घायल हुआ यूवक

**प्रतिनिधि राजपुर**– राजपुर नासरिगंज पथ पर सबेया टोला के नजदीक शनिवार को दोपहर सड़क दुर्घटना में एक युवक बुरी तरह घायल हो गया.जिसकी सूचना पुलिस को देते हुए स्थानीय लोगों द्वारा उपचार हेतु उसे राजपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया.जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया. घटना को लेकर कुछ देरी तक अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल कायम रहा. घायल को मदद करने वाले राजपुर निवासी समाजसेवी सुधांशु सिंह यादव, दयालगंज निवासी जय प्रकाश यादव समेत स्थानीय लोगों ने बताया कि जीवन व मौत से जुझ रहे घायल युवक काफी देरी तक एम्बुलेंस में लदा पडा रहा.अनजान व्यक्ति होने के कारण पुलिस को उसके साथ चौकीदार को भेजना था,लेकिन मौके पर कोई चौकीदार मौजूद नहीं होने के कारण एम्बुलेंस को काफी देरी तक अस्पताल परिसर में खड़ा रहना पडा.मौके पर मौजूद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस को बिना चौकीदार ईलाज के लिए रवाना किया. बाद में सुधांशु व जय प्रकाश अपनी निजी वाहन से चौकीदार को लेकर घायल युवक को ईलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे. युवक की पहचान चितौखर गांव निवासी सुदाम सिंह यादव के बेटा मिथलेश कुमार के तौर पर हुई है.

### फाईन के साथ छः लोगों पर बिजली चोरी का प्राथमिकी दर्ज

**प्रतिनिधि राजपुर**– स्थानिय विधुत विभाग टीम द्वारा क्षेत्र के रामोडिह एवं राजनडिह गांव में बिजली चोरी के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया.इस दौरान छः घरों में मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते पकड़ा गया.जिनके विरूद्ध भारी फाईन के साथ राजपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है.जानकारी देते हुए विभाग के जेई शनि कुमार गुप्ता ने बताया कि कर्मियों के जांच के दौरान रामोडिह निवासी संजय कुमार राय, मो सलाहुद्दीन अंसारी व राजनडिह गांव निवासी दिलिप सिंह, धर्मेंद्र सिंह एवं जन्नत अंसारी,कासीम अंसारी को अपने घर मीटर बाईपास करके विधुत चोरी करते पाया गया.इन सभी को आर्थिक दण्ड निर्धारित करते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है.

### बकरी चोरी कर भाग रहे चोरों का पीछा करने में युवक घायल

**करगहर (रोहतास)**। स्थानीय बाजार स्थित चेत पांडेय नाला के समीप रविवार को दिनदहाड़े बकरी चोरी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। बकरी लेकर भाग रहे बाइक सवार चोरों का पीछा करने के दौरान पशुपालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करगहर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार करगहर निवासी रौशन कुमार की बकरी नाला के पास घास चर रही थी। इसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार दो युवक अचानक पहुंचे और बकरी उठाकर फरार होने लगे। घटना देख रौशन कुमार ने तुरंत बाइक से चोरों का पीछा शुरू कर दिया। तेज रफ्तार के कारण पांडेय पुल के समीप बने ब्रेकर पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इधर मौका पाकर दोनों चोर बकरी लेकर फरार हो गए। चिकित्सकों के मुताबिक रौशन कुमार के बाएं हाथ की हड्डी टूट गई है तथा पैर में भी गंभीर चोट आई है। स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। घटना को लेकर पीड़ित पशुपालक ने अज्ञात बाइक सवार चोरों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### शोक सभा की गई आयोजित

**बिक्रमगंज /रोहतास** : इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के संस्थापक,पूर्व सांसद सह सहकारिता आंदोलन के पुरोधा सहकारिता सम्राट स्वर्गीय तपेश्वर सिंह के बड़े दामाद तथा इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज की पूर्व प्राचार्या डॉ. माधुरी सिंह के पति इंजीनियर मिथलेश कुमार सिंह का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया । उनका निधन बिक्रमगंज प्रखंड अंतर्गत पैतृक गांव गोटपा स्थित आवास पर हुआ। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । उनके निधन से स्वजन,रिश्तेदार,शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय परिवार स्तब्ध हो गए ।स्वर्गीय मिथलेश कुमार सिंह का व्यक्तित्व बेहद सरल,सौम्य एवं मिलनसार माना जाता था । वे सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने वाले जागरूक एवं सम्मानित व्यक्ति थे। सहकारिता सम्राट स्वर्गीय तपेश्वर सिंह के परिवार से जुड़े होने के कारण क्षेत्र के लोग उन्हें विशेष सम्मान की दृष्टि से देखते थे । उनके निधन को शिक्षा,समाज एवं सहकारिता परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है ।इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई । शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि स्वर्गीय मिथलेश कुमार सिंह अत्यंत सज्जन,कर्मठ एवं अनुशासित व्यक्तित्व के धनी थे । उनका व्यवहार सभी के प्रति आत्मीयता से भरा रहता था । उन्होंने कहा कि सहकारिता सम्राट स्वर्गीय तपेश्वर सिंह के आदर्शों और सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा । शोक सभा के दौरान महाविद्यालय के सभी व्याख्याता,शिक्षकेत्तर कर्मी एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे । सभी ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की ।

> शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से की प्रार्थना

### एसपी को पत्र लिखकर आर.डी.एस.कॉलेज के समीप लगे सड़क जाम से निजात दिलाने की मांग की

**कटिहार**। जिला परिषद के उपाध्यक्ष इशरत प्रवीण ने पुलिस अधीक्षक कटिहार को पत्र लिखकर सालमारी आर.डी.एस. कॉलेज के समीप लगे सड़क जाम से निजात दिलाने की मांग की है।जिला परिषद के उपाध्यक्ष इशरत प्रवीण ने पुलिस अधीक्षक को दिये पत्र में जिक्र किया है कि प्रत्येक रविवार को सालमारी आरडीएस कॉलेज के समीप सड़क पर लंबी जाम लग जाने के कारण यातायात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सालमारी आरडीएस कॉलेज के समीप सड़क पर प्रत्येक रविवार को लगभग दिन भर जाम की समस्या लगी रहती है। जिसके कारण इस सड़क से आम लोगों का गुजरना बहुत बड़ी मुसीबत जैसा हो जाता है। चिलचिलाती धूप में जाम में दो- ढाई- तीन घंटे तक लोग तथा वाहन जाम में फंसे रहते हैं। जिसके कारण गर्मी के मौसम में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिला परिषद की उपाध्यक्ष इशरत प्रवीण का कहना है कि आरडीएस कॉलेज सालमारी के समीप चौतरफा मुख्य सड़क जाती है। बारसोई, कटिहार, सालमारी, आजमनगर, बलिया बेलोन की ओर जाने वाली सबसे महत्वपूर्ण चौराहा माना जाता है। इस चौराहे से होकर कटिहार से लोग बारसोई, बलरामपुर, आबादपुर की ओर जाते हैं। यही मुख्य सड़क पश्चिम बंगाल जाने के लिए उपयोग किया जाता है। इस सड़क से राहगीर एवं वाहन से लोग हरिशचंद्रपुर,कुमेदपुर, चांचल, मालदा की ओर जाते और आते हैं। इसी सड़क से बलिया बेलोन थाना क्षेत्र के 12 पंचायत के लोग का आवाजाही का मुख्य सड़क माना जाता है। बारसोई से आजमनगर जाने के लिए मुख्य सड़क माना जाता है। बारसोई से कटिहार जाने का मुख्य सड़क माना जाता है। बरसोई से पूर्णिया जाने के लिए यह सड़क महत्वपूर्ण माना जाता है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरती है। खास कर रविवार के दिन इस सड़क पर और भी आवाजाही बढ़ जाती है। क्योंकि सालमारी बाजार में विभिन्न क्षेत्र से मरीज डॉक्टर को दिखाने के लिए आते हैं।मरीज सवार ऐम्बुलेंस को भी इस सड़क से गुजरने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिला परिषद की उपाध्यक्ष इशरत परवीन कहती है कि जिला प्रशासन को चाहिए कि खास कर रविवार के दिन सुबह से लेकर देर शाम तक इस मुख्य सड़क पर यातायात सुचारू ढंग से चले, इसके लिए विशेष व्यवस्था करने की जरूरत है, ताकि इस सड़क से लोग आराम से गुजार सके और अपनी यात्रा पूरी कर सके।

## पथ निर्माण मंत्री ई. शैलेंद्र कुमार डेहरी पहुंचे

# सड़क-जाम की समस्या दूर करने का दिया भरोसा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**डेहरी ऑन सोन (रोहतास)**। बिहार के पथ निर्माण मंत्री ई. शैलेंद्र कुमार शनिवार को पहली बार मंत्री बनने के बाद रोहतास जिले के डेहरी पहुंचे। तरारी के विधायक विशाल प्रशांत के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने जिले में सड़क, पुल-पुलिया और जाम की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का आश्वासन दिया। मंत्री ने बताया कि पद संभालने के बाद से वे लगातार बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इसका उद्देश्य विभाग से जुड़ी जनसमस्याओं को जमीनी स्तर पर समझना है। इसी कड़ी में उनका डेहरी आगमन हुआ।

**प्रमुख समस्याओं की समीक्षाः** मंत्री शैलेंद्र ने विभागीय अधिकारियों से बात कर जिले की प्रमुख समस्याओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार नई योजनाएं शुरू की जाएंगी और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाएगा। जाम की समस्या से निपटने के लिए विशेष योजना बनाई जाएगी ताकि बेहतर यातायात सुविधा सुनिश्चित हो सके। मंत्री ने दोहराया कि बिहार सरकार आम जनता को बेहतर सड़क सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में रोहतास जिले में सड़क और पुल निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने स्वीकार किया कि जिले में पुल-पुलिया की कमी और जाम की समस्या लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। विभाग इन समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से समाधान करेगा।

**भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस** : मंत्री ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और आगे भी जारी रहेगा। बिहार में जो भी पुल-पुलियों के गिरने की घटना हुई है, उसकी जांच के बाद जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके ऊपर निश्चित रूप से सरकार कठोर कार्रवाई करेगी। किसी भी तरह का भ्रष्टाचार सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। मंत्री ने डेहरी शहर के लिए स्थानीय लोगों द्वारा बताई गई समस्याओं पर ध्यान देकर पूरा कराने का आश्वासन दिया। डेहरी के मुख्य पथ पर अतिक्रमण हटाने, फुटपाथ निर्माण कराने एवं चौड़ीकरण की मांग पर भी उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

**वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात** : डेहरी पहुंचने पर मंत्री ने सबसे पहले भाजपा और जनसंघ से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने पार्टी द्वारा आयोजित दीनदयाल पंडित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। मंत्री ने कहा कि संगठन और कार्यकर्ताओं के सुझाव सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने में महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवसर पर तरारी के विधायक विशाल प्रशांत, भाजपा कार्यकर्ता, विभागीय अधिकारी और स्थानीय नेता उपस्थित थे।

## डेहरी-नासरीगंज मार्ग पर हादसा

# कार की टक्कर से 9 वर्षीय बच्ची गंभीर घायल



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी ( रोहतास)**। जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र के पड़ुहार गांव के समीप मुख्य सागर रविवार को डेहरी-नासरीगंज मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार स्विफ्ट कार की चपेट में आने से 9 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार BR 24 AF 0180 नंबर की स्विफ्ट कार डेहरी से नासरीगंज की ओर जा रही थी। इसी दौरान पीपीसीएल कॉलोनी डिहरी से बस द्वारा मंगराव जा रही बच्ची पानी लेने के लिए सड़क पार कर रही थी और कार की चपेट में आ गई।

हादसे के समय मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बच्ची को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, करकट पुर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची का दाहिना पैर फ्रैक्चर, चोट हो गया है और बाएं पैर में भी गंभीर चोटें आई हैं। हालत नाजुक देख उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने आज शाम 5 बजे बताया कि घायल बच्ची की पहचान सृष्टि कुमारी, पिता आलोक उपाध्याय, ग्राम मंगराव, थाना कच्छवा के रूप में हुई है। बच्ची अपनी मां के साथ ननिहाल पीपीसीएल कॉलोनी से अपने गांव मंगराव लौट रही थी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर थाना लाइ है। मामले की जांच की जा रही है।

## तरारी विधायक विशाल प्रशांत पांडेय ने की समाजसेवी मुन्ना सिंह से मुलाकात



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। आरा के तरारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विशाल प्रशांत पांडेय सासाराम के मोरसराय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी मुन्ना सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात पूरी तरह से आत्मीय और पारिवारिक माहौल में हुई। विधायक विशाल प्रशांत पांडेय का समाजसेवी मुन्ना सिंह से गहरा व्यक्तिगत लगाव है और वे उन्हें आदरपूर्वक 'चाचा' कहकर संबोधित करते हैं। मुलाकात के दौरान विधायक ने मुन्ना सिंह द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक और जनसेवा के कार्यों की जमकर सराहना की।

विधायक ने कहा कि मुन्ना सिंह जिस निस्वार्थ भाव से आम जनता और जरूरतमंदों की सेवा में लगे रहते हैं, वह बेहद सराहनीय और अनुकरणीय है। उनकी इस सेवा भावना को देखकर क्षेत्र के लोग भी काफी खुश और उत्साहित हैं। विधायक ने मुन्ना सिंह के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि समाज को ऐसे समर्पित व्यक्तित्वों की अत्यंत आवश्यकता है जो बिना किसी स्वार्थ के लोगों के सुख-दुख में खड़े रहते हैं। इस मौके पर कई स्थानीय गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित थे।

# 2 जून को लगेगा सहयोग शिविर, पंचायत स्तर पर हीं मिलेगा विभागीय लाभ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम /रोहतास**। ग्रामीण उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा "पंचायतवार बिजली समाधान सहयोग शिविर" की शुरुआत की गई है। यह शिविर 2 जून को रोहतास जिला अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में आयोजित किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अपने गांव के निकट ही विभागीय सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। विभाग की इस पहल का उद्देश्य बिजली सेवाओं को अधिक सरल, सुलभ एवं जनोन्मुख बनाना है।

विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने इस संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी नोडल सहायक विद्युत अभियंताओं एवं कनीय विद्युत अभियंताओं को निर्देश दिया कि सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का मानक कार्य प्रणाली (एसओपी) के तहत त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिकायतों एवं आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता देने पर बल दिया।

**02 जून को इन पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविरः**

| | |
|---|---|
| नोखा – मौडीहा | शिवसागर – पड़री |
| बिक्रमगंज – खैराभुधर | रोहतास - बकनौरा |
| सासाराम – करसेरुआ | काराकाट -सोनवर्षा |
| दिनारा – अकोढ़ा | नासरीगंज - धनाव |
| दावथ – शिवोबहार | नौहट्टा - यदुनाथपुर |
| सूर्यपुरा – शिवोबहार | तिलौथू - चितौली |
| करगहर – शिवन | अकोढ़ीगोला - पकड़िया |
| कोचस – कपसिया | डेहरी - गंगौली |

विभाग की इस पहल के तहत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत सरकार भवनों में विशेष सहयोग शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में बिजली बिल सुधार, नया विद्युत कनेक्शन, स्मार्ट प्रीपेड मीटर सहायता, मीटर खराबी, बकाया भुगतान, लोड वृद्धि, विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों सहित अन्य तकनीकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त शिविर के दौरान उपभोक्ताओं को ऊर्जा संरक्षण, सुरक्षित विद्युत उपयोग, स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लाभ तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

विद्युत विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पंचायत में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें तथा अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें। विभाग का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पारदर्शी, सरल एवं सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे पंचायत स्तर पर ही अधिकांश समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो सके।

# गुरुकुल स्कूल सुंदरगंज शाखा में प्रथम पीटीएम का सफल आयोजन, अभिभावकों ने की सराहना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**अकबरपुर (रोहतास)**। गुरुकुल स्कूल की सुंदरगंज शाखा में शनिवार को निदेशक आर.पी. सिंह एवं सचिव सह प्रधानाध्यापक कुमार सविनय की देखरेख में प्रथम अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।

यह पीटीएम विद्यालय की नई शाखा में आयोजित पहला अभिभावक सम्मेलन था, जिसमें बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, अनुशासन एवं विद्यालय गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर किड्स से लेकर वर्ग आठवीं तक के विद्यार्थियों के फर्स्ट एसेसमेंट परीक्षा परिणाम भी घोषित किए गए। पीटीएम में लगभग 400 अभिभावकों ने भाग लिया तथा विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन एवं नए परिसर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया।

विद्यालय परिसर में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम, उपस्थिति, कक्षा प्रदर्शन एवं सुधार संबंधी सुझाव अभिभावकों को दिए गए। अभिभावकों ने विद्यालय के सकारात्मक वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था की प्रशंसा की। विद्यालय के निदेशक आर.पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के आपसी समन्वय से ही विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य संभव है।

वहीं सचिव सह प्रधानाध्यापक कुमार सविनय ने कहा कि नई शाखा में अभिभावकों का उत्साह एवं विश्वास विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों को बेहतर शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कार प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में सचिव कुमार सविनय द्वारा सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## बिक्रमगंज नगर के द डिवाइन पब्लिक स्कूल ने अपनी उपलब्धियों का परचम लहराया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास** : नई दिल्ली में आयोजित साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के 28 वें वार्षिक इंटरनेशनल अवार्ड सेरेमनी में बिक्रमगंज नगर के द डिवाइन पब्लिक स्कूल ने अपनी उपलब्धियों का परचम लहराया । विद्यालय के निदेशक अखिलेश कुमार को "बेस्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर अवार्ड" तथा शिक्षक अमित कुमार को "बेस्ट इंटरनेशनल टीचर अवार्ड" से सम्मानित किया गया । समारोह के दौरान अखिलेश कुमार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश विजय बिश्नोई ने सम्मानित किया, जबकि शिक्षक अमित कुमार को सीबीएसई सचिव एवं आईएएस अधिकारी हिमांशु गुप्ता के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया । राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस उपलब्धि से पूरे शाहाबाद क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है । द डिवाइन पब्लिक स्कूल लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय पहचान बना रहा है । विद्यालय के विद्यार्थियों की सफलता एवं शिक्षकों की मेहनत का ही परिणाम है कि संस्था को देशभर के प्रतिष्ठित मंचों पर सम्मान प्राप्त हो रहा है । विद्यालय के निदेशक अखिलेश कुमार ने कहा कि यह सम्मान विद्यालय परिवार की सामूहिक मेहनत और विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है । उन्होंने कहा कि द डिवाइन पब्लिक स्कूल का लक्ष्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों एवं प्रतिस्पर्धात्मक माहौल के लिए तैयार करना है । उन्होंने इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

# देर रात सड़क पर उतरे डीएम-एसपी, मलमास मेला को लेकर अलर्ट मोड में प्रशासन, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का लिया जायजा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। राजकीय मलमास मेला-2026 में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। सुरक्षा और व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के उद्देश्य से 23 मई की देर रात जिला पदाधिकारी (डीएम) कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक(एसपी) भारत सोनी ने खुद मोर्चा संभाला। दोनों अधिकारियों ने राजगीर स्थित ब्रह्मकुंड परिसर, आवासन स्थलों और पूरे मेला क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेले में तैनात दंडाधिकारियों और पुलिस बल की मुस्तैदी की जांच की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी कहा कि विधि-व्यवस्था में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्यूटी से गायब रहने वाले या काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**श्रद्धालुओं से जाना हाल-चालः** डीएम और एसपी ने खुद आवासन स्थलों पर जाकर श्रद्धालुओं से बातचीत की। उन्होंने ठहरने, साफ-सफाई, शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का फीडबैक लिया। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की ओर की गई बेहतर व्यवस्थाओं की सराहना की। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर स्तर पर श्रद्धालुओं को सहयोग प्रदान किया जाए ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**भीषण गर्मी से राहत के लिए विशेष इंतजामः** प्रशासन ने भीषण गर्मी को देखते हुए व्यापक तैयारी की है। जिग-जैग कतारों में खड़े श्रद्धालुओं के लिए पानी और मिस्ट कूलर, मिस्ट फैन एवं मिस्ट स्प्रे की



व्यवस्था की गई है। साथ ही, एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भक्ति गीतों का प्रसारण कर माहौल को आध्यात्मिक और उत्साहपूर्ण बनाया गया है।

**सेवा की मिसाल बने आपदा मित्रः** मेला क्षेत्र में आपदा मित्रों की भूमिका सराहनीय रही है। बुजुर्ग और असहाय श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर के माध्यम से ब्रह्मकुंड तक पहुंचाने और स्नान कराने में तत्परता से जुटे हैं। इसके अलावा, कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के जरिए भीड़ और यातायात पर पैनी नजर रखी जा रही है।

**स्वास्थ्य सुविधाओं का पुख्ता बंदोबस्तः** श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए जगह-जगह हेल्थ कैंप और एंबुलेंस की सुविधा मुहैया कराई गई है, जहां निशुल्क दवाइयों और इलाज की व्यवस्था है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, वरीय उपसमाहर्ता (स्थापना), अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक की टक्कर से 4 साल के बच्चे की मौत

**बांका ।** झारखंड के गोड्डा जिले के बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमानपुर मुख्य सड़क मार्ग पर हुए सड़क हादसे में बांका जिले के रजौन प्रखंड के नवादा थाना क्षेत्र के परसौटीपुर गांव निवासी 4 वर्षीय बच्चे कन्हैया पासवान की मृत्यु हो गई। कन्हैया अपने नाना अशोक पासवान के घर सिमानपुर में रहकर पढ़ाई करता था। शनिवार शाम वह सड़क किनारे खड़ा था, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। प्रारंभ में परिजनों ने बच्चे का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया था। हालांकि, पुलिस के समझाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। बलबड्डा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### राजस्व विभाग का प्रशिक्षण

**अररिया ।** अररिया समाहरणालय स्थित परमान सभागार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने की। यह प्रशिक्षण राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना के सेवानिवृत्त अपर सचिव राधा मोहन प्रसाद द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी विनोद दूहन ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित कार्य सीधे आम जनता से जुड़े होते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से अधिकारियों और कर्मियों को अपने कार्यों के निष्पादन में व्यावहारिक अनुभव और नई जानकारी मिलेगी, जिससे वे आम लोगों को बेहतर सेवा प्रदान कर सकेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त अपर सचिव राधा मोहन प्रसाद ने अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ अपने लंबे प्रशासनिक अनुभव साझा किए। उन्होंने भूमि विवादों के निष्पादन, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, जमाबंदी, भू-अभिलेख संधारण और अन्य राजस्व संबंधी मामलों को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। प्रशिक्षण में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त अपर सचिव राधा मोहन प्रसाद ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित कई पुस्तकें लिखी हैं। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अपनी एक लिखित पुस्तक जिलाधिकारी को भेंट की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया। इसमें अपर समाहर्ता अररिया, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अररिया, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा शनिवार रात करीब 9 बजे प्रेस रिलीज जारी कर दी गई।

### आंधी-बारिश से पेड़ उखड़े, घर क्षतिग्रस्त

**अररिया ।** अररिया जिले में तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। हवा के तेज झोंकों से कई पेड़ उखड़ गए, फूस के घर क्षतिग्रस्त हुए और सड़कों पर जलजमाव हो गया। जिले के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। सबसे ज्यादा नुकसान फारबिसगंज प्रखंड के सदर रोड क्षेत्र में हुआ। यहां एक विशाल पीपल का पेड़ तेज हवा के झोंके से गिर गया, जिससे आधा दर्जन से अधिक दुकानें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के समय दुकानदार दुकानों के अंदर मौजूद थे, लेकिन सौभाग्य से किसी को गंभीर चोट नहीं आई। पेड़ गिरने से सदर रोड पूरी तरह बंद हो गया, जिससे लंबा ट्रैफिक जाम लग गया और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली के तार भी टूट गए, जिससे पूरे इलाके में अंधेरा छा गया। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। बारिश थमते ही राजस्व पदाधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य टीमें मौके पर पहुंचीं। क्षतिग्रस्त दुकानों और सड़क से पेड़ हटाने का काम तेजी से शुरू किया गया। देर रात तक सड़क को आवागमन के लिए सुचारू कर दिया गया। जिले के अन्य इलाकों में भी आंधी-बारिश का असर देखा गया। कई मोहल्लों और गांवों से पेड़ टूटने, फूस के घरों के उड़ जाने और पानी भर जाने की सूचनाएं मिली हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इस क्षेत्र में अचानक मौसम बदला और तेज हवा के साथ भारी बारिश हुई। रविवार सुबह अररिया जिले में मौसम शुष्क है, हालांकि आसमान में घने काले बादल छाए हुए हैं। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और मौसम संबंधी अपडेट लेते रहने की सलाह दी है। जिला प्रशासन ने प्रभावित लोगों को सहायता पहुंचाने और क्षति का आकलन कर जल्द मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया है।

### पड़ोसी से झगड़े के बाद किशोर लापता

**भागलपुर ।** भागलपुर के सबौर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपुर गांव वार्ड संख्या-12 निवासी स्व. भोला पासवान का 13 साल का बेटा मोनू कुमार लापता है। इस कारण परिजनों में चिंता का माहौल है। परिजनों के अनुसार 21 तारीख की रात घर के पास स्थित बगीचे में गांव के ही सुशील पासवान और उसके बेटे विक्की कुमार ने मोनू के साथ मारपीट की थी। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बचाया था। इसके बाद मोनू घर पर सोया था, लेकिन अगले दिन सुबह वह घर से गायब मिला। आज चौथा दिन है, लेकिन काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। मामले को लेकर उसकी मां ने सबौर थाना में आवेदन देकर बेटे के अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस से बरामदगी और आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार पर भी चिंता व्यक्त की है। लापता किशोर मोनू कुमार की मां रिंकी देवी ने बताया कि मारपीट के बाद 21 तारीख की सुबह जब वह काम पर जाने की तैयारी कर रही थीं, तो मोनू घर में नहीं मिला। तब से लगातार उसकी तलाश की जा रही है, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। रिंकी देवी ने आशंका जताई कि उनका बेटा किसी मुसीबत में है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सबौर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। महिला ने पुलिस से जल्द से जल्द बेटे को सकुशल बरामद करने की मांग की है।

### मैट्रिक पास छात्रा ने की आत्महत्या

**बांका ।** बांका में शनिवार शाम एक 16 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बेलहर थाना क्षेत्र के मथुरा गांव की है। मृतक छात्रा की पहचान मथुरा गांव निवासी मुकेश शाह की बेटी मोनिका कुमारी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर बेलहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने वैज्ञानिक जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया है। रविवार की सुबह शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शनिवार शाम वह घर में अकेली थी। उसके पिता टोटो चलाने गए थे, मां पूजा कुमारी खेत पर थीं, और छोटे भाई-बहन ट्यूशन पढ़ने गए हुए थे। इसी दौरान मोनिका ने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। शाम को जब परिवार के सदस्य घर लौटे, तो उन्होंने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। कई बार आवाज लगाने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोला और मोनिका को पंखे से लटका हुआ पाया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। परिजनों के लिखित आवेदन के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। परिजनों ने बताया कि मोनिका ने इसी वर्ष मैट्रिक परीक्षा पास की थी और इंटर में नामांकन के लिए आवेदन किया था। वह तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। पिता मुकेश शाह ने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और बेटी ने यह कदम क्यों उठाया, यह उनकी समझ से परे है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच पड़ताल कर रही है।

# डीवीसी में बिहार बिजली मजदूर यूनियन का 14वां राज्य सम्मेलन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**भागलपुर ।** भागलपुर के बरारी स्थित डीवीसी परिसर में आज बिहार बिजली मजदूर यूनियन का 14वां राज्य सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में बिजली विभाग से जुड़े कर्मियों, यूनियन प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बिजली कर्मियों की समस्याओं, उनके अधिकारों की सुरक्षा, संगठन की मजबूती और बिजली क्षेत्र से जुड़े वर्तमान हालात पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि बिजली कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठित होना समय की आवश्यकता है। कर्मचारियों के हितों की रक्षा, सेवा शर्तों में सुधार और कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाओं की मांग को लेकर यूनियन की भूमिका को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और अधिक से अधिक कर्मचारियों को यूनियन से जोड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार बिजली मजदूर यूनियन के भागलपुर जिला अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद यादव ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सभी बिजली मजदूर संगठनों और कर्मचारियों को एक मंच पर लाकर एकजुट करना है। मजदूरों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और संगठित संघर्ष के माध्यम से ही कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान संभव है। सम्मेलन में बिजली क्षेत्र में संभावित निजीकरण की आशंकाओं पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि यदि बिजली सेवाओं का संचालन निजी कंपनियों को सौंपा जाता है, तो इसका असर कर्मचारियों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से बिजली व्यवस्था को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखने की मांग की। साथ ही बिजली दरों में लगातार हो रही वृद्धि पर चिंता जताते हुए उपभोक्ताओं को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई गई। सम्मेलन के अंत में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संयुक्त रूप से संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधियों ने संगठन की मजबूती को ही कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी बताया। बिहार बिजली मजदूर यूनियन के भागलपुर जिला अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद यादव ने कहा कि वर्तमान समय में बिजली क्षेत्र के निजीकरण की आशंका को लेकर कर्मचारियों के बीच चिंता है। उन्होंने कहा कि कुछ निजी कंपनियों की गतिविधियों और सर्वे कार्यों को देखते हुए ऐसी संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं। उनका मानना है कि यदि बिजली व्यवस्था निजी हाथों में जाती है, तो कर्मचारियों और उपभोक्ताओं दोनों के सामने नई समस्याएं खड़ी हो सकती हैं।

# नगर निगम क्षेत्र मे जागरूकता कार्यक्रम चलेगा




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय ।** बेगूसराय दधीचि देहदान समिति के जिला कार्यकारिणी की बैठक आज मुगेरीगंज स्थित भारत विकास परिषद के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर निगम के उप मेयर अनिता राय ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र मे जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए। इसमें सभी वार्ड पार्षदों से सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही महीना में एक बार सांगठनिक बैठक होनी चाहिए। पूर्व मेयर आलोक कुमार अग्रवाल ने हर संभव सहयोग करने का वादा किया। उन्होंने पूर्व की गतिविधियों की सराहना की है। दिलीप कुमार सिन्हा ने कहा कि हम अपनी गलतियो से सीखते है। अभियान के दौरान आलोचना से घबराने की जरूरत नहीं है। बैठक में कॉलेजों में छात्र-छात्राओं और हेड मास्टर के बीच जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अभियान के लिए सोनू सरकार को संयोजक बनाया गया। बैठक में समिति के जिलाध्यक्ष सुशील राय ने संगठन के हो रहे विस्तार की सराहना की। बैठक का संचालन कर रहे सचिव निरंजन कुमार सिन्हा ने जून में राजकुमार गुप्ता के आवास पर बैठक रखने का प्रस्ताव रखा। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया है।

# बदमाश ने चलती ट्रेन से बैग ट्रैक पर फेंका

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर ।** भागलपुर-नाथनगर रेलखंड पर चलती ट्रेन में एक महिला यात्री का बैग गिराने का मामला सामने आया है। घटना के बाद नाथनगर रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा हुआ। स्थानीय लोगों ने आरोपित युवक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। बाद में सूचना मिलने पर आरपीएफ मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। महिला साहिबगंज से ट्रेन से यात्रा कर रही थी। इसी दौरान ट्रेन में आइसक्रीम बेचने वाले एक युवक पर आरोप है कि उसने महिला के बैग को पैर से धक्का देकर भागलपुर और नाथनगर स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर गिरा दिया। महिला का आरोप है कि बैग में नकदी, आधार कार्ड, नए कपड़े सहित अन्य सामान रखे हुए थे। उसी युवक ने एक अन्य यात्री के नींबू से भरे बोरे को भी ट्रेन से नीचे गिरा दिया, जिसमें करीब 500 से 600 नींबू थे। नाथनगर स्टेशन पहुंचने पर महिला के शोर मचाने पर यात्रियों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और आरोपित युवक को पकड़ लिया गया। फिलहाल आरपीएफ पूरे मामले की जांच कर रही है। पीड़िता नेहा साव ने बताया कि वह झारखंड के साहिबगंज से जमालपुर जा रही थीं। यात्रा के दौरान उनका बैग सीट के पास रखा हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रेन में मौजूद युवक ने पहले उनका ध्यान भटकाने की कोशिश की और बैग की जिप खुली होने की बात कही। इसके बाद मौका पाकर उसने बैग को ट्रेन से नीचे गिरा दिया। बैग में नकदी, आधार कार्ड, नए कपड़े समेत अन्य जरूरी सामान रखे हुए थे। उन्होंने कहा कि बैग गिरने से उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ है और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। मामले पर जीआरपी थानेदार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# महाकाल दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर ।** भागलपुर के कैंप जेल स्थित पंचमुखी हनुमान दरबार से आज महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग (उज्जैन) और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए 71 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। रवाना होने से पहले सभी श्रद्धालुओं ने पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुखद यात्रा की कामना की। यात्रा का नेतृत्व संस्था के संचालक प्रशांत कुमार सन्री सरीन कर रहे हैं। संस्था की ओर से लक्की ड्रॉ के माध्यम से पांच श्रद्धालुओं को मात्र एक रुपये में यात्रा करने का अवसर दिया गया, जिसकी लोगों ने सराहना की। आयोजकों ने बताया कि यह यात्रा 24 तारीख को रवाना हुई है और 29 तारीख तक सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी का प्रयास रहेगा। जत्थे में यात्रियों के साथ वॉलिंटियर्स और भोजन बनाने वाले कुक भी शामिल हैं। संस्था के संचालक प्रशांत ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मिनरल वाटर, नाश्ता, भोजन, एसी वाहनों, बेहतर होटलों और मेडिकल सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एक बैकअप गाड़ी भी साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में पांच लोगों से इस धार्मिक यात्रा की शुरुआत की गई थी, जो आगे बढ़कर 101 श्रद्धालुओं तक पहुंची। उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को बाबा महाकाल और ओंकारेश्वर के दर्शन से जोड़ना है। उन्होंने भागलपुरवासियों से धार्मिक यात्राओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग महाकाल की कृपा से जुड़े रहें और हर-हर महादेव का जयघोष करते रहें।

# शहर में बस स्टैंड निर्माण को लेकर नगर परिषद-प्रशासन आमने-सामने

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया ।** अररिया जिला बनने के 36 साल बाद भी शहर में स्थायी बस स्टैंड का निर्माण नहीं हो सका है। हजारों यात्री प्रतिदिन सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं। यहां बैठने, शौचालय और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इस मुद्दे को भास्कर द्वारा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद नगर परिषद और प्रशासन के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद गौतम साह ने बताया कि नगर परिषद के पास अपनी भूमि न होने के कारण स्थायी बस स्टैंड नहीं बन पाया है। गौतम साह ने आगे बताया कि वर्तमान में जहां बसें खड़ी होती हैं, वहां अतिक्रमण के कारण वाहन सड़क पर ही रहते हैं, जिससे लगातार जाम की समस्या बनी रहती है। उन्होंने कहा, "यदि अतिक्रमण हटा दिया जाए तो यात्रियों को काफी राहत मिल सकती है, लेकिन कार्यपालक अभियंता और सिविल एसडीओ अतिक्रमण हटाने से बच रहे हैं।" साह ने आरोप लगाया कि शहर की सड़कों पर अतिक्रमण कर दुकानें चलाई जा रही हैं। चांदनी चौक से बाजार तक सड़क पर अतिक्रमण है, जिससे बड़े शिवालय और बिहार की सबसे बड़ी मस्जिद के पास चार पहिया वाहनों का गुजरना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि सिविल एसडीओ को मौखिक रूप से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था, जिस पर उन्होंने गोढ़ी चौक के बाद इस क्षेत्र में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, यह कार्रवाई कब होगी, इस पर अनिश्चितता बनी हुई है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि अतिक्रमण मुक्त अररिया बनाने की बातें तो सभी करते हैं, लेकिन अधिकारी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। नेशनल हाईवे की सर्विस सड़क पर भी अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है। नगर परिषद के इस बयान के बाद प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय जनता अब चाहती है कि प्रशासन और नगर परिषद दोनों मिलकर भूमि चिन्हित करें और जल्द से जल्द अतिक्रमण मुक्त स्थायी बस स्टैंड का निर्माण कराएं, ताकि यात्रियों को रोजाना होने वाली परेशानी से मुक्ति मिल सके। वही अतिक्रमण को लेकर सदर एसडीओ बलवीर दास ने बताया की लगातर बैठक कर प्रोपजल बनाया जा रहा है। सब्जी दुकानदार के लिए उचित स्थान , टोटो टेम्पू के लिए व बजार से साइड जगह को चिन्हित करने की तयारी चल रही है। जिसके बाद शहर को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा।

# बरौनी डेयरी के पानी से 100 एकड़ उपजाऊ जमीन बर्बाद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय ।** बेगूसराय में बरौनी डेयरी से छोड़े जा रहे पानी के कारण स्थानीय किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। करीब 100 बीघा उपजाऊ कृषि भूमि पूरी तरह जलमग्न हो गई है। प्रभावित किसानों ने अब प्रशासन और डेयरी प्रबंधन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का मूड बना लिया है। स्थानीय ग्रामीणों और किसानों के अनुसार बरौनी डेयरी पिछले 50-60 वर्षों से संचालित हो रही है, लेकिन समस्या पिछले 15 वर्षों में तब गंभीर हुई जब प्रबंधन ने अपने परिसर के पास स्थित पुराने पोखर को बंद कर दिया। इसके बाद, डेयरी का सारा पानी दूसरे पोखर में डाइवर्ट कर दिया गया। पानी की मात्रा अधिक होने के कारण यह पोखर ओवरफ्लो हो जाता है। यह पानी आसपास के खेतों, विशेषकर बांस के खेतों और उपजाऊ जमीनों में फैल जाता है। किसानों का कहना है कि अंग्रेजों के जमाने में इस क्षेत्र की जमीन का इस्तेमाल नील की खेती के लिए किया जाता था, जो इसकी उच्च गुणवत्ता को दर्शाता है। लेकिन आज डेयरी के रसायन युक्त और अत्यधिक पानी के कारण यह अनमोल जमीन बर्बाद हो रही है।

**ब्लॉक से लेकर मुख्यालय तक चक्कर काट रहे हैं :** पीड़ित अजय कुमार राय ने बताया कि हम सब किसान तीन प्रमुख मांग लगातार प्रशासन के सामने रख रहे हैं। बरौनी डेयरी अपने पानी के भंडारण और निकासी की उचित व्यवस्था करे, जिससे किसानों के खेत में पानी नहीं भरें। 2013-14 में एक बार मुआवजा दिया गया था। उसके बाद से कोई सहायता नहीं मिली। किसान अब तक हुए नुकसान के उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जो जमीनें पानी के ठहराव के कारण बंजर हो चुकी हैं, उन्हें दोबारा खेती योग्य बनाने के लिए सरकार और डेयरी प्रबंधन आर्थिक सहायता प्रदान करे। इस समस्या से सबसे ज्यादा नुकसान छोटे और सीमांत किसानों को हो रहा है। कई किसानों के पास कुल जमा दो से चार कट्ठा जमीन ही है, वह भी पूरी तरह पानी में डूबी हुई है। मेरे हिस्से की एक बीघा तीन कट्ठा जमीन में से एक बीघा जमीन पूरी तरह पानी में विलीन हो चुकी है। परिवार के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इस समस्या के समाधान के लिए ब्लॉक स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक के चक्कर काटे हैं। सीओ, बीडीओ, डीईओ और डीएम को आवेदन दे चुके हैं। फिर भी कुछ नहीं हुआ है।

**आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला :** वहीं, पैक्स अध्यक्ष कौशल किशोर ने बताया कि स्थानीय विधायक, सांसद और मंत्रियों तक लिखित आवेदन दिए जा चुके हैं। हर जगह से सिर्फ जांच और कार्रवाई का आश्वासन मिला, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। डेयरी प्रबंधन इस मामले में पूरी तरह से टालमटोल का रवैया अपनाए हुए है। जिम्मेदारी लेने से साफ इंकार कर रहा है। समय-समय पर अधिकारी सर्वे करने आते हैं, लेकिन फाइलें दफ्तरों में ही दबी रह जाती हैं। अगर जल्द ही बरौनी डेयरी के पानी की निकासी का कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया और किसानों को मुआवजा नहीं मिला, तो क्षेत्र के सैकड़ों किसान उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

**जल्द होगा समस्या का समाधान :** इस संबंध में डीएम श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

# काली प्रतिमा स्थापना का तीसरा वर्षगांठ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मुंगेर ।** मुंगेर जिले के बरियारपुर प्रखंड अंतर्गत रतनपुर पंचायत के चिरैयाबाद गांव में बड़ी काली प्रतिमा स्थापना की तीसरी वर्षगांठ मनाई जा रही है। इस अवसर पर तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसकी शुरुआत रविवार को कलश शोभा यात्रा के साथ हुई। कलश शोभा यात्रा का आरंभ मुंगेर जिला मुख्यालय स्थित बबुआ घाट से हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। इसके बाद, शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु वाहनों से पाटम दुर्गा स्थान पहुंचे। यहां से 211 महिलाओं ने भीषण गर्मी के बीच नंगे पांव अपने सिर पर कलश लेकर पैदल यात्रा की। यह कलश यात्रा पाटम दुर्गा स्थान से शुरू होकर जमालपुर प्रखंड क्षेत्र के पाटम पश्चिमी पंचायत के बरईचक गांव से होते हुए आगे बढ़ी। इसके बाद, आदर्श ग्राम पंचायत इटहरी के अहरा पाटम गांव, इटहरी, काजीचक और चिरैयाबाद गांव से गुजरते हुए बड़ी काली मंदिर पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर थिरकते हुए चल रहे थे। डेरा क्षेत्र से आए घोड़ों को भी भक्ति धुनों पर नचाया गया। ढोल-नगाड़े, डीजे और निशान यात्रा भी इस शोभा यात्रा का हिस्सा थे। भीषण गर्मी और उमस के बावजूद, ग्रामीणों ने अपने घरों के सामने पानी का छिड़काव कर श्रद्धालुओं को राहत प्रदान की। आयोजक समिति के सदस्यों ने भी पानी के छिड़काव के लिए टैंकर की व्यवस्था की थी, जो यात्रा के साथ चल रहा था। वही शोभा यात्रा का समापन होने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच फल और शरबत का वितरण किया गया। जबकि पंचायत में कई जगहों पर स्थानीय लोगों के द्वारा जगह-जगह पर ठंडा पानी और शरबत का स्टॉल लगाया गया था। कमेटी सदस्यों के द्वारा बताया गया कि 25 मई को मां काली प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा और उसके बाद मंदिर परिसर में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की जाएगी और अखंड 24 घंटे का रामधन यज्ञ का शुरुआत करने के साथ ही मेला परिसर का उद्घाटन किया जाएगा। जबकि 26 मई को अखंड राम धुन यज्ञ का समापन होने के साथ ही सभी कलश का शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया जाएगा। इस मौके पर जहां श्रद्धालुओं के बीच खीर का भोग प्रसाद के रूप में वितरण किया जाएगा। वहीं महा भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद को ग्रहण करेंगे। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर पूरे आसपास के क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### साइबर थाना के डीएसपी को पीरो एसडीपीओ पद का प्रभार

**आरा**| तीन एसडीपीओ की फर्जी स्थानांतरण पत्र सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में पीरो के एसडीपीओ कार्यालय के रीडर रामनंद मंडल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस मुख्यालय ने नयी कार्रवाई किया है। एसडीपीओ केके सिंह को पुलिस मुख्यालय में क्लॉज कर दिया गया। उनके जगह पर विभागीय आदेश से साइबर थाना के थानाध्यक्ष सह डीएसपी स्नेह सेतु को पीरो एसडीपीओ का प्रभार दिया गया है। जांच में पाया गया था, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल फर्जी ट्रांसफर लेटर भोजपुर जिले के पीरो एसडीपीओ कार्यालय से तैयार किया गया था। इसके बाद साइबर थाना की टीम ने गुरुवार की शाम को ही कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ कार्यालय में तैनात रीडर रामानंदन मंडल को फिंगर प्रिंट और अन्य साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार कर लिया था।

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा व श्रीराम कथा महायज्ञ की धूम

**आरा** । आरा जगदीशपुर अनुमंडल के ककिला पंचायत स्थित महा टाटी ग्राम में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है। यहाँ श्री हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और भव्य श्री राम कथा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय यह धार्मिक अनुष्ठान 18 मई 2026 (सोमवार) से शुरू हुआ है, जिसका समापन 24 मई 2026 को होगा। इस महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में भारी उत्साह और भक्ति का माहौल है।महायज्ञ में आस-पास के दर्जनों गांवों से श्रद्धालु मंडप फेरी, वेदी पूजन, नवग्रह स्थापन और विशेष हवन कार्य में भाग लेने पहुँच रहे हैं।

### 26 मई से भोजपुर के सभी प्रखंडों में लगेगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर

**आरा** । जिले के सभी प्रखंडों में दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यूडीआईडी) उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष शिविर लगाया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, समाहरणालय आरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह शिविर 26 मई से 3 जून तक आयोजित होगा। शिविर का संचालन विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय एवं सहयोग से संबंधित प्रखंड कार्यालय परिसरों में किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 मई को आरा सदर, कोईलवर एवं उदवंतनगर, 27 मई को गड़हनी एवं अगिआंव, 29 मई को सहार एवं संदेश, 30 मई को बड़हरा एवं तरारी, 1 जून को चरपोखरी एवं पीरो, 2 जून को जगदीशपुर तथा 3 जून को बिहियां एवं शाहपुर प्रखंड में शिविर लगाया जाएगा। जिला प्रशासन ने शिविर के सफल संचालन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग को निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभुक शिविर से वंचित न रहे। लाभुकों के लिए नाश्ता-पानी की भी रहेगी व्यवस्था प्रशासन की ओर से शिविर स्थल पर आने वाले दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। सभी शिविर स्थलों पर नाश्ता, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन का मानना है कि शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सहूलियत मिलेगी तथा यूडीआईडी प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया आसान होगी। प्रशासन ने जिले के सभी दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों से कहा गया है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने संबंधित प्रखंड कार्यालय पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं और आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं।

### विस्थापित 34 परिवारों को भूमि आवंटित

**आरा**| जिलाधिकारी तनय सुलतानिया के निर्देशानुसार अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के तहत आरा सदर अंचल अंतर्गत जमीरा क्षेत्र में विस्थापित 34 परिवारों को भूमि आवंटित की गयी है। यह पहल प्रभावित व भूमिहीन परिवारों को आवास व स्थायी बसावट की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। अभियान के दौरान अतिक्रमित भूमि को चिन्हित कर आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण की गयी और पात्र परिवारों को भूमि उपलब्ध करायी गयी। इस कार्य में आरा सदर के अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मियों व अन्य संबंधित अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही।

### 12 साल की बच्ची की मौत

**आरा** । भोजपुर में सांप के काटने से एक बच्ची की मौत हो गई। दो महीना पहले ननिहाल आई थी। मृतका की पहचान बड़हरा के पैगा निवासी शेषनाथ पासवान की पुत्र स्नेहा कुमारी(12) के तौर पर हुई है। पांचवीं क्लास में पढ़ती थी। घटना बिहियां थाना क्षेत्र के खरौनी गांव की है। मामा मुकेश कुमार पासवान ने बताया कि उनके घर में शादी थी। जिसको लेकर दो महीना पहले वह अपने घर से ननिहाल आई थी। घर में ही बाथरूम जा रही थी, उसी दौरान विषैले सांप ने उसे डस लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। आनन-फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृत किशोरी तीन भाई-बहन में तीसरे नंबर पर थी। माता-पिता की इकलौती लाडली थी। परिवार में मां बिंदा देवी, भाई रितिक और बंटी है। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं वीरांगनाओं को किया जाएगा सम्मानित

**ब्रह्मपुर** | गौरीशंकर परिसर में आयोजित ब्रह्मपुर महोत्सव के अन्तर्गत ब्रह्मपुर प्रक्षेत्र के वीर गति को प्राप्त सेना के जांबाज जवानों के वीरांगनाओं का ब्रह्मपुर पीठाधीश्वर आचार्य धर्मेन्द्र द्वारा 26 मई को बहुमान किया जाएगा। बता दें की हर साल की भाती इस साल भी कला, साहित्य, शिक्षा, संस्कृति, अध्यात्म विज्ञान समन्वय, कृषि, पशुपालन के क्षेत्र में रचनात्मक कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित किया जाएगा। आचार्य धर्मेंद्र ने बताया कि समाज में किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले सम्मानित लोगों का बहुमान करना चाहिए।

### सड़क हादसे में जख्मी अधेड़ की मौत

**आरा** । भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर बाजार पर सड़क हादसा हुआ। इसमें जख्मी अधेड़ की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में रविवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव निवासी स्व. नथुनी सिंह के 46 साल का बेटा सुनील सिंह है। वह पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के छोटे भाई पिंटू कुमार ने बताया कि बीते 21 मई बुधवार की सुबह वह उदवंतनगर बाजार पर सामान खरीदने गए थे। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। तब स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी ले जाया गया था। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए रेफर कर दिया गया था। हालांकि परिजन सदर अस्पताल ना लाकर उन्हें पटना में स्थित निजी अस्पताल ले गए थे। जहां इलाज के दौरान आज सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन उनके शव को वापस गांव ले आए और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक अपने पांच बहन व तीन भाई में सातवें स्थान पर थे।

# स्टेशन पर लॉकेट छीनने वाला युवक अरेस्ट, बच्ची के गले पर मारा झपट्टा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सतर्कता से एक बड़ी चोरी की वारदात टल गई। प्लेटफॉर्म पर खड़ी पैसेंजर ट्रेन में एक बच्ची के गले से सोने का लॉकेट झपटकर भाग रहे युवक को आरपीएफ की विशेष टीम ने पीछा कर पकड़ लिया। बाद में आरोपी को बरामद लॉकेट के साथ जीआरपी थाना बक्सर को सौंप दिया गया।

**स्टेशन परिसर में निगरानी और गश्त :** यह घटना आरपीएफ बक्सर के निरीक्षक प्रभारी कुंदन कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' अभियान के दौरान हुई। इस अभियान के तहत स्टेशन परिसर में लगातार निगरानी और गश्त की जा रही थी। उप निरीक्षक विजेंद्र मुवाल, सहायक उप निरीक्षक उमेश कुमार राय, आरक्षी दीपक कुमार और आरक्षी करण सिंह की एक विशेष टीम गश्त पर थी।

**प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर हुई घटना :** इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर खड़ी एक पैसेंजर ट्रेन से अचानक यात्रियों के बीच 'चोर-चोर' का शोर सुनाई दिया। आवाज सुनते ही आरपीएफ टीम तुरंत सक्रिय हो गई और प्लेटफॉर्म नंबर दो और तीन के बीच भाग रहे एक संदिग्ध युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम चंदन कुमार (लगभग 28 वर्ष), ग्राम गगोरा, थाना औद्योगिक, जिला बक्सर निवासी बताया। उसी समय पीछे से दौड़ते हुए यात्री राजेश पटेल, निवासी उजियार कुतुबपुर, थाना नरही, जिला बलिया भी मौके पर पहुंचे।

**यात्रियों के शोर मचाने से पकड़ा गया :** राजेश पटेल ने आरपीएफ को बताया कि उनकी पत्नी गोद में बच्ची को लेकर ट्रेन में बैठी थीं। इसी दौरान आरोपी ने बच्ची के गले में पहना हुआ सोने का लॉकेट झपट्टा मारकर तोड़ लिया और भागने लगा। यात्रियों के शोर मचाने पर आरपीएफ जवानों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। आरपीएफ टीम ने जब आरोपी चंदन कुमार की तलाशी ली, तो उसकी जेब से एक सोने का लॉकेट बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने पैसों के लालच में इस चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद, आरपीएफ ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की और आरोपी चंदन कुमार को बरामद लॉकेट के साथ अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी थाना बक्सर के हवाले कर दिया। स्टेशन पर आरपीएफ की इस त्वरित कार्रवाई की यात्रियों ने सराहना की है।

## शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा इग्नू: डॉ ई कृष्णा राव




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र, एमवी कॉलेज बक्सर (0591) के तत्वावधान में जनवरी 2026 सत्र में नव नामांकित शिक्षार्थियों के लिए परिचय सत्र का आयोजन महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय के मानस सभागार में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नव प्रवेशित शिक्षार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। इस अवसर पर पटना क्षेत्रीय केंद्र से क्षेत्रीय निदेशक डॉ ई. कृष्णा राव एवं डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ जेपी ओझा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो कृष्णा कांत सिंह ने की। कार्यक्रम में अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. रास बिहारी शर्मा, अध्ययन केंद्र के सभी कर्मचारीगण एवं शिक्षार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन अरुण कुमार ओझा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि विश्वामित्र एवं मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वागत संबोधन एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए समन्वयक डॉ रास बिहारी शर्मा ने परिचय सत्र की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षार्थियों को इग्नू की अध्ययन प्रणाली, भविष्य में आने वाली संभावित कठिनाइयों तथा उनके समाधान की प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## नई आशा केन्द्र पर महिलाओं को कौशल व शिक्षा के लिए किया प्रेरित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोईलवर** । कोईलवर गीधा अवस्थित 'अलका सिलाई सह पढ़ाई केन्द्र' पर सामाजिक संस्था 'नई आशा' की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को शिक्षा के साथ कौशल विकास के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री, स्नैक्स तथा "स्माइलिंग बॉल" का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ किसी हुनर का होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सिलाई जैसे कौशल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने स्वच्छता एवं महिला शिक्षा पर भी जोर देते हुए कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। 'एसटीपीएल एक्सक्यूटिव लेडीज क्लब' की सचिव सीमा सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और कौशल दोनों मिलकर बेहतर भविष्य की राह खोलते हैं। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहीं महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कौशल की जानकारी देते

## सोन नदी में डूबे छात्र के पिता ने लगाई गुहार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा** । भोजपुर जिले के कोइलवर पुराने पुल के पास सोन नदी में एक माह पहले डूबने से छात्र मो. साकिब की मौत हो गई थी। इस मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। मृतक के पिता ने इस घटना को महज हादसा मानने से इनकार कर दिया है। उन्होंने बेटे के दोस्तों पर साजिश के तहत नदी में डुबोकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने पुलिस प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगाते हुए कहा है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कार्रवाई नहीं होने से खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने से मौत का प्रतीत होता है, लेकिन सभी बिंदुओं पर जांच जारी है।

**घर से बुलाकर बेटे को ले गया था :** जानकारी के अनुसार एक अप्रैल की दोपहर सकड्डी गांव वार्ड संख्या-7 निवासी मो. महायुद्दीन का पुत्र मो. साकिब अपने कुछ दोस्तों के साथ सोन नदी किनारे फोटो शूट कराने गया था। इसी दौरान नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई थी। पिता ने उसी समय थाना में आवेदन देकर सुरौंधा कॉलोनी निवासी तीन युवकों पर बेटे को घर से बुलाकर ले जाने और फिर नदी में डुबोकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी भी दर्ज की थी।

**हैदर लड़की लेकर भागा था :** मो. महायुद्दीन का आरोप है कि उनके बेटे और उसके दोस्त हैदर के बीच करीब एक वर्ष पहले गांव में नाश्ते की दुकान पर मामूली विवाद हुआ था। इसके बाद उन्होंने अपने बेटे को हैदर के साथ रहने से मना कर दिया था। करीब छह माह पहले हैदर एक लड़की को लेकर भाग गया था। बाद में पकड़े जाने पर लड़की के परिजनों ने उसकी पिटाई की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। आरोप है कि उनके बेटे मो. साकिब ने भी वह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसी बात को लेकर हैदर उनके बेटे से रंजिश रखता था। उसी दुश्मनी में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर साकिब की हत्या कर दी।

**एसपी को आवेदन देने के बाद भी कुछ नहीं हुआ :** पीड़ित पिता ने बताया कि वह इस मामले में दो बार पुलिस अधीक्षक से मिलकर लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इधर, कोइलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले के सभी पहलुओं की जांच कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## जनता दरबार, भूमि विवाद के छह मामलों का मौके पर हुआ निष्पादन

**कोईलवर** । स्थानीय अंचल सभागार में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जहां भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार की अध्यक्षता अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी ने की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने जमीन संबंधी विवादों को लेकर अपना आवेदन प्रस्तुत किया। जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए। सुनवाई के दौरान राजस्व कर्मियों एवं संबंधित थाना प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मामलों की जांच की गई। इनमें से छह मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जिससे फरियादियों को राहत मिली। वहीं शेष चार मामलों में आवश्यक कागजातों एवं अभिलेखों की जांच के लिए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई। लंबित मामलों में कोईलवर का एक, बबुरा थाना क्षेत्र के दो तथा चांदी थाना क्षेत्र का एक मामला शामिल है।

# किला मैदान की धूल पर सियासत तेज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर** । बक्सर में सम्राट चौधरी के दौरे के दौरान किला मैदान में उनके हेलीकॉप्टर का धूल और मिट्टी के कारण लैंड न कर पाना अब राजनीतिक मुद्दा बन गया है। इस घटना के बाद सांसद सुधाकर सिंह ने राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन पर निशाना साधा है। सांसद सुधाकर सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक लंबी पोस्ट साझा की। उन्होंने कहा कि जिस किला मैदान की धूल ने मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर को उतरने नहीं दिया, उसी धूल को बक्सर की जनता वर्षों से अपने फेफड़ों में भरने को मजबूर है। उन्होंने आगे कहा कि शायद पहली बार सत्ता की नजर उस बदहाल व्यवस्था पर पड़ी होगी, जिसे आम लोग रोज झेलते हैं।

**किला मैदान को बताया सांस्कृतिक धड़कन :** अपनी पोस्ट में सुधाकर सिंह ने किला मैदान को बक्सर शहर की सामाजिक और सांस्कृतिक धड़कन बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मैदान केवल खेलकूद का स्थल नहीं है, बल्कि हजारों लोगों की दिनचर्या और शहर की पहचान से जुड़ा हुआ है। प्रतिदिन सुबह यहां बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बच्चे वॉकिंग, दौड़ और व्यायाम करने आते हैं। खिलाड़ी भी इसी मैदान में अपने सपनों को साकार करते हैं। इसके अतिरिक्त, दशहरा के समय ऐतिहासिक रामलीला का आयोजन भी इसी मैदान में होता है।

**सरकार की प्राथमिकताओं में कभी शामिल नहीं रहा मैदान :** सांसद ने आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकताओं में किला मैदान कभी शामिल नहीं रहा। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव के समय भी उन्होंने किला मैदान के सुनियोजित विकास और सौंदर्यीकरण की बात उठाई थी, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। सुधाकर सिंह ने मांग की कि किला मैदान को आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मैदान में बेहतर रनिंग ट्रैक, खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं, हरियाली, बैठने की समुचित व्यवस्था और नियमित रखरखाव होना चाहिए। इससे आम लोग सम्मानपूर्वक सुबह-शाम वहां समय बिता सकेंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार की संवेदनशीलता शायद तभी जागती है जब असुविधा सीधे सत्ता तक पहुंचती है। उन्होंने लिखा कि आज हेलीकॉप्टर नहीं उतर पाया तो पहली बार एहसास हुआ होगा कि बक्सर की जनता किन परिस्थितियों में जीवन जी रही है। इस घटना के बाद शहर में किला मैदान की बदहाल स्थिति को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि वर्षों से मैदान में धूल, असमान जमीन और रखरखाव की कमी की समस्या बनी हुई है।

## सॉफ्ट टॉय मेकिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । जन शिक्षण संस्थान बक्सर द्वारा आज महिला मंडल कक्ष, बक्सर में सॉफ्ट टॉय मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना है।कार्यक्रम में संस्थान के प्रशिक्षकों ने प्रतिभागी महिलाओं को सॉफ्ट टॉय निर्माण की बारीकियों की जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं अपने घर पर ही छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू कर सकती हैं और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं।उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्रदान करते हैं। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इसे भविष्य में उपयोगी बताते हुए सराहना की। कार्यक्रम का संचालन जन शिक्षण संस्थान बक्सर के सहयोग से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और प्रशिक्षण की शुरुआत को लेकर खुशी व्यक्त की।

## ब्रह्मपुर अंचल कार्यालय में जनता दरबार, कई भूमि विवाद मामलों का निष्पादन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**ब्रह्मपुर** । ब्रह्मपुर ब्रह्मपुर अंचल कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी खुशबू खातून की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं अतिक्रमण सहित कई मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि कई मामलों में जांच-पड़ताल, स्पॉट वेरिफिकेशन एवं संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर अगली तिथि पर सुनवाई के लिए सुरक्षित रखा गया। अंचलाधिकारी खुश्बू खातून ने बताया कि सहयोग शिविर में प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित चार मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें दो मामलों का निष्पादन कर दिया गया, जबकि दो मामलों को स्पॉट वेरिफिकेशन के लिए भेजा गया है। वहीं ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर से प्राप्त दो मामलों की सुनवाई कर निष्पादन किया गया तथा दो मामलों को स्थल जांच के लिए भेजा गया। इसके अलावा बगेन गोला थाना क्षेत्र से प्राप्त एक भूमि विवाद मामले में जांच-पड़ताल के बाद अगली तिथि को सुनवाई के लिए सुरक्षित रखा गया है। जनता दरबार में अंचलाधिकारी खुश्बू खातून के नेतृत्व में नैनीजोर थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बैठा, ब्रह्मपुर एवं बगेन गोला थाना पुलिस की उपस्थिति में मामलों की सुनवाई की गई।

# डेढ़ वर्ष पुराने अविश्वास प्रस्ताव मामले में हुआ मतदान, जय कुमारी की सदस्यता समाप्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा** । सदर आरा प्रखंड में लगभग डेढ़ वर्ष से न्यायालय में लंबित प्रमुख पद के अविश्वास प्रस्ताव मामले का शनिवार को पटाक्षेप हो गया। कृषि भवन सभागार में बैठक में 11 जनवरी 2025 को तत्कालीन प्रमुख जय कुमारी के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर पुनः मतदान कराया गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार दो-तिहाई सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के बाद मतदान की प्रक्रिया पूरी की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी की निगरानी में हुई बैठक में पंचायत समिति के कुल 27 सदस्यों में से 18 सदस्य उपस्थित हुए, जबकि नौ सदस्य अनुपस्थित रहे। आवश्यक कोरम पूरा होने के बाद मतदान कराया गया। मतदान में अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 17 मत पड़े, जबकि एक मत विपक्ष में पड़ा। इस तरह बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया और जय कुमारी के खिलाफ लाया गया प्रस्ताव वैध ठहर गया। जानकारी के अनुसार 11 जनवरी 2025 को तत्कालीन प्रमुख जय कुमारी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराया गया था। उस समय 27 सदस्यीय पंचायत समिति में 17 सदस्य शामिल हुए थे। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 16 तथा विपक्ष में एक मत पड़ा था। इसके बाद दोनों पदों को रिक्त घोषित कर दिया गया था। हालांकि बैठक में दो-तिहाई सदस्यों की उपस्थिति नहीं होने के आधार पर मामला न्यायालय पहुंच गया और इसकी वैधता को लेकर कानूनी विवाद शुरू हो गया था। मामला अंततः सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। न्यायालय के निर्देश के आलोक में शनिवार को पुनः बैठक बुलाकर मतदान कराया गया। सदर प्रखंड की सियासत का घटनाक्रम 11 जनवरी 2025 : प्रमुख जय कुमारी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित। 17 जुलाई 2025 : हाई कोर्ट के निर्देश पर हुए चुनाव में मिनता देवी प्रमुख निर्विरोध निर्वाचित। 23 मई 2026 : सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 11 जनवरी 2025 को लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर पुनः मतदान। मिनता देवी के पक्ष में 17 एवं विपक्ष में एक मतपड़े।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में भीषण गोलीबारी

**मसौढ़ी**! थाना क्षेत्र के मसौढ़ी पितमास पथ स्थित छाता मोड़ के समीप वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच भीषण गोलीबारी होने की खबर है।गोलीबारी की इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं वर्चस्व दिखाने के लिए शनिवार की देर रात 30राउंड से अधिक फायरिंग की। फायरिंग के बाद ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई।ग्रामीण इधर-उधर भागने लगे।करीब एक घंटे तक दोनों तरफ से रुक-रुक कर फायरिंग होती रही।

### मारपीट मामले के आरोपितों के घर चिपकाया गया इश्तेहार, न्यायालय में सरेंडर का निर्देश

**मसौढ़ी**! नगर मुख्यालय के डीह मसौढ़ी मुहल्ले में जानलेवा एवं मारपीट के मामले में पुलिस ने फरार आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।रविवार को मसौढ़ी थाना की पुलिस टीम ने ढोल नगाड़े के साथ डीह मसौढ़ी पहुंचकर आरोपित छोटे पासवान एव रामाशीष पासवान के घरों पर इश्तेहार चिपकाया और उन्हें जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया।

### अवैध मादक पदार्थ तस्कर गिरोह का पर्दाफाश, 500 ग्राम स्मैक, 65,200 रुपये नकद के साथ एक अरेस्ट

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भगवानपुर थाना क्षेत्र में एक बड़े तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 500.4 ग्राम हेरोइन (स्मैक) और 65,200 रुपये नकद के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वैशाली के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। भगवानपुर थाना पुलिस को 24 मई 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि विक्रम कुमार अपने दो साथियों के साथ अपने जीजा शंकर राय के घर हेरोइन लेकर आया है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2, लालगंज के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शंकर राय के बहलोलपुर स्थित घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान, पुलिस ने शंकर राय के घर से 500.4 ग्राम हेरोइन (जिसकी वाणिज्यिक मात्रा है) और 65,200 रुपये नकद जब्त किए। मौके से शंकर राय को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी शंकर राय ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अपने साले विक्रम कुमार और दो अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करता था और मुनाफे को आपस में बांट लेता था। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। वैशाली पुलिस ने इस बड़ी खेप को तस्करी से पहले ही जब्त कर लिया। इस संबंध में भगवानपुर थाना में कांड संख्या 196/26 दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस फरार चल रहे विक्रम कुमार और उसके अन्य दो साथियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### सोनपुर मंडल ने पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया

**हाजीपुर**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विशेष गतिविधियों का आयोजन किया। इस अभियान के तहत मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्थापित प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनों के रखरखाव, कार्यप्रणाली और उपयोगिता की विस्तृत समीक्षा की गई। इसका उद्देश्य प्लास्टिक कचरे का प्रभावी और वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित करना था। इसके साथ ही, रेलवे स्टेशनों पर संचालित वेंडर स्टॉल्स की सघन निगरानी के लिए विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया गया। संबंधित वेंडरों को पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए जागरूक और प्रेरित भी किया गया। सोनपुर मंडल द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखना, प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना तथा यात्रियों एवं आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मंडल प्रशासन ने सभी रेल कर्मचारियों, यात्रियों और आम नागरिकों से प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छ भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है। पूर्व मध्य रेलवे का सोनपुर मंडल पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लगातार मजबूत कर रहा है, ताकि हरित भविष्य की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकें।

### राजद के पूर्व विधायक मुकेश रौशन बोले- लाल या हरे रंग के गमछे पर नहीं होनी चाहिए चर्चा

**हाजीपुर**। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के महुआ से पूर्व विधायक मुकेश रौशन ने वैशाली के भगवानपुर में एक निजी कार्यक्रम के दौरान एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नेता और मंत्री अभी 'हनीमून पीरियड' में हैं और वे गधे पर भी चढ़ सकते हैं। मुकेश रौशन ने यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने की अपील के संदर्भ में की। उनके अनुसार, वर्तमान में नेता और मंत्री एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जहां वे किसी भी हद तक जा सकते हैं, यहां तक कि गधे की सवारी भी कर सकते हैं। अपने बयान में, मुकेश रौशन ने एक और तुलना की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लाल कपड़ा देखकर सांड भड़कता है, ठीक उसी तरह हरा कपड़ा देखकर भाजपाई भड़कते हैं। यह बयान राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। मुकेश रौशन ने बिहार की नई सरकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मंत्री अभी 'हनीमून पीरियड' में हैं। उन्होंने जोर दिया कि यदि वे इस अवधि से बाहर आ गए हैं, तो उन्हें बिहार के शिक्षित बेरोजगार युवाओं की चिंता करनी चाहिए। रौशन ने कहा कि चर्चा लाल या हरे रंग के गमछे पर नहीं होनी चाहिए, बल्कि महंगाई और बेरोजगारी को दूर करने पर होनी चाहिए। उन्होंने बेरोजगारी को 'सबसे बड़ा दल' बताया और सरकार से महंगाई के इस दौर में बेरोजगारों को रोजगार दिलाने पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की।

### झाड़ी में मिला युवक का शव

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में संदिग्ध हालत में एक युवक की मौत हो गई। घर से 300 मीटर की दूरी पर बांस की झाड़ी में शव मिला है। मृतक की पहचान रमाशंकर मिश्रा के पुत्र गुलशन कुमार(25) के रूप में हुई है। घटना मनियारी थाना क्षेत्र के सिलौथ वासुदेव गांव की है। ग्रामीणों के अनुसार, रविवार सुबह कुछ बच्चे सूखी पत्तियां चुनने के लिए बगीचे की तरफ गए थे। इसी दौरान उनकी नजर बांस की झाड़ी में अचेत पड़े गुलशन पर पड़ी। इस हालत में देखकर बच्चे डर गए और चीखने-चिल्लाने लगे। बच्चों की आवाज सुनकर आसपास खेत में काम कर रहे परिजन मौके पर पहुंचे। पिता रमाशंकर मिश्रा ने बताया कि गुलशन बेंगलुरु की एक निजी कंपनी में काम करता था। करीब एक महीने पहले ही घर आया था। रविवार सुबह करीब 8 बजे चाय पीकर घर से टहलने के लिए निकला था। वो मोबाइल पर किसे से बात कर रहा था। ढाई घंटे बाद उसकी मौत की सूचना मिली। गुलशन जब घर से निकला था, तब उसने शर्ट और पैंट पहन रखी थी। लेकिन जहां उसकी लाश मिली, वहां उसका शर्ट शरीर से उतरा हुआ था। बगल में ही मोबाइल पड़ा था। ग्रामीण और परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। जानकारी मिलते ही मनियारी पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत शव को अपने कब्जे में लिया।

### ज्वेलर्स से 3 लाख की लूट, दुकान से घर लौट रहे थे

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में ज्वेलर्स से 3 लाख की लूट हुई है। हथियारबंद अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित की पहचान धीरज कुमार के रूप में हुई है, जो शेरुकाही चौक स्थित 'पारसनाथ ज्वेलर्स' के मालिक हैं। घटना पानापुर करियात थाना क्षेत्र की है। धीरज ने बताया कि शनिवार देर रात दुकान बंद कर हरिदासपुर स्कूल रोड से अपने घर मनपुरा जा रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें रोका। हथियार दिखाकर डराया और उनके पास मौजूद सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग छीन लिया। इसके बाद गन दिखाते हुए फरार हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पीड़ित व्यवसायी से घटना की जानकारी ली। अपराधियों की धरपकड़ के लिए नाकेबंदी शुरू कर दी गई है। अपराधियों का सुराग लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है। अपराधियों की पहचान के लिए तकनीकी सेल की मदद भी ली जा रही है।

# नई गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पर 1 प्रतिशत सेस लगेगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**डिप्टी सीएम ने कहा- अतिरिक्त राशि क्लाइमेट फंड में जमा होगी, पर्यावरण संरक्षण में इस्तेमाल होंगे रुपए**

**पटना**। डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी ने रविवार को जदयू ऑफिस में पीसी की। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमत, बिहार में बढ़ते तापमान, पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था को लेकर बयान दिया। विजय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार एनवायरनमेंट फंड यानी क्लाइमेट फंड बनाया जाएगा। राज्य सरकार के सभी विभागों में 0.25 प्रतिशत सेस लगाया जाएगा। इसके अलावा नई गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पर भी 1 प्रतिशत सेस लिया जाएगा। यह राशि क्लाइमेट फंड में जमा होगी और इसका इस्तेमाल पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए किया जाएगा। इसके अवाला कहा कि पेट्रोल-डीजल की खपत कम करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लोगों से इसकी खपत कम करने की अपील कर चुके हैं। कई देशों की तुलना में भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें नियंत्रित हैं।

**क्या होता है सेसः** जब कोई व्यक्ति बिहार में नई गाड़ी खरीदेगा और उसका रजिस्ट्रेशन करवाएगा, तब सरकार उससे रजिस्ट्रेशन फीस के अलावा अतिरिक्त पैसे भी लेगी। इसी अतिरिक्त पैसे को "सेस" कहा जाता है। डिप्टी सीएम के मुताबिक नई गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पर 1 प्रतिशत सेस लगाया जाएगा। यानी अगर किसी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन अमाउंट 10 लाख रुपए है, तो उसके ऊपर 10 हजार रुपए अतिरिक्त देने पड़ सकते हैं। सरकार का कहना है कि यह पैसा सीधे "क्लाइमेट फंड" में जाएगा।

डिप्टी सीएम ने कहा कि पटना का तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। दिन के समय ऐसी गर्म हवा चल रही है जैसे आग बरस रही हो। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के एक जिले में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में बिहार के लोगों को अभी से सतर्क होने की जरूरत है। विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अगर जलवायु परिवर्तन को लेकर अभी से गंभीर कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में बिहार में भी हालात और खराब हो सकते हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि 2019 में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थे। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरुआत की थी। उस समय मैं विधानसभा अध्यक्ष था और मैंने खुद इस अभियान को गंभीरता से देखा था। अब इस योजना का असर दिखाई दे रहा है। बिहार में भूजल स्तर में सुधार देखने को मिल रहा है और धरती के नीचे पानी की मात्रा बढ़ी है। डिप्टी सीएम ने बिहार के लोगों और उद्योगपतियों से पर्यावरण बचाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी कहते थे कि पृथ्वी का उतना ही उपयोग करना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए भी संसाधन बचे रहें।

# गर्लफ्रेंड की शिकायत पर आरोपी बॉयफ्रेंड गिरफ्तार

## शादी की बात करने पर चाकू से किया था हमला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। IGIMS के सर्जिकल वार्ड के डेटा ऑपरेटर मधेपुरा के मनीष यादव को पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मनीष के खिलाफ उसकी गर्लफ्रेंड ने 21 मई को जबरन शारीरिक संबंध बनाने और हमला करने की शिकायत दर्ज कराई थी। युवक शास्त्री नगर इलाके के मछली गली में साईं बाबा के मंदिर के पीछे रेंट पर रहता है। लड़की ने बताया, 'मेरी उससे दोस्ती अक्टूबर 2025 में IGIMS में काम करने के दौरान हुई थी। बातचीत में हमलोग करीब आते गए। शादी का झांसा देकर तब से मनीष मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। मुझे काम के साथ-साथ पढ़ाई करने में परेशानी आ रही थी इसलिए मैं IGIMS में काम छोड़कर नाला रोड के एक हॉस्टल में शिफ्ट हो गई। वहां SSC की तैयारी के साथ खर्च के लिए एक निजी नर्सिंग होम में पार्ट टाइम जॉब करने लगी। मनीष से फोन पर बातचीत होती थी। मैं शादी के लिए उसपर दबाव दे रही थी।

इसी बीच 20 मई को उसने मुझे मछली गली के रेंट वाले अपनी रूम पर बुलाया। वहां रात 8 बजे मैं पहुंचीं। वह मुझसे शारीरिक संबंध बनाने की जिद्द करने लगा। मैं बोली अब शादी के बाद ही जो करना होगा करते रहना। इसके बाद उसने जबरदस्ती मेरे साथ संबंध बनाया। मुझे उस रात अपने साथ रोकना चाहता था। इसीलिए मेरे कपड़े, पर्स और मोबाइल फोन छीन लिए'। लड़की ने बताया, 'मैं शादी को लेकर बात करना शुरू की तो मेरे ऊपर चाकू से हमले कर दिए। मेरा पर्स, मोबाइल, कपड़े सब छीन लिए। मेरी आवाज सुनकर मकान मालिक, मालकिन और दूसरे रेंटर आ गए। इसके बाद मनीष पीछे हटा। मुझे IGIMS शिफ्ट कराया गया'। लड़की ने पुलिस को बताया है कि उसके माता-पिता नहीं है। पहले ही मौत हो चुकी है।

# पटना जू में दिखेगा दो सिंग वाला सफेद गैंडा, सिंगापुर से पहुंचेगा पटना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना जू में जल्द ही लोगों को नए जानवर देखने को मिलेंगे। दिल्ली और रोहतक जू के बाद अब सिंगापुर से भी जानवर मंगवाने की तैयारी है। पटना जू में दो सिंग वाले सफेद गैंडों का जोड़ा देखने को मिलेगा। इसके बदले में पटना जू से एक सिंग वाले गैंडे का एक जोड़ा सिंगापुर जाएगा। इसके लिए सिंगापुर जू से पटना जू और वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारी बातचीत कर रहें हैं। एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जानवरों की अदला-बदली होगी।

ये दो सिंग वाला गैंडा पानी के जहाज से आएगा। सिंगापुर भारत से जलमार्ग कनेक्टिविटी से भी जुड़ा हुआ है। वहां से समुंद्र मार्ग से ही कोलकाता बंदरगाह तक गैंडा को लाने और वहां से ट्रक पर लादकर सड़क मार्ग से पटना जू लाने की योजना बनाई जा रही है। हवाई मार्ग की बजाय समुंद्र मार्ग के विकल्प को इसलिए तव्ज्जो दी जा रही है, क्योंकि इससे गैंडा को पटना जू लाने या यहां से गैंडा को सिंगापुर जू ले जाने का खर्च बहुत कम हो जाएगा। वर्तमान में पटना जू गैंडों की संख्या के मामले में एशिया में पहले स्थान पर है। वहीं, दुनिया में दूसरे स्थान पर बना हुआ है। पटना जू में इस समय 10 गैंडे हैं, जिनमें छह मादा और चार नर गैंडा शामिल हैं। सभी गैंडे व्यस्क हैं और सबसे छोटे गैंडे की उम्र पांच वर्ष है। पहले स्थान पर अमेरिका के कैलीफार्निया का सेंट डिएगो जू सफारी है।

# बिहार एआई समिटः साइबर सुरक्षा-स्मार्ट गवर्नेंस पर हुई चर्चा, विशेषज्ञों ने दिखाया विजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना में पहली बार आयोजित हो रहे 'बिहार एआई समिट 2026' के दूसरे और अंतिम दिन आज युवाओं, स्टार्टअप्स और तकनीकी विशेषज्ञों का उत्साह देखने को मिला। पहले दिन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा बिहार के लिए जल्द ही 'एआई पॉलिसी' लाने की घोषणा के बाद, आज दूसरे दिन का पूरा सत्र इसके क्रियान्वयन और भविष्य के रोडमैप पर केंद्रित रहा। आज 'लेट्स इंस्पायर बिहार' के संस्थापक विकास वैभव (IPS) ने गया जी से वर्चुअली जुड़कर समिट को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए 'बिहार @ 2047 विज़न डॉक्यूमेंट' में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक प्रमुख टूल माना गया है। इसके जरिए राज्य विकास की दौड़ में लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है।

**आज के तकनीकी सत्रों में एआई के जन बिंदुओं पर हुई चर्चाः** साइबर सुरक्षाः बढ़ते डिजिटल फ्रॉड से निपटने और सुरक्षित डेटा प्रबंधन के लिए एआई टूल्स के इस्तेमाल पर चर्चा हुई।

**स्मार्ट गवर्नेंसः** सरकारी सेवाओं की डिलीवरी को बेहतर बनाने और प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने के तरीकों पर विशेषज्ञों ने अपने फ्रेमवर्क साझा किए।

**हेल्थकेयर और शिक्षाः** बिहार के ग्रामीण इलाकों तक एआई-संचालित स्वास्थ्य सेवाएं और छात्रों के लिए व्यक्तिगत शिक्षण (Personalized Learning) मॉडल्स को जमीन पर उतारने का खाका तैयार हुआ।

**नितेश मिश्रा ने कार्यक्रम को किया संबोधितः** मंत्री नीतीश मिश्रा ने समिट के दौरान देश-विदेश में रह रहे बिहार मूल के प्रवासियों, उद्यमियों और प्रोफेशनल्स से अपनी मातृभूमि की ओर लौटने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार अब सिर्फ कार्यबल देने वाला राज्य नहीं रहेगा, बल्कि इनोवेशन और टेक्नोलॉजी लीडर बनकर उभरेगा। कार्यक्रम में शामिल हुए स्थानीय छात्रों और डेवलपर्स ने कहा कि इस समिट से उन्हें नई तकनीकों को करीब से जानने और समझने का एक शानदार एक्सपोजर मिला है, जो उनके रोजगार और स्टार्टअप के सपनों को नई उड़ान देगा। साथ ही जो विभिन्न स्टार्टअप्स आई है, उनसे भी बात करके बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है।

# पटना के होटल में पिता के सामने बेटी से छेड़खानी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पीड़िता बोली- आधी रात में स्टाफ ने कमरे में आकर हाथ पकड़ा, दूसरे कमरे में शराब पीते पकड़े गए कपल्स**

**पटना**। पटना के होटल में युवती के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित युवती अपने पिता के साथ होटल में रुकी थी। इसी दौरान शनिवार की आधी रात होटल स्टाफ कमरे में घुसा और युवती को हाथ पकड़कर खींचने लगा। पिता की नींद खुली तो स्टाफ भाग गया। पीड़िता के पिता ने बताया कि घटना के बाद बगल में रहे रहे भजीते को मामले की सूचना दी। वो मौके पर पहुंचकर रुपसपुर थाने को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने होटल के कमरों की तलाशी की। इस दौरान 4 लड़कियां और 4 लड़के शराब पीते मिलें, जिन्हें पकड़कर पुलिस थाने ले गई। बेगूसराय की युवती अपने पिता के साथ पॉलिटेक्निक की परीक्षा देने पटना आई थी। एग्जाम देने के बाद वो रात 11 कालिकेट हिडेन विला होटल में कमरा लेकर रुकी।

पीड़िता के पिता ने बताया कि 1000 रुपए में कमरा बुक किया। कमरा नंबर-103 में हम दोनों ठहरे थे। मैं सो गया था। बेटी जगी हुई थी। कमरा अंदर से लॉक नहीं था। इसी बीच रात 12:48 बजे नशे में धुत्त होटल स्टाफ सत्येंद्र कुमार कमरे में घुसा।

मेरी नींद खुली तो देखा कि उसने मेरी बेटी का हाथ पकड़ा है। मैंने उसे बोला क्या बात है, कौन हो तुम, कमरे में कैसे आ गए। इसपर उसने कहा कि बेल बजा रहे थे तो क्यों नहीं उठे आप। वो लड़की के बारे में पूछताछ करने लगा। मैंने जवाब में कहा- लड़की को लेकर कोई डाउट था तो कमरा बुक करते समय आधार कार्ड वेरिफाई कर लेते।

**शराब पीते 4 लड़के- 4 लड़कियां मिलेः** पीड़िता के पिता ने बताया कि घटना की सूचना भतीजे को दी। वो तुरंत होटल पहुंचा। भतीजे ने होटल के काउंटर पर पूछा- कमरे में कौन घुसा था। काउंटर पर बैठे स्टाफ ने कहा कि मालिक का ड्राइवर है। इसके बाद घटना की सूचना डायल-112 को फोन किया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और होटल के सभी कमरों की जांच की। जांच-पड़ताल के दौरान 4 लड़कियां और 4 लड़के शराब पीते मिले। पुलिस के पहुंचते ही होटल मैनेजर फरार हो गया। पुलिस लड़कियों और लड़कों को थाने ले गई।

**लड़के-लड़कियों से हो रही पूछताछः** पुलिस ने होटल के कमरों की जांच की तो कमरों में सामान बिखरे थे। टेबल पर खाने-पीने की चीजें रखी हुई थी। इसके अलावा कुछ आपत्तिजनक सामान भी मिले। पुलिस ने बताया कि पड़के गए लड़के-लड़कियों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने कहा कि एक लड़की पॉलिटेक्निक का एग्जान देने अपने पिता के साथ आई थी। वो होटल में ठहरे थे। रात में एक व्यक्ति कमरे में घुसा और लड़की के साथ छेड़खानी की। इसको लेकर रुपसपुर थाने में FIR दर्ज की गई है। छेड़खानी करने वाला आरोपी सत्येंद्र (31) को गिरफ्तार किया गया है।

# रास बिहारी बोस की जयंती पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता


**पटना**। बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय स्वतंत्रता लीग के संस्थापक, प्रख्यात अधिवक्ता, महान क्रांतिकारी एवं शिक्षाविद् रास बिहारी बोस की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गदर क्रांति से लेकर आजाद हिंद फौज के संगठन को मजबूत करने में रास बिहारी बोस का योगदान अतुलनीय और अविस्मरणीय रहा है। उन्होंने अपने अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और संघर्ष के बल पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा देने का कार्य किया।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में रास बिहारी बोस का त्याग, समर्पण और बलिदान स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने देश की आजादी के लिए न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी रहकर संघर्ष किया और भारतीयों के भीतर राष्ट्रप्रेम की अलख जगाई।

उन्होंने कहा कि रास बिहारी बोस ने कठिन परिस्थितियों में भी मातृभूमि की स्वतंत्रता को सर्वोपरि रखा। उनका जीवन देशभक्ति, साहस और समर्पण की प्रेरणादायक मिसाल है। आज भी युवाओं के लिए उनका संघर्ष और राष्ट्र के प्रति समर्पण प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मां भारती के इस अमर सपूत का राष्ट्र के प्रति प्रेम, त्याग और बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा तथा आने वाली पीढ़ियां भी उनके योगदान को गर्व के साथ याद करेंगी।

# 14 साल का रिकॉर्ड टूटा डेहरी का पारा 45.1 डिग्री

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**खगड़िया-बेतिया में तापमान 40 डिग्री पार, 4 जिलों में हीट वेव, 5 में बारिश का अलर्ट**

**पटना**। मौसम विभाग ने आज 4 जिलों में हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 5 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। यहां गरज के साथ बिजली भी गिर सकती है। करीब 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। रविवार की दोपहर में खगड़िया और बेतिया का अधिकमत तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार हो गया। लोग भीषण गर्मी से बेहाल हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले 5 दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान आंधी-बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है।

बिहार में इस बार मई की गर्मी ने नया इतिहार लिख दिया है। शनिवार को रोहतास के डेहरी 45.1 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा है। ये केवल इस साल का ही नहीं बल्कि 14 साल में मई महीने में सबसे अधिक तापमान है। इससे पहले 22 मई को बिहार का अधिकतम तामपान 44.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। बढ़ती गर्मी की वजह से खगड़िया में स्कूलों की टाइमिंग बदल गई है। अब सभी स्कूल 11 बजे तक संचालित होंगे।

# पटना में गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड पर चाकू से हमला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मोबाइल छिनने का विरोध करने पर बदमाश ने हाथ-पेट में घोंपा, तमाशा देखते रहे लोग**

**पटना**। पटना में मोबाइल छिनने का विरोध करने पर एक कपल पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। पीड़ित नाबालिग के हाथ में चाकू लगा है। पेट में भी खरोंचे लगी है। घटना 13 मई की शाम 5 बजे सिपारा पुल के पास की है, लेकिन इस घटना का वीडियो शनिवार को सामने आया है। आरोपी की पहचान सौरभ के रूप में हुई है। घटना के 11 दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बेउर थाना प्रभारी अफसर हुसैन ने बताया कि इस मामले में एक युवक के खिलाफ नामजद FIR दर्ज की गई है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

**पूरा मामलाः** पटना के सिपारा पुल इलाके में 13 मई की शाम नाबालिग और उसकी गर्लफ्रेंड एक दुकान पर मोमोज खा रहे थे। इसी दौरान सौरभ नामक युवक आया और मोबाइल छीनने की कोशिश की। नाबालिग और उसकी गर्लफ्रेंड ने आरोपी सौरभ का विरोध किया तो सौरभ ने चाकू से नाबालिग पर हमला करना शुरू कर दिया। इस हमले में हाथ और पेंट में चाकू लगने से नाबालिग घायल हो गया। घायल नाबालिग को स्थानीय लोगों की मदद से पास के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। नाबालिग के अनुसार, हमला करने वाला युवक जक्कनपुर का रहने वाला है। नाबालिग ने मामले को लेकर जक्कनपुर थाना में अपना बयान दर्ज कराया है।

**वायरल वीडियो में क्या है?:** वायरल वीडियो सिपारा ओवर ब्रिज के नजदीक ऑटो स्टैंड के पास का बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है सड़क पर खुलेआम एक युवक हाथ में चाकू लेकर लड़का-लड़की पर ताबड़तोड़ वार कर रहा है। वहीं पीड़ित खुद का बचाने की कोशिश करने के साथ साथ बदमाश से चाकू छिनने का प्रयास कर रहा है। इस दौरान उसकी गर्लफ्रेंड भी बदमाश को हमला करने से रोकने की कोशिश करती दिखाई दे रही है। इस दौरान आसपास बड़ी संख्या में लोग मौजूद है। सभी लोग मारपीट देख रहे हैं, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया।

**आरोपी की तलाश में जुटी पुलिसः** बेउर थाना प्रभारी अफसर हुसैन ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के बाद मामले का खुलासा हो पाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिनदहाड़े महिला से पर्स छिनतई, सड़क पर गिरकर हुई घायल



**पूर्वी सिंहभूम।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर में बाइक सवार दो अपराधियों ने दिनदहाड़े एक महिला से पर्स छीन लिया। छिनतई के दौरान महिला चलती बाइक से सड़क पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी बाग-ए-जमशेद गोलचक्कर की ओर होते हुए साकची की तरफ फरार हो गए। घायल महिला की पहचान नीतू पांडेय के रूप में हुई है। उनके पति गौरी शंकर पांडेय ने बताया कि दोनों साकची स्थित ओल्ड बुक स्टोर से लौट रहे थे। वे जेआरडी कॉम्प्लेक्स के रास्ते बीएसएनएल ऑफिस की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कीनन स्टेडियम के पास पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक तेजी से पहुंचे। उनमें से एक युवक ने लाल रंग की टोपी पहन रखी थी। गौरी शंकर पांडेय के अनुसार अपराधियों ने अचानक उनकी पत्नी का पर्स झपट लिया। झटका इतना तेज था कि नीतू पांडेय संतुलन खो बैठीं और सड़क पर गिर गईं। उस समय गौरी शंकर पांडेय अपनी बाइक से थोड़ा आगे निकल चुके थे। पत्नी के गिरने की आवाज सुनकर जब उन्होंने पीछे देखा, तब तक दोनों बदमाश तेजी से भाग चुके थे। घटना की सूचना मिलने पर बिष्टुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए भेजा। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए कीनन स्टेडियम, जेआरडी कॉम्प्लेक्स और बाग-ए-जमशेद गोलचक्कर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि लाल टोपी पहने अपराधी और उसकी बाइक की पहचान जल्द कर ली जाएगी।

### आकाशीय बिजली गिरने से बच्चे की मौत



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा लुंती गांव में शनिवार देर शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 9 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान सूरज तिरिया के रूप में हुई है। वह प्रधान तिरिया का पुत्र था और प्राथमिक विद्यालय बालमुचूसाई में दूसरी कक्षा का छात्र था। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम सूरज अपने घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए तीन बच्चे पास के एक पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गए। बताया जा रहा है कि सूरज पेड़ की एक डाल पकड़कर खड़ा था। तभी तेज गर्जना के साथ पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई और इसकी चपेट में आने से सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। बिजली का असर इतना तेज था कि उसके कपड़े तक जल गए। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्चे को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारडुंगी ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में एक अन्य बच्चे को भी हल्का झटका लगा, हालांकि उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। रविवार को प्रधान तिरिया ने बताया कि सूरज तिरिया छह भाई-बहनों में सबसे छोटा था। वह चंचल स्वभाव का था और पढ़ाई में काफी रुचि रखता था। उसकी अचानक मौत से परिवार गहरे सदमे में है।

### किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से छुटे नहीं : जुबैर

**खूंटी।** आगामी निर्वाचन को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में रविवार को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और मतदाता सूची से संबंधित मुद्दों पर बैठक हुई। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के प्रति जागरूकता बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से छूटने न पाए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना जरूरी है। उन्होंने झामुमो कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची की जांच कराने, नाम जोड़ने और आवश्यक सुधार की प्रक्रिया की जानकारी दें, ताकि भविष्य में किसी भी व्यक्ति को मतदान के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में झामुमो तोरपा प्रखंड अध्यक्ष रूबेन टोपनो, मोजिर अंसारी, जिला सचिव प्रदीप केशरी, सुहैल खान, उदय, इमरान खान, नेलसन भेंगरा और हुशुरू बरला सहित कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने संगठन को मजबूत करने और मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान बूथ स्तर पर समन्वय और जनसंपर्क बढ़ाने पर भी विशेष चर्चा की गई।

### श्री बालाजी अन्न प्रसादम में उमड़ी आस्था, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद



**पूर्वी सिंहभूम।** जिला अग्रवाल सम्मेलन और आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम समिति के संयुक्त तत्वावधान में साकची स्थित श्री राम मंदिर कल्याण मंडपम में भव्य श्री बालाजी अन्न प्रसादम कार्यक्रम में भक्ति का माहौल देखने को मिला। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्री वेंकटेश्वर बालाजी की कृपा और दक्षिण भारतीय धार्मिक परंपराओं की छटा से सजा यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक अन्न प्रसादम ग्रहण किया। मंदिर परिसर को दक्षिण भारतीय शैली में आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी फूलों की सजावट, पारंपरिक दीप और धार्मिक प्रतीकों ने श्रद्धालुओं को तिरुपति धाम जैसा आध्यात्मिक अनुभव कराया। दोपहर में ब्राह्मण भोजन के बाद अन्न प्रसादम वितरण शुरू हुआ। श्रद्धालुओं के बैठकर प्रसाद ग्रहण करने की विशेष व्यवस्था की गई थी। प्रसाद में दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुरूप सात्विक व्यंजन परोसे गए। आयोजन स्थल पर सेवा कार्य में जुटे स्वयंसेवकों ने पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ श्रद्धालुओं की सेवा की। गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी, छाछ और अन्य पेय पदार्थों की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल भी सपरिवार रांची से पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान बालाजी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने आयोजन की भव्यता और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम की सफलता में रानी सती सत्संग समिति, मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा, आंध्रा समाज सहित कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सरना, सनातन और हिंदू में कोई अंतर नहीं: बाबूलाल मरांडी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस और झामुमो पर आदिवासी समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया है। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए आदिवासी समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। मरांडी ने कहा कि सरना, सनातन और हिंदू परंपराओं में मूल रूप से समानता है। उन्होंने कहा कि ये सभी प्रकृति की पूजा से जुड़े हैं और पेड़, पहाड़, पत्थर, जल तथा धरती माता को पूजते हैं। बाबूलाल ने कहा कि आदिवासी समाज में देशभर में 700 से अधिक जातियां हैं, जबकि झारखंड में 32-33 जनजातीय समुदाय मौजूद हैं। हर समुदाय की अपनी परंपराएं और देवी-देवता हैं, लेकिन विविधता में एकता की यही भावना सनातन, हिंदू और सरना संस्कृति का आधार है। उन्होंने कांग्रेस और झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दल यह प्रचार कर रहे हैं कि आदिवासियों को हिंदू बनाया जा रहा है, जबकि "हिंदू बनाने" जैसी कोई परंपरा नहीं है। मरांडी ने कहा कि "क्रिश्चियन और मुसलमान बनाए जाते हैं, जबकि सरना, सनातन और हिंदू पैदाइशी होते हैं।" कांग्रेस के इतिहास का उल्लेख करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी का गठन अंग्रेजों के समय हुआ था और अंग्रेजों ने "फूट डालो और राज करो" की नीति के तहत समाज को बांटकर शासन किया। उन्होंने दावा किया कि आज भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ राजनीति कर रही है। मरांडी ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद महात्मा गांधी ने कांग्रेस को समाप्त करने की बात कही थी, लेकिन पार्टी ने उनकी सलाह को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और झामुमो आदिवासी समाज को मुख्यधारा से अलग दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार पेसा कानून की नियमावली के जरिए आदिवासी परंपराओं और रूढ़िगत व्यवस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि जो लोग आदिवासी संस्कृति, आस्था और परंपराओं को बदलने का काम कर रहे हैं, उनके खिलाफ कांग्रेस और झामुमो मौन बने हुए हैं। मरांडी ने कहा कि धर्मांतरण और सांस्कृतिक बदलाव जैसे मुद्दों पर कांग्रेस और झामुमो चुप्पी साध लेते हैं, लेकिन भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को अलग-थलग करने और उनमें विभाजन पैदा करने का षड्यंत्र किया जा रहा है, जिसका भाजपा विरोध करेगी। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी मौजूद थीं।

## छात्रा का शव पेड़ से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत नूतनडीह गांव में कक्षा 9 की छात्रा माला सिंह का शव पेड़ से लटका हुआ पुलिस ने रविवार को बरामद किया है। शव गांव से करीब दो किलोमीटर दूर जंगलनुमा क्षेत्र में एक पेड़ से लटका मिला। मामले को लेकर जहां पुलिस प्रथम दृष्टया खुदकुशी बता रही है, वहीं ग्रामीणों और परिजनों ने घटना पर संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार माला सिंह 21 मई की शाम घर से यह कहकर निकली थी कि वह तालाब में नहाने जा रही है। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। लगातार तलाश के बाद रविवार को ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही बोड़ाम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। माला बोड़ाम स्थित लायलम स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा थी। उसकी मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और इसकी हर पहलू से जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से सच्चाई सामने लाने की मांग की है। इधर, बोड़ाम थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। हालांकि छात्रा ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## खूंटी को मिला नया उपायुक्त: मो. जावेद हुसैन ने संभाला पदभार, जनकल्याण और विकास को बताया प्राथमिकता

**एजेंसी। खूंटी**




भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2019 बैच के अधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने रविवार को खूंटी जिले के 16वें उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया से औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण समारोह जिला समाहरणालय परिसर में आयोजित किया गया, जहां जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी केवल योजनाएं संचालित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उपायुक्त ने जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, ग्रामीण विकास और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं को गति दी जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने कहा कि खूंटी जिले के समग्र विकास के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने जनता और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी जोर दिया, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान प्रभावी ढंग से किया जा सके। इस अवसर पर जिले के कई वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त उपायुक्त का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## खूंटी में प्रचंड गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त,पशु-पक्षी भी भटक रहे पानी के लिए

**एजेंसी। खूंटी**



जिले में पड़ रही प्रचंड गर्मी ने आम जनजीवन को पुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। इन दिनों खूंटी जिले का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जिससे सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर महसूस होने लगा है। स्थिति यह है कि सुबह ०९ बजते ही सड़कों पर वीरानी छा जाती है और लोग जरूरी काम के अलावा घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण जिले के नदी-नाले, तालाब और छोटे जलस्रोत लगभग सूख चुके हैं। इसका असर केवल इंसानों पर ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। पानी की कमी के कारण पशु-पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में कई कुएं और चापानल भी जवाब देने लगे हैं, जिससे पेयजल संकट और गहरा गया है। खूंटी शहर की जीवनदायिनी माने जाने वाले तजना जलाशय के पूरी तरह सूख जाने से स्थिति और गंभीर हो गई है। इससे हजारों परिवारों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत की ओर से टैंकरों के माध्यम से सीमित जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन यह जरूरत के मुकाबले काफी कम साबित हो रही है। गर्मी और जल संकट से लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई या वैकल्पिक जलापूर्ति की ठोस व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और विकराल हो सकती है। प्रशासन से लोग नियमित जलापूर्ति, सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल व्यवस्था और जल संरक्षण के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। खूंटी शहरी क्षेत्र में आगामी 40 वर्षों में संभावित जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रख कर राज्य के तत्कालीन ग्राम ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने 2018-2019 में 59 करोड़ रुपये की लागत से खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना की शुरुआत कराई थी। दो तीन साल में इसे शुरू करना था, पर आठ साल के बाद भी योजना अधर में लटकी हुई है। इस संबंध में खूंटी नगर पंचायत की अध्यक्ष रानी टूटी कहती हैं कि जलापूर्ति योजना की कार्यकारी एजेंसी को सैकड़ों बार पत्र लिखा गया है। खूंटी के पूर्व विधायक ने भी विधानसभा में मामले को उठाया था, पर कोई सुनने वाला नहीं है।

## टाटानगर स्टेशन परिसर में मिले दो कोबरा सांप, यात्रियों में मचा हड़कंप

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



टाटानगर रेलवे स्टेशन परिसर में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब स्टेशन के पोर्टिको के पास रखी दो टोकरियों में सांप होने की सूचना फैली। देखते ही देखते मौके पर यात्रियों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में सर्प रक्षक मिथलेश श्रीवास्तव उर्फ छोटू ने मौके पर पहुंचकर दोनों कोबरा सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू किया। जानकारी के अनुसार सुबह स्टेशन परिसर से गुजर रहे कुछ यात्रियों की नजर पोर्टिको के समीप रखी टोकरियों पर पड़ी। टोकरियों में हलचल होने पर लोगों को शक हुआ। पास जाकर देखने पर उसमें सांप दिखाई दिए, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय टेम्पो चालकों ने तुरंत इसकी सूचना सर्प रक्षक मिथलेश श्रीवास्तव को दी। सूचना मिलते ही मिथलेश श्रीवास्तव स्टेशन पहुंचे और सावधानीपूर्वक टोकरियों की जांच की। उन्होंने बताया कि दोनों टोकरियों के भीतर जहरीले कोबरा सांप मौजूद थे। आशंका जताई जा रही है कि कोई अज्ञात सपेरा दोनों सांपों को वहां छोड़कर चला गया था। सर्प रक्षक मिथलेश श्रीवास्तव ने बताया कि यदि समय रहते सांपों को नहीं पकड़ा जाता, तो स्टेशन परिसर में कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती थी। उन्होंने सुरक्षित तरीके से दोनों कोबरा का रेस्क्यू कर उन्हें अपने कब्जे में लिया। इसके बाद दोनों सांपों को पास के जंगल में छोड़ दिया।

## झारखंड में भीषण गर्मी का कहर, डाल्टनगंज में पारा 44.8 डिग्री तक पहुंचा, कई ज़िलों के लिए लू का अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में इन दिनों भीषण गर्मी और तेज धूप ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में तापमान लगातार बढ़ रहा है। राज्य के कई जिलों में गर्म हवाओं और लू का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 44.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भीषण गर्मी के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। मौसम विभाग ने 25 और 26 मई को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों गढ़वा, पलामू और चतरा में हीट वेव यानी लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और तेज धूप से बचने की अपील की है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सबसे कम तापमान गोड्डा में 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं इस दौरान सबसे अधिक 6.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। हालांकि, बारिश का असर गर्मी पर ज्यादा नहीं दिखा और अधिकांश जिलों में उमस और गर्म हवाओं का प्रकोप बना रहा। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से मौसम साफ रहा, जबकि दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहे। बादलों की मौजूदगी से लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन उमस बनी रही। राज्य के प्रमुख शहरों का तापमान भी सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। रांची में अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री और न्यूनतम 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री और न्यूनतम 29.1 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 44.8 डिग्री और न्यूनतम 27.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 40.5 डिग्री और न्यूनतम 28.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 40.4 डिग्री और न्यूनतम 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी और हीट वेव की स्थिति को देखते हुए लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है।

## झारखंड में 25 मई को 47 स्थानों पर मनाया जाएगा दामोदर महोत्सव, उद्गम स्थल पहुंचेंगे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार

**एजेंसी। रांची**



युगांतर भारती के तत्वावधान में 25 मई को लोहरदगा स्थित दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संयोगवश इसी दिन गंगा दशहरा का पर्व भी मनाया जाएगा, जिससे इस आयोजन का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व और बढ़ गया है। युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि झारखंड के राज्यपाल संतोषकुमार गंगवार इस महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय करेंगे। अंशुल शरण ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर होगा, क्योंकि पहली बार कोई राज्यपाल दामोदर नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचेंगे। उन्होंने इसके लिए राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दामोदर नदी और उससे जुड़ी सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। अंशुल शरण ने बताया कि दामोदर महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह नदी संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और जल स्रोतों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान भी है। कार्यक्रम के दौरान जल-जंगल-जमीन के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और नदियों की स्वच्छता को लेकर विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अंशुल शरण ने जानकारी दी कि इस वर्ष दामोदर महोत्सव रिकॉर्ड 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा दामोदर नदी से जुड़े कई क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महोत्सव के माध्यम से लोगों को नदियों के संरक्षण, जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दामोदर नदी झारखंड की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। ऐसे में इसके उद्गम स्थल पर राज्यपाल की उपस्थिति पूरे राज्य के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। महोत्सव में विभिन्न सामाजिक संगठनों, पर्यावरण कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और स्थानीय लोगों की बड़ी भागीदारी रहने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश भी दिए जाएंगे।

## किसान की संदिग्ध हालत में मौत, लू लगने की आशंका



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

जिले के पोटका प्रखंड में भीषण गर्मी के बीच एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुरूआती तौर पर आशंका जताई जा रही है कि किसान की जान लू लगने से गई है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान पोड़ाडीह पंचायत अंतर्गत मटियाल गांव निवासी मोहन सरदार (३०) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मोहन सरदार रविवार को हल्दीपोखर साप्ताहिक हाट गए थे। बाजार से वापस घर लौटने के दौरान लगुरासाई गांव के पास अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वे सड़क किनारे एक पेड़ के नीचे जाकर लेट गए, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कोवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। भीषण गर्मी को देखते हुए रविवार को ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कोवाली थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। वहीं जिले में अब तक लू से ०५ लोगों के मौत होने की जानकारी दी जा रही है।

# पूरी हुई श्रमिकों की मांग, हर महीने कम से कम 23 हजार मिलेगी सैलरी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने न्यूनतम मजदूरी में 60 फीसदी की बढ़ोतरी की है। अब यह सुनिश्चित हो सकेगा कि बेंगलुरु में श्रमिकों को हर महीने कम से कम 23,376 रुपये सैलरी मिल सकेगी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि राज्य की राजधानी में कुशल श्रमिक हर महीने 31,114 रुपये पाने के हकदार होंगे। यह जानकारी साझा करते हुए, श्रम मंत्री संतोष लाड ने शनिवार को इस कदम को पूरे कर्नाटक में श्रमिक समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांग की पूर्ति बताया।

कर्नाटक के अन्य हिस्सों में संशोधित दरें हर महीने 19,300 रुपये से 21,251 रुपये के बीच होंगी। मंत्री ने कहा कि संशोधित मज़दूरी अधिसूचना राज्य भर में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के साथ-साथ कुछ खास क्षेत्रों के कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी, और साथ ही पहली बार लाखों मजदूरों को एक एकीकृत ढांचे के तहत लाएगी।

लाड ने एक्स पर कहा, 'हमारी सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसके तहत मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी में 60 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।



इसके जरिए, हमारी सरकार ने राज्य के श्रमिक समुदाय की एक लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया है।'' उन्होंने कहा कि मजदूरी में यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार किया गया है और यह राज्य के श्रम ढांचे में एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक सुधार है। सुरक्षा प्रदान करेगा। न्यूनतम मजदूरी तय करते समय, इस बदलाव को लागू करने में माननीय सुप्रीम कोर्ट की बेंच के निर्देशों का पालन किया गया है।'' मंत्री ने कहा कि सरकार ने पहले की चार-जोन वाली वर्गीकरण प्रणाली को भी बदलकर एक एकीकृत नोटिफिकेशन लागू किया है, जिसमें सभी निर्धारित रोजगार शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, पहले के चार जोन वाले वर्गीकरण के बजाय, पहली बार सभी निर्धारित रोजगारों को एक ही नोटिफिकेशन के तहत लाया गया है।'' लाड के अनुसार, संशोधित वेतन ढांचे से कर्नाटक भर में 81 निर्धारित व्यवसायों में कार्यरत लाखों श्रमिकों को सीधे तौर पर लाभ होगा। मंत्री ने श्रम विभाग के इस फैसले का समर्थन करने के लिए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनके डिप्टी डी.के. शिवकुमार, कैबिनेट सहयोगियों और विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आग लगने पर घबराने की जगह परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएं



**गाजियाबाद, एजेंसी।** बढ़ती गर्मी के साथ आग लगने की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से दैनिक जागरण ने दमकल विभाग के सहयोग से 'सुरक्षित समाज, सुरक्षित कल' अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में शनिवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी सोसायटी में अग्नि सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सोसायटी के निवासियों, महिलाओं और मेंटेनेंस स्टाफ को आग से बचाव और आपात स्थिति से निपटने के तरीके सिखाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अग्नि सुरक्षा अधिकारी शेषनाथ यादव ने लोगों को आग लगने के प्रमुख कारणों और उससे बचने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिकांश आग की घटनाएं लापरवाही और विद्युत उपकरणों की समय पर जांच न होने के कारण होती हैं। ऐसे में एसी और बिजली के उपकरणों की नियमित सर्विस कराना बेहद जरूरी है। साथ ही घर से बाहर जाते समय मुख्य स्विच बंद कर देना चाहिए। एफएसओ ने लोगों को बताया कि किचन में सिलिंडर प्रयोग के बाद रेग्यूलेटर बंद करना चाहिए और चिमनी की समय-समय पर सफाई व सर्विस करानी चाहिए। मंदिर में जलने वाले दीयों को बड़ी थाली में या बालकनी जैसे सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी गई। उन्होंने लोगों से नजदीकी फायर स्टेशन और कंट्रोल रूम का नंबर मोबाइल में दर्ज रखने की अपील भी की। प्रशिक्षण सत्र के दौरान महिलाओं और मेंटेनेंस टीम को फायर एक्सटिंग्विशर और फायर होज पाइप के इस्तेमाल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। छोटी घटनाओं में समय रहते सही कदम उठाकर बड़े हादसे को रोका जा सकता है। अग्नि सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि आग लगने पर घबराने के बजाय सबसे पहले खुद और परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना चाहिए।

### ईद से पहले मस्जिद कमेटियों का फैसला, नहीं होगी गाय की कुर्बानी

**शिलांग, एजेंसी।** असम के कई जिलों में मस्जिद समितियों ने घोषणा की है कि आगामी 28 मई को आने वाली बकरीद पर गाय की कुर्बानी नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस कदम की सराहना करते हुए इसे स्वैच्छिक निर्णय बताया है, जो बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं का सम्मान करता है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब शनिवार को धुबरी से पूर्व विधायक अली अकबर मियां को गिरफ्तार किया गया है। उन पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालने का आरोप है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर चेतावनी दी थी कि अगर अधिकारियों ने कुर्बानी में हस्तक्षेप किया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री के खिलाफ भी अभद्र टिप्पणी की थी। मुख्यमंत्री सरमा ने गोकशी के खिलाफ मस्जिदों द्वारा की गई अपील की सराहना की और इसके पीछे के कानूनी और धार्मिक कारणों को समझाते हुए कहा कि ऐसे कदम सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करेंगे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर उन क्षेत्रों की खबरों की कतरनें साझा करते हुए लिखा, 'मैं इस प्रयास का स्वागत करता हूं। मुझे उम्मीद है कि अन्य समितियां भी इसी तरह की अपील जारी करेंगी। मस्जिदों की ओर से यह अपील असम मवेशी संरक्षण अधिनियम, 2021 के तहत लागू प्रतिबंधों के बीच आई है। यह अधिनियम बीफ के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध तो नहीं लगाता है।

# बंगाल के मुर्शिदाबाद में आरोपित को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर हमला, 10 हिरासत में

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सख्त संदेश के बाद भी पुलिस पर हमले की घटना रूक नहीं रही है। इसी क्रम में राज्य के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल में एक आरोपित को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। घटना में एक अधिकारी सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस के कब्जे से आरोपित को भी छुड़ा लिया, जिसके बाद वह मौके से फरार हो गया। हमले और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि मुख्य आरोपित समेत अन्य हमलावरों की तलाश जारी है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना शुक्रवार रात की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कूचियामोड़ा इलाके का निवासी आजमत शेख, जिसके खिलाफ एक हथियार मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी है, इलाके की एक चाय की दुकान पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस वहां पहुंची और आरोपित को हिरासत में लेकर वाहन में बैठाने लगी। इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया और उनके साथ धक्का-मुक्की तथा मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने पुलिस के कब्जे से आरोपित को छुड़ा लिया, जिसके बाद वह फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डोमकल थाने से



अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया। रातभर चली कार्रवाई में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस फरार मुख्य आरोपित आजमत शेख और अन्य हमलावरों की तलाश के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जिला पुलिस प्रशासन ने कहा है कि सरकारी काम में बाधा डालने और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमले के मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। मालूम हो कि यह घटना शुभेंदु अधिकारी की उस सख्त चेतावनी के कई दिनों बात सामने आई है जब मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद 16 मई को अपने पहले आधिकारिक जिला दौरे के दौरान दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने दोटूक लहजे में कहा था कि पुलिस पर हमले की कोई भी घटना अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पुलिस पर हमले की कोई भी घटना अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी- सीएम

उन्होंने हाल में आमडंगा और आसनसोल की घटनाओं का हवाला देते हुए चेतावनी दी थी कि पुलिस मार खाए, यह बात मेरे कान में नहीं आनी चाहिए। अगर पुलिस निष्क्रिय रही, तो वे खुद थाने में बैठकर काम कराएंगे।

## शादी की हल्दी में मिलाया गया था घातक केमिकल आर्सैनिक, दुल्हन की मौत के बाद रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**इंदौर, एजेंसी।** शादी की रस्मों के दौरान लगाई गई जिस हल्दी से तीन दूल्हों की तबीयत बिगड़ी व एक दुल्हन की मौत हो गई, उसमें आर्सेनिक पाया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा कराई गई सैंपल की जांच में पता लगा है कि हल्दी को बहुत अधिक चमकीला बनाने के लिए उसमें रंग मिलाया गया था, उस रंग में आर्सेनिक था। इस रंग का प्रयोग होली पर लोगों को लगाने में किया जाता है। बता दें कि पिछले महीने इंदौर में तीन दूल्हे और खरगोन जिले के कसरावद में दुल्हन की हल्दी की रस्म के बाद तबीयत बिगड़ गई थी। बाद में इलाज के दौरान दुल्हन की मौत हो गई थी। ऐसे और भी कुछ मामले इन जिलों में सामने आए थे। इसके बाद दोनों जिलों में प्रशासन ने बाजार में बिकने वाली खुली हल्दी और बिना ब्रांड वाले मसालों के सैंपल लेने के निर्देश दिए थे। उन सैंपल की भी रिपोर्ट आनी है। मामला इंदौर के दुधिया गांव का है। यहां के निवासी गोलू कौशल की शादी होने वाली थी। इससे पूर्व हल्दी की रस्म की गई। इसमें हल्दी लगाने के बाद इतनी बिगड़ गई थी कि इलाज के लिए शासकीय एमवाय अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों ने गंभीर एलर्जिक रिएक्शन पाया और इसके कारण वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। स्वजन के अनुसार, हल्दी लगाने के कुछ देर बाद ही गोलू को शरीर में जलन, खुजली और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। रस्म के दौरान लगाई गई हल्दी में ये केमिकल मिले थे डॉक्टरों के अनुसार, त्वचा में रिएक्शन के साथ ही श्वसन तंत्र में भी परेशानी हुई थी। हल्दी में किसी रासायनिक मिलावट की आशंका पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने हल्दी के सैंपल लिए थे। इसकी रिपोर्ट में पाया गया है कि रस्म के दौरान लगाई गई हल्दी में 0.22 एमजी आर्सेनिक, लीड 0.37 और 3.19 एमजी कॉपर था। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिल शाह ने बताया कि हालांकि, इतनी कम मात्रा में आर्सेनिक से रिएक्शन के काफी कम मामले होते हैं, लेकिन अधिक मात्रा में प्रयोग से रिएक्शन संभव है। इससे जलन, लाल चकत्ते, सूजन और एलर्जी जैसी समस्या पैदा हो जाती है। सांस लेने में तकलीफ, उल्टी, कमजोरी और शरीर के अन्य अंगों पर भी असर पड़ सकता है।

## फरीदाबाद में घरेलू कलह के चलते मां ने बेटे को जहर देकर खुद भी दी जान, दो महीने पहले भी किया था प्रयास

**फरीदाबाद, एजेंसी।** गांव अनखीर में शनिवार को एक महिला द्वारा अपने एक वर्षीय बेटे को जहरीला पदार्थ देने के बाद खुद भी जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतकों की पहचान आरती और उसके बेटे हृदय के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक साइंस टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर बादशाह खान नागरिक अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार आरती अपने पति निशांत और बेटे हृदय के साथ मकान की पहली मंजिल पर रहती थी। निशांत यथार्थ अस्पताल में लैब अटेंडेंट के रूप में कार्यरत है। शनिवार को वह ड्यूटी पर गया हुआ था। देर शाम जब वह घर लौटा तो कमरे में पत्नी और बेटे के शव पड़े मिले। दोनों के शरीर नीले पड़े हुए थे। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आरती ने पहले बेटे को जहरीला पदार्थ दिया और बाद में खुद भी जहरीला पदार्थ निगल लिया। बताया गया है कि आरती मूल रूप से गांव पावटा की रहने वाली थी। करीब तीन साल पहले उसने निशांत से प्रेम विवाह किया था। दोनों पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में साथ पढ़ते थे, जहां दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में प्रेम संबंध हो गए। शुरुआत में दोनों परिवार इस विवाह के लिए तैयार नहीं थे, लेकिन बाद में सहमति बनने पर दोनों का विवाह कर दिया गया था।

# तेलंगाना में गर्मी से 16 की मौत, हिमाचल प्रदेश में लू का अलर्ट... देश के कई हिस्सों में पारा 44 के पार

**शिमला, एजेंसी।** देश के कई राज्य भीषण गर्मी लू की चपेट में हैं। शनिवार को भीषण गर्मी और झुलसा देने वाली हवाओं के कारण कई क्षेत्रों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया।मौसम विभाग (आइएमडी) ने चेतावनी दी है कि दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में रविवार से तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है।

हरियाणा के रोहतक में अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के बठिंडा में तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अमृतसर में अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लुधियाना का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा। चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डा. बलबीर सिंह ने सरकारी अस्पतालों को निर्देश दिया है कि वे हीट स्ट्रोक प्रबंधन के लिए समर्पित यूनिट चालू करें, जिनमें आइस पैक सहित सक्रिय शीतलन उपाय और आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति उपलब्ध हों। हरियाणा में, अंबाला का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि हिसार का अधिकतम



तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग (आइएमडी) ने सोमवार के लिए झारखंड के तीन जिलों गढ़वा, पलामू और चतरा के लिए लू का अलर्ट जारी किया है, जबकि अगले छह दिनों में कई अन्य जिलों में गरज, बिजली और मध्यम वर्षा होने की संभावना है। धनबाद में रविवार को बारिश की संभावना को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। तेलंगाना के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि लू के कारण राज्य के सात जिलों में 16 लोगों की मौत हो गई है। राजस्थान में, चित्तौड़गढ़ पिछले 24 घंटों में 44.2 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। हिमाचल प्रदेश में येलो अलर्टहिमाचल प्रदेश में, शिमला मौसम विज्ञान केंद्र ने 26 और 27 मई को राज्य के कुछ हिस्सों में लू चलने की आशंका जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

## मेट्रो की छत से टपका पानी, बारिश ने उजागर की तैयारियों की पोल

**पुणे, एजेंसी।** लगातार उमस भरी गर्मी और बढ़ते तापमान के बाद शुक्रवार शाम पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ में भारी बारिश हुई। बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन इससे शहर की पुरानी मानसून समस्याएं एक बार फिर उजागर हो गईं। शाम के समय हुई तेज बारिश ने ऑफिस टाइम में सामान्य जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया और सड़कों पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया। हजारों यात्री घंटों सड़कों पर फंस गए। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था भी प्रभावित हुई, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बीच पिंपरी-स्वारगेट पर्पल लाइन पर चल रही पुणे मेट्रो के एक कोच की छत से पानी टपकने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। भीड़ भरे कोच में खड़े यात्री इस दृश्य को देखकर हैरान रह गए। इस घटना ने मेट्रो की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



# प्रधान की मृत्यु भोज के बचे भोजन ने मचाया हड़कंप, 10 गोवंश की मौत, सात की हालत गंभीर

**मथुरा, एजेंसी।** यूपी के मथुरा में प्रधान के मृत्यु भोज के बाद बचे भोजन ने हड़कंप मचा दिया है। गांव भैंसा में मृत्यु भोज के बाद बचे पुआ के सेवन से यहां की गोशाला में 10 गोवंश की मौत हो गयी है। सात गोवंश की हालत गंभीर है। इससे गांव में हड़कंप मच गया। बीमार गोवंश का उपचार किया जा रहा है। इनमें कई गोवंश की हालत गंभीर है। वेटेरिनरी विश्वविद्यालय के चिकित्सकों की टीम ने गोवंश की मौत की वजह प्रथम दृष्टया अम्लीय अपच माना है। एसडीएम (सदर) ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

गांव भैंसा के प्रधान जगन्नाथ सिंह का 08 मई को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उनके निधन के बाद बुधवार (20 मई) को मृत्यु भोज का आयोजन किया गया, जिसमें चौरासी गांवों के लोगों को आमंत्रित किया गया था। भोज के बाद बचे पुआ व अन्य सामान शुक्रवार को गांव के बाहर स्थित सरकारी गोशाला में गोवंश को खिलाने के लिए भेज दिया गया। गोवंश ने मृत्यु भोज में बचे भोजन का सेवन कर लिया। इसके बाद रविवार को गोवंश की तबीयत बिगड़ने लगी। गोवंश के मुंह से झाग निकलने लगे और तड़प-तड़प कर दम तोड़ने लगीं। यह देख गोशाला के कर्मचारियों में खलबली मच गयी। सूचना पर ग्रामीण भी गोशाला पहुंच गए। गोवंश का हाल देख उन्होंने जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी।

सूचना पर एसडीएम (सदर) आदेश कुमार, ट्रेनी आईपीएस एवं थाना प्रभारी रिफाइनरी जयविंद गुप्ता, क्षेत्रीय लेखपाल समेत कई थानों का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। वेटेरिनरी विश्वविद्यालय से चिकित्सकों की टीम बुला ली गयी। मुख्य पशु



चिकत्साधिकारी डॉ. एनके शुक्ला ने बताया कि दोपहर में आठ गोवंश की मृत्यु हो चुकी थी, जबकि 20 गोवंश को 10 डॉक्टरों की टीम उपचार करने में लगी हुई है।

गोशाला को खाली कराया जा रहा है। यहां से गोवंश को एम्बुलेंस के माध्यम से राल स्थित गोशाला भेजा जा रहा है द्य वेटेरिनरी की टीम ने सैंपिल एकत्रित किए हैं, जिनकी रिपोर्ट सोमवार तक आएगी। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को मृत्यु भोज का बचा भोजन गोशाला पहुंचाया गया था। भीषण गर्मी के कारण भोजन खराब और जहरीला हो चुका था। जैसे ही गोवंशी ने उसे खाया, उनकी हालत बिगड़ने लगी। इसी वजह से कई गोवंश की मौत हुई है।

ग्राम पंचायत के सचिव सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि गोशाला में कुल 128 गायें थीं। अब मृत गायों के अलावा शेष बची गायों को राल गोशाला भेज दिया गया है। यहां पशु चिकित्सालय में उनका उपचार चल रहा है। गोशाला के सभी गोवंश को राल शिफ्ट कर दिया गया है। प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुट गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव सुरेन्द्र कुमार ने प्रधान के परिजनों के विरूद्ध थाना रिफाइनरी में मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दे दी गई है।

मृत्यु भोज के बाद बचा भोजन गोशाला के अलावा ग्राम प्रधान के परिजनों ने अपनी गाय को भी दिया था। इस भोजन के सेवन से उनकी भी गाय बीमार हो गई, जिसका डाक्टरों ने उपचार किया। अब गाय की हालत सही है।

एसडीएम आदेश कुमार के अनुसार मृत्यु भोज का बचा भोजन करने से ग्राम भैंसा में 10 गोवंश की मृत्यु हुई है, जबकि सात गोवंश बीमार पड़ा है। मृत गोवंश का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनको गांव बाद में गोचर भूमि में दफन कराया गया है। मृत्यु भोज के भोजन के अलावा वेटेरिनरी की टीम ने अन्य सैंपल लिए हैं। इस मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं।

# वर्दी में रील बनाने वाले पुलिसकर्मियों पर बड़ा ऐक्शन, पांच पुरुष, दो महिला दारोगाओं समेत आठ नपे

**आगरा , एजेंसी।** सोशल मीडिया पर वर्दी में रील डालना आठ पुलिस कर्मियों को महंगा पड़ गया। रील वायरल होने पर पांच दरोगा, दो महिला दरोगा और एक महिला सिपाही को लाइन हाजिर किया गया है। सभी के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं। आरोप है कि सभी ने पुलिस की सोशल मीडिया पॉलिसी का उल्लंघन किया है। कार्रवाई से पुलिस कर्मियों में खलबली मच गई है। अन्य पुलिस कर्मी अपनी रील डिलीट करने में जुट गए हैं।

सोशल मीडिया पॉलिसी को लेकर पिछले दिनों एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने पुनः दिशा निर्देश जारी किए थे। लगातार यह आरोप लगा रहे थे कि पुलिस कर्मी वर्दी में रील बना रहे हैं। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने मीडिया सेल को पुलिस कर्मियों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नजर रखने क निर्देश दिए थे। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील डालने में आठ पुलिस कर्मी चिन्हित हुए। सभी को लाइन हाजिर कर दिया गया। बाह थाने एसआई अरविंद सिंह राठौर, एसआई स्वाती चौधरी, पर्यटन थाने के एसआई दीपक चौधरी, एत्मादुद्दौला थाने के एसआई रोहित



सोनकर और प्रदीप कुमार, न्यू आगरा थाने के हिमांशु पांडेय, खेरागढ़ थाने के एसआई रानू भाटी व फतेहाबाद थाने की महिला आरक्षी सुमन यादव को लाइन हाजिर किया गया है। महिला आरक्षी को नौकरी छोड़नी पड़ी थी। महिला आरक्षी प्रियंका मिश्रा ने एमएम गेट थाने में रिवाल्वर के साथ रील बनाई थी। रील सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। प्रियंका मिश्रा को लाइन हाजिर किया गया था। सोशल मीडिया पर ट्रॉल होने पर उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया था। ट्रेनिंग पर खर्च हुई रकम उनसे जमा कराई गई थी। पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश हैं कि कार्यस्थल पर वे वर्दी में रील नहीं बनाएंगे। इसके बावजूद पुलिस कर्मी मानने को तैयार नहीं है। फिल्मी गानों पर दनादन रील बना रहे हैं। पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान या ड्यूटी के बाद भी वर्दी पहनकर किसी प्रकार की रील या वीडियो नहीं बना सकेंगे। ऐसा कोई भी कंटेंट, जिससे विभाग की गरिमा धूमिल होती हो, पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस थानों, कार्यालयों, सरकारी वाहनों या अन्य पुलिस परिसरों में रील बनाना, हथियारों का प्रदर्शन करना तथा टिकटॉक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए वीडियो शूट करना सख्त मना है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## भारत पर अल-नीनो और क्लाइमेट चेंज का खतरा!

भारत के कई हिस्से भीषण गर्मी और हीटवेव की चपेट में हैं, जहां तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री अधिक है। डब्ल्यूएचओ और अन्य रिपोर्ट्स चेतावनी दे रही हैं कि लू के दिन तेजी से बढ़ रहे हैं। हीटवेव का असर स्वास्थ्य, कामकाज और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, क्लाइमेट चेंज और अल-नीनो के कारण आने वाले वर्षों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। देश का एक बड़ा हिस्सा इस समय भट्टी बना हुआ है। उत्तर से लेकर मध्य भारत तक, ज्यादातर शहरों में औसत तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री सेल्सियस ऊपर चल रहा है। फिलहाल राहत के संकेत नहीं है और अल-नीनो की वजह से मौसम आगे और कड़ी परीक्षा ले सकता है। विभिन्न इंटरनेशनल रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सीजन 27 अप्रैल और 19 मई दो ऐसे दिन रहे, जब धरती के सबसे ज्यादा गर्म 50 शहरों में सभी भारत के थे। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट चेताती है कि देश के 50 प्रतिशत से ज्यादा शहरों में भीषण गर्मी का खतरा 'अधिक' से लेकर 'बेहद अधिक' के स्तर तक पहुंच चुका है। 2015 से 2020 के दरम्यान लू वाले दिनों का औसत 7.4 दिन से बढ़कर 32.2 दिन हो गया है, और यह लगातार बढ़ रहा है। भारत में गर्मी अब हर साल एक नया रेकॉर्ड बना रही है। चिंताजनक बात यह है कि दिन तो तपते ही हैं, अब रातें भी राहत देने वाली नहीं रहीं। इस 20 तारीख को दिल्ली ने मई महीने में 13 साल की सबसे गर्म रात देखी, जब न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहा। हाल के बरसों में हीटवेव की तीव्रता, उसका समय और सीमा अभूतपूर्व रूप से बढ़े हैं। शहरों पर संकट ज्यादा है, जो घटती हरियाली, बढ़ते कंक्रीट स्ट्रक्चर और प्रदूषण की वजह से 'अर्बन हीट आईलैंड इफेक्ट' झेल रहे हैं। मौसम की यह मार दोतरफा है सेहत और अर्थव्यवस्था दोनों पर। नैशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के मुताबिक, 2025 में हीट स्ट्रोक के सात हजार से ज्यादा सस्पेक्टेड केस सामने आए थे। हालांकि माना जाता है कि भारत में हीट स्ट्रोक और उससे होने वाली मौतों का सही आंकड़ा रिपोर्ट नहीं हो पाता। देश की एक बड़ी आबादी मौसम का सीधा वार झेलती है। इनमें गिग वर्कर्स, दिहाड़ी मजदूर, स्ट्रीट वेंडर्स वगैरह हैं। घर बैठने से न इनका काम चलेगा और न देश का। इस मौसम में ये सबसे ज्यादा जोखिम में होते हैं। इनकी सुरक्षा के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं, जैसे सार्वजनिक शेल्टर, पेयजल की व्यवस्था और जहां संभव हो वहां काम के घंटों में बदलाव। गर्मी से कार्यक्षमता पर असर पड़ता है, काम के घंटे कम होते हैं और प्रॉडक्टिविटी भी घट जाती है। यह अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदेह है।

## भारत की मेजबानी में ब्रिक्स ये तीन देश मिलकर तय करेंगे नया वर्ल्ड ऑर्डर

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सितंबर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत आएंगे। माना जा रहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी इस दौरान दिल्ली आ सकते हैं। इन दोनों नेताओं का दौरा ब्रिक्स की अहमियत को फिर से स्थापित करने वाला है। साथ ही, हाल में दुनिया जिस तरह से बदली है, उसे देखते हुए यह इनके आपसी रिश्तों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। पुतिन पिछले साल दिसंबर में भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन के लिए भारत आए थे। वहीं, शी का आखिरी दौरा 2019 में हुआ था। 2020 में गलवान के टकराव के बाद दोनों देशों के रिश्ते बिगड़ते चले गए। जब भारत-चीन में कूटनीतिक और सैन्य तनाव चरम पर था, तब भी ब्रिक्स ही प्रेशर रिलीज करने का जरिया बना। अक्टूबर 2024 में रूस में ब्रिक्स सम्मेलन के इतर पीएम नरेंद्र मोदी और शी की मुलाकात हुई थी। इसके बाद रिश्ते सामान्य करने के लिए कई कदम उठाए गए। ब्रिक्स की अहमियत अब इसके सदस्य देशों से आगे पूरी दुनिया के लिए है। पश्चिम एशिया संकट की वजह से जो अस्थिरता आई है, उसे संभालने में यह मंच अहम भूमिका निभा सकता है। इसी महीने दिल्ली में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत ने इस दिशा में प्रयास भी किया, हालांकि कोई सहमति नहीं बन पाई। इस समय अध्यक्षता भारत के पास है और सितंबर में असहमतियों को दूर करने का सुनहरा मौका होगा।

*भारतीय संस्कृति में 'धर्म' का विचार उस जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है, जिसे हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करना चाहिए। वहीं 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात 'पूरी दुनिया एक परिवार है' का सिद्धांत आज के आपस में जुड़े डिजिटल युग में और भी अधिक प्रासंगिक लगता है। ये मूल्य इटली की मानवतावादी परंपरा से भी मेल खाते हैं, जिसकी जड़ें पुनर्जागरण काल में हैं। यह परंपरा हर व्यक्ति की गरिमा और संस्कृति की उस शक्ति पर जोर देती है।*

## दुनिया बदल रही है, भारत और इटली ने साथ मिलकर रखा भविष्य का खाका

**(नरेंद्र मोदी और जॉर्जिया मेलोनी)**

पीएम मोदी और जॉर्जिया मेलोनी ने अपने इस संयुक्त लेख में बताया है कि ऐसे समय में जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। ये संबंध अब केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक एवं संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। ये संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहे हैं, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है। हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि इक्कीसवीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें। इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपर कंप्यूटर तकनीक को भारत की तेज आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, नवाचार, एक सौ से अधिक 'यूनिकॉर्न' तथा दो लाख नवउद्यम वाली प्रणाली के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है, जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं। नवाचार, उद्योग और व्यापार में नए अवसर यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य वर्ष 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, मशीनरी, ऑटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि एवं खाद्य और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। 'मेड इन इटली' हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है और आज इसका स्वाभाविक तालमेल 'मेक इन इंडिया' पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी, जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर एक हजार से अधिक हो चुकी है, एक सकारात्मक संकेत है। तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्त्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्त्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेजी से प्रगति होगी। भारत का तेजी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता, इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी। भारत का डिजिटल सार्वजनिक ढांचा पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है। भारत और इटली कृत्रिम बुद्धिमत्ता को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम मानते हैं, खासकर वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए। डिजिटल सार्वजनिक ढांचा और आसान एवं बहुभाषी तकनीकों के जरिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकती है। तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की भारत की सोच और इटली की मानव-केंद्रित 'एल्गोर-एथिक्स' की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, उस पर आगे बढ़ते हुए हमारी साझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तीकरण का माध्यम बने। सुरक्षित डिजिटल सहयोग, क्षमता निर्माण और मजबूत साइबर ढांचे से जुड़ी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करके हम एक ऐसा खुला, भरोसेमंद और समान डिजिटल वातावरण बनाना चाहते हैं, जिसमें हर देश कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर सके और उससे लाभ उठा सके। यही सोच इटली की जी-7 अध्यक्षता और वर्ष 2026 में नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' के निष्कर्षों का मुख्य आधार है। रक्षा, सुरक्षा और भरोसेमंद तकनीक पर साझा जोर कृत्रिम बुद्धिमत्ता को इंसानों की ओर से इंसानों के लिए बनाई गई तकनीक मानने का अर्थ है यह स्पष्ट करना कि तकनीक न तो मनुष्य की जगह ले सकती है और न ही उसके मूल अधिकारों को कमजोर कर सकती है। इसका उपयोग जनमत को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं होना चाहिए। इटली और भारत रक्षा, सुरक्षा एवं रणनीतिक तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपने सहयोग को और मजबूत करना चाहते हैं। हमारा सहयोग महत्त्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध और मानव तस्करी जैसी चुनौतियों के खिलाफ मजबूती बढ़ाने में मदद करेगा। ऊर्जा हमारी साझेदारी का एक और महत्त्वपूर्ण आधार है। भारत और इटली नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर हाइड्रोजन तकनीक तथा स्मार्ट ग्रिड से लेकर मजबूत बुनियादी ढांचे तक कई क्षेत्रों में साथ काम कर रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने की भारत की पहल अपार संभावनाएं रखती है। यह इटली की नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना में उन्नत तकनीक और यूरोप के लिए ऊर्जा प्रवेश द्वार के रूप में उसकी रणनीतिक भूमिका के साथ पूरी तरह मेल खाती है। इस संदर्भ में भारत की अगुआई वाली प्रमुख पहलों-अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन और 'ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस' में अन्य देशों के साथ हमारा सहयोग बेहद महत्त्वपूर्ण है। भारत और इटली दोनों वैश्विक अर्थव्यवस्था के दो महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों-हिंद-प्रशांत और भूमध्यसागर-के केंद्र में स्थित हैं। अब इन क्षेत्रों को अलग-अलग नहीं, बल्कि आपस में जुड़े हुए क्षेत्रों के रूप में देखा जा रहा है।

## संघ, राष्ट्रवाद और कांग्रेस की सियासी असहजता

**(प्रणय विक्रम सिंह)**

भारतीय लोकतंत्र का सौंदर्य उसकी विविधता, वैचारिक बहुलता और संवाद की परंपरा में निहित है। यहां असहमति को स्थान मिला है, आलोचना को भी। किंतु जब राजनीतिक विरोध मर्यादा की सीमा लांघकर राष्ट्रसेवा से जुड़े संगठनों, नेतृत्व और करोड़ों नागरिकों की वैचारिक आस्था को 'गद्दारी' जैसे शब्दों से परिभाषित करने लगे, तब वह केवल राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं रह जाती, वह उस गहरी वैचारिक बेचैनी का उद्घाटन बन जाती है, जो लंबे समय से भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवादी चेतना के प्रति एक विशेष राजनीतिक मानसिकता के भीतर विद्यमान रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति राहुल गांधी की अमर्यादित टिप्पणी को इसी व्यापक संदर्भ में समझना होगा। यह विवाद केवल एक बयान का विवाद नहीं है। यह भारत की राजनीति में चल रहे उस गहरे वैचारिक संघर्ष का प्रतिबिंब है, जिसमें एक ओर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सभ्यतागत आत्मविश्वास और 'राष्ट्र प्रथम' की चेतना है, जबकि दूसरी ओर वह राजनीति है, जिसने दशकों तक भारतीय समाज को जाति, क्षेत्र, तुष्टीकरण और प्रतीकात्मक धर्मनिरपेक्षता की रेखाओं में बांटकर सत्ता का गणित साधने का प्रयास किया। विडंबना यह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रश्न वही कांग्रेस उठा रही है, जिसका राजनीतिक इतिहास स्वयं लोकतांत्रिक संस्थाओं के केंद्रीकरण, आपातकाल, तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति से जुड़ा रहा है। भारतीय राजनीति का यह शायद सबसे बड़ा विरोधाभास है कि जिसने लोकतंत्र पर आपातकाल थोपकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंटा, वही दल आज लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति का प्रमाणपत्र बांटने का प्रयास कर रहा है। राहुल गांधी की टिप्पणी को यदि केवल चुनावी बयान मानकर छोड़ दिया जाए, तो यह अधूरा विश्लेषण होगा। दरअसल यह उस वैचारिक असहजता का परिणाम है, जो पिछले एक दशक में भारत की राजनीति में आए बड़े परिवर्तन के कारण उत्पन्न हुई है। लंबे समय तक राष्ट्रवाद को संदेह और संकोच के घेरे में रखने वाली राजनीति अब स्वयं वैचारिक रक्षात्मकता में खड़ी दिखाई दे रही है। नरेंद्र मोदी का उदय केवल एक नेता का उदय नहीं था। वह उस भारत के पुनरुत्थान का प्रतीक था, जो दशकों तक अपनी सांस्कृतिक पहचान को राजनीतिक संकोच में जीता रहा। पहली बार राष्ट्रवाद केवल चुनावी नारा नहीं रहा, वह शासन का दर्शन बना। विदेश नीति से लेकर सुरक्षा नीति तक, सांस्कृतिक पुनर्जागरण से लेकर आत्मनिर्भरता तक, भारत ने स्वयं को एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करना शुरू किया।यही वह बिंदु है, जहां कांग्रेस की वैचारिक बेचैनी सबसे अधिक स्पष्ट होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर कांग्रेस की असहजता नई नहीं है। स्वतंत्रता के बाद से ही संघ को संदेह की दृष्टि से देखने का एक स्थायी राजनीतिक आग्रह कांग्रेस के भीतर रहा। क्योंकि संघ सत्ता आधारित संगठन नहीं है, वह समाज आधारित वैचारिक शक्ति है। उसकी जड़ें चुनावी राजनीति में नहीं, बल्कि सामाजिक संगठन, सेवा और सांस्कृतिक चेतना में हैं। विश्व के सबसे विशाल सांस्कृतिक संगठन 'संघ' ने शाखा की अनुशासित पंक्ति में राष्ट्रप्रेम के संस्कार बोये, समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सेवा, समरसता और संगठन का भाव जगाया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6102

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6101

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

## वर्ग पहेली 6102

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
| 6 | | | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | 9 |
| 10 | | | ■ | ■ | 11 | | |
| | ■ | ■ | 12 | | | ■ | ■ |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | | 16 |
| 17 | | ■ | 18 | 19 | | ■ | |
| ■ | ■ | 20 | ■ | | ■ | 21 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. प्रमुख शिक्षाविद, चिंतक जिन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की (8)
6. सुपर स्टार सलमान खान की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के इस अंचल में है (3)
7. पुराणानुसार यह मेनका का पति और पार्वती का पिता कहा गया है, पर्वतराज (4)
10. चांद, उजला, श्वेत (3)
11. कपूर खानदान की अभिनेत्रियों में से कए करतब, चमत्कार (3)
12. पसीने की बूंद, राजस्थान का एक शहर (3)
13. पुराणानुसार कृष्ण द्वैव्यास के पुत्र जो पुराणों वे ज्ञाता माने जाते है (4)
15. बबूल के पेड़ को यह भी कहते है (3)
17. लिपिक, बाबू (2)
18. मुगलकाल का प्रांत प्रशासक (3)
20. एक स्वीकृति सूचक शब्द (1)
21. समस्त, एक प्रसिद्ध टीवी चैनल, अनवशिष्ट, अंभंजित, सर्व (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जिनके पिता मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे (7)
2. सुस्वादु भोजन, क्रय-विक्रय की वस्तु (2)
3. जलावतरित, विप्लावित, संवाहित (4)
4. मध्यस्थ, बिचोलिया, ब्रोकर (3)
5. पुराणानुसार यह सूर्पणखाा का भाई था, खच्च्र, खुरदुरा (2)
8. ईश्वर या खुदा को यह भी कहते है (उर्दू)(5)
9. उत्स्त्रोत धारा, ऐनक (2)
12. सिलाई, स्टिच, संग्रंथन (3)
14. केकड़ा, फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
16. एक स्त्री से दो व्यक्ति प्रेम करने वाले आपस में यह कहलाते है (उर्दू) (3)
19. वाम, चंद्रमा के रथ के एक घोड़ का नाम, कोण्युक्त, कामदेव (3)

### वर्ग पहेली 6101 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | इ | ज | र | ■ | गा | इ | ड |
| का | मा | य | नी | ■ | य | ■ | ल |
| म | म | ■ | ■ | सु | ब | ह | ■ |
| ■ | त | क्ष | क | ■ | क | म | ल |
| से | ■ | त | ल | वा | र | ■ | जी |
| ने | क | ■ | क | ■ | ना | ची | ज |
| ग | प | ■ | का | जी | ■ | न | ■ |
| ल | ल | का | र | ■ | सा | ■ | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन पारिवारिक जीवन के मामले में मिलाजुला रहेगा। जीवनसाथी के साथ आपका किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है। आर्थिक मामले में आपको अपने खर्च पर कंट्रोल करना होगा और सेहत के प्रति भी सजग रहना होगा। चंद्रमा के पंचम भाव में ग्रहण योग में होने से आप मानसिक उलझन महसूस कर सकते हैं।

### वृष

आज का दिन आर्थिक मामलों में लाभदायक रहेगा। आपको अपनी चतुराईपूर्ण योजनाओं का लाभ मिलेगा। नौकरी में आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। पारिवारिक जीवन में आपको सगे संबंधियों से सहयोग मिलेगा। काफी समय से अटके हुए काम को पूरा कर पाएंगे। शिक्षा और शिक्षण कार्य में आपको सफलता मिलेगी।

### मिथुन

आज का दिन करियर और कामकाज के लिहाज से उतार चढ़ाव भरा रहेगा। नौकरी मे आपके ऊपर काम का कुछ दबाव रह सकता है जिससे आप मानसिक रूप से परेशानी महसूस कर सकते हैं। अचानक ही आपके ऊपर कुछ नए काम की भी जिम्मेदारी आ सकती है।

### तुला

आज का दिन मानसिक उलझन को बढाने वाला हो सकता है। आप विचारों और कल्पना की दुनिया में खोए रह सकते हैं। नौकरी में आपके विरोधी सक्रिय रहेंगे और आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में आपको सतर्क होकर चलना होगा नहीं आपका बजट प्रभावित हो सकता है।

### वृश्चिक

आज का दिन सुख साधनों की वस्तुओं में तकनीकी समस्या आने से परेशानी महसूस कर सकते हैं। आपको माता की सेहत को लेकर भी चिंता हो सकती है। बिजनेस में लाभ आपका सामान्य रहेगा लेकिन खर्च आपका बढ सकता है। किसी पड़ोसी अथवा मित्र से आपको सहयोग मिल सकता है। वैसे सामाजिक क्षेत्र में आपका प्रभाव और सम्मान बढ़ेगा।

### धनु

आज का दिन सुखद रहेगा। आपकी राशि से तीसरे भाव में चंद्रमा का गोचर कुछ मामलों में मानसिक उलझन दे सकता है। लेकिन राशि में विराजमान गुरु और शुक्र के प्रभाव से आपको आर्थिक क्षेत्र में लाभ का मौका भी मिलेगा। आपको पारिवारिक जीवन में जीवनसाथी के साथ सुखद और मनोरंजक समय बिताने का मौका मिलेगा।

### कर्क

आज का दिन खर्चीला रहेगा। सेहत और उपकरणों पर धन खर्च हो सकता है। पारिवारिक जीवन में आपको जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा लेकिन आपको वाणी पर संयम रखना होगा। यात्रा पर जा रहे हैं तो सतर्कता का पूरा ध्यान रखें। आपको विरोधियों से भी सतर्क रहने की जरूरत है। प्रॉपर्टी संबंधी डील करने जा रहे हैं।

### सिंह

आज आपका रोमांटिक मूड आपके प्रेमी को हैरान कर सकता है। आप तकनीकी ज्ञान और अनुभव का लाभ ले पाएंगे।आपको शिक्षा के क्षेत्र में भी सफलता मिलेगी। यात्रा संबंधी संयोग भी बन सकता है। नौकरी में आपको अधिकारी वर्ग से सहयोग और प्रोत्साहन मिल सकता है। किसी पूर्व परिचित अथवा मित्रों से मिलने का संयोग बन सकता है।

### कन्या

आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। राशि से अष्टम भाव में चंद्रमा के होने से आपका मन विचलित हो सकता है। काम के प्रति अरुचि का भाव बना रहेगा। आप किसी उलझन और विचारों में खोए रह सकते हैं। आर्थिक निर्णय लेने में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है।

### मकर

आज का दिन मनोरंजक और सुखद रहेगा। आपको वरिष्ठजनों का वरदहस्त प्राप्त होगा। कामकाज आपका सुचारू रूप से चलेगा। आप दिन के पहले भाग में कुछ पेंडिंग काम को पूरा कर पाएंगे। जबकि दिन का दूसरा भाग मनोरंजक बीतेगा। आपको परिवार के साथ कहीं घूमने का भी मौका मिल सकता है। माता पिता से सहयोग प्राप्त होगा। धर्म कर्म में रुचि होगी।

### कुंभ

आज आपका दिन आर्थिक मामलों में मिलाजुला रहेगा। कमाई के साथ आपके खर्च में भी वृद्धि होगी। बच्चों के साथ आप मनोरंजक समय बिता पाएंगे। आपको जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय बिताने का मौका मिलेगा। पड़ोसियों और मित्रों से आपको सहयोग मिलेगा। बिजनेस करने वाले जातको को चतुराई और कूटनीतिक योजना का लाभ मिलेगा। अटका धन वसूलने का प्रयास करेंगे तो सफलता पाएंगे।

### मीन

आज अपने खर्च पर कंट्रोल करने की जरूरत है। आपको सगे संबंधियों से भी संयमित व्यवहार रखना चाहिए नहीं तो आपस में मतभेद और कहासुनी होने की आशंका रहेगी। वाहन सावधानी से चलाएं। आपकी राशि से दूसरे भाव में चंद्रमा का केतु के साथ गोचर होने स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है। जिन जातकों को रक्तचाप से संबंधित समस्या है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# हैरी केन की हैट्रिक से बायर्न म्यूनिख ने जीता जर्मन कप, बुंदेसलीगा के बाद जीता दूसरा खिताब



**म्यूनिख, एजेंसी।** हैरी केन की शानदार हैट्रिक की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने डीएफबी-पोकाल (जर्मन कप) फाइनल में स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर घरेलू डबल अपने नाम कर लिया। बायर्न ने इस जीत के साथ अपना 21वां जर्मन कप खिताब जीता और 2020 के बाद पहली बार इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इससे पहले टीम इस सीजन में बुंदेसलीगा का खिताब भी जीत चुकी है। बायर्न के इतिहास में यह 14वां मौका है जब क्लब ने एक ही सीजन में लीग और कप दोनों खिताब जीते हैं। वहीं स्टटगार्ट का सीजन बिना किसी ट्रॉफी के समाप्त हुआ।

## पहले हाफ में स्टटगार्ट ने दी कड़ी टक्कर

मैच की शुरुआत में स्टटगार्ट ने आक्रामक खेल दिखाया और बायर्न को दबाव में रखा। शुरुआती मिनटों में डेनीज उंडाव और एंजेलो स्टिलर ने गोल करने के मौके बनाए, लेकिन बायर्न के गोलकीपर जोनास उरबिग ने शानदार बचाव किया। मैनुअल नोयर की जगह खेल रहे उरबिग ने कई महत्वपूर्ण सेव किए। दूसरी ओर बायर्न की टीम लंबे समय तक गेंद अपने पास रखने के बावजूद लय में नजर नहीं आई। हैरी केन ने पहले हाफ में एक हेडर बाहर मारा, जबकि लुइस डियाज का शॉट स्टटगार्ट के गोलकीपर अलेक्जेंडर नुबेल ने रोक लिया।

## दूसरे हाफ में बदला मैच का रुख

मैच का टर्निंग पॉइंट 55वें मिनट में आया। माइकल ओलिसे पर फाउल के बाद बायर्न ने तेजी से खेल शुरू किया। ओलिसे ने दाहिने छोर से शानदार क्रॉस दिया, जिस पर हैरी केन ने हेडर के जरिए गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद स्टेडियम में आतिशबाजी और धुएं के कारण मैच कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। खेल दोबारा शुरू होने के बाद बायर्न ने पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। 80वें मिनट में केन ने लुइस डियाज के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए दूसरा गोल किया। इसके बाद इंजरी टाइम में स्टिलर के हैंडबॉल के कारण मिले पेनाल्टी पर गोल कर उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी कर ली।

### जीत के बाद क्या बोले केन और कोम्पनी

मैच के बाद हैरी केन ने कहा, 'यह धैर्य बनाए रखने का मुकाबला था। पहला हाफ कठिन रहा, लेकिन हमने विपक्षी टीम को थका दिया। दूसरे हाफ में हमने शानदार प्रदर्शन किया और जीत के हकदार रहे। मुझे टीम पर बहुत गर्व है।' बायर्न के कोच विंसेंट कोम्पनी ने कहा, 'हमने मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेला। पहले हाफ में मुकाबला बराबरी का था, लेकिन दूसरे हाफ में हमने अपना स्तर ऊपर उठाया। यह लगभग परफेक्ट कप फाइनल था।' वहीं स्टटगार्ट के कोच सेबास्टियन होएनेस ने कहा, 'हार का दुख बहुत बड़ा है। 55 मिनट तक हमने वैसा ही खेल दिखाया जैसा जरूरी था। हम काफी करीब थे।'

# श्रेयस का तूफान: सरपंच साहब का शानदार शतक

**11** चौके | **05** छक्के

पंजाब की जीत के हीरो बने अय्यर, टी-20 में हासिल की उपलब्धि



**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ पर जीत के साथ पंजाब प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखने में कामयाब रही। शनिवार को खेले गए मुकाबले में पंजाब की जीत के हीरो कप्तान श्रेयस अय्यर और प्रभसिमरन सिंह रहे। दोनों के बीच हुई 140 रनों की शानदार साझेदारी ने विपक्षी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं और मैच जीत लिया। इस मुकाबले में तमाम रिकॉर्ड्स बने जिन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

सरपंच साहब के नाम से मशहूर श्रेयस अय्यर ने इस मुकाबले में तूफानी शतक जड़ा। उन्होंने महज 51 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का पहला सैकड़ा पूरा किया और टीम को जीत दिलाई। वह 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 101 रन बनाकर नाबाद रहे। श्रेयस अय्यर अब पंजाब किंग्स के लिए शतक लगाने वाले तीसरे कप्तान बन गए हैं। उनसे पहले यह कारनामा केवल केएल राहुल और एडम गिलक्रिस्ट ने किया था। दोनों ने आरसीबी के खिलाफ क्रमशः 2020 में 132* रन और 2011 में 106 रनों की दमदार पारियां खेली थीं।

### चेज में शतक लगाने वाले कप्तान

| कप्तान | स्कोर | विपक्षी टीम | साल |
|---|---|---|---|
| वीरेंद्र सहवाग | 119 रन | डेक्कन चार्जर्स | 2011 |
| विराट कोहली | 108* रन | राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स | 2016 |
| संजू सैमसन | 119 रन | पंजाब किंग्स | 2021 |
| श्रेयस अय्यर | 101* रन | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 2026 |

### टी20 में 7000 रन पूरे कर लिए

श्रेयस अय्यर ने टी20 क्रिकेट में एक और बड़ा मुकाम हासिल करते हुए अपने 7000 रन पूरे कर लिए हैं। पंजाब के लिए खेलते हुए 22/2 के मुश्किल स्कोर पर बल्लेबाजी करने उतरे अय्यर ने जिम्मेदारी भरी पारी खेली और प्रभसिमरन सिंह के साथ शतकीय साझेदारी कर टीम को मैच में बनाए रखा। खास बात यह रही कि अय्यर ने केवल 247 पारियों में 7000 टी20 रन पूरे किए, जिससे वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस सूची में उनसे आगे केवल केएल राहुल (197 पारी), विराट कोहली (212 पारी) और शिखर धवन (246 पारी) हैं। वहीं, अय्यर ने आक्रामक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने इस आंकड़े तक पहुंचने में 249 पारियां ली थीं।

### चेज में कप्तानों के शतक

श्रेयस अय्यर का यह शतक आईपीएल इतिहास के सबसे यादगार पलों में शुमार हो गया। रन चेज के दौरान शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में श्रेयस अय्यर का भी नाम शामिल हो गया। वह ऐसा करने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। इससे पहले यह कारनामा वीरेंद्र सहवाग, विराट कोहली और संजू सैमसन ने किया।

### रिकॉर्ड साझेदारी की

इस मुकाबले में पंजाब की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। प्रियांश (0) और कूपर कोनोली (18) ज्यादा देर तक विकेट पर नहीं टिक सके। इसके बाद प्रभसिमरन का साथ देने श्रेयस अय्यर आए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 140 रनों की साझेदारी हुई। यह किसी भी विकेट के लिए पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों द्वारा निभाई गई पांचवीं सबसे बड़ी साझेदारी है। पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को सात विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवित रखा है। शनिवार को इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने जोश इंग्लिस की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 196 रन बनाए।



# राष्ट्रमंडल खेलों से पहले गुलवीर सिंह सुर्खियों में! तोड़ा 5000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**लॉस एंजिलिस।** भारत के स्टार लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए नया इतिहास रच दिया है। लॉस एंजेलिस में आयोजित एलए ट्रैक फेस्टिवल में गुलवीर ने पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने के साथ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। गुलवीर ने 13 मिनट 03.93 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में इरीट्रिया के हबतोम सैमुअल ने 12:57.22 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय धावक ने अपने पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:11.82 को पीछे छोड़ दिया, जो उन्होंने सितंबर 2024 में जापान में बनाया था।

### भारतीय सेना ने दी बधाई

गुलवीर सिंह की इस उपलब्धि पर भारतीय सेना ने भी गर्व जताया। इंडियन आर्मी स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भारतीय सेना के खिलाड़ी ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन किया है। नायब सूबेदार गुलवीर सिंह ने लॉस एंजेलिस ट्रैक फेस्ट में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतते हुए 13:03.93 का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा और भारतीय लंबी दूरी की दौड़ को नई पहचान दी है।' पोस्ट में आगे कहा गया, 'गुलवीर अनुशासन, मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं।

### भारतीय एथलेटिक्स के नए सितारे

गुलवीर सिंह फिलहाल अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स में ट्रेनिंग कर रहे हैं। वह 3000 मीटर से लेकर 25 किलोमीटर रोड रेस तक कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। उनके नाम 3000 मीटर, 5000 मीटर और 10000 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज हैं। इसके अलावा वह 5000 मीटर और 10000 मीटर में मौजूदा एशियाई चैंपियन भी हैं। 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 5000 और 10000 मीटर दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था।

### इस साल लगातार शानदार प्रदर्शन

यह 2026 में गुलवीर का चौथा बड़ा मुकाबला था। उन्होंने साल की शुरुआत जनवरी में वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप से की, जहां वह सीनियर पुरुष वर्ग में 40वें स्थान पर रहे। फरवरी में अमेरिका के विंस्टन-सेलम में आयोजित साउंड रनिंग इनवाइट में उन्होंने 5000 मीटर शॉर्ट ट्रैक में तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद मार्च में न्यूयॉर्क हाफ मैराथन में उन्होंने 59 मिनट 42 सेकेंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और एक घंटे से कम समय में हाफ मैराथन पूरी करने वाले पहले भारतीय बने। इससे पहले भारत का रिकॉर्ड अविनाश साबले के नाम था, जिन्होंने 2020 दिल्ली हाफ मैराथन में 1:00:30 का समय निकाला था।

# प्लेऑफ से पहले आरसीबी को लगा तगड़ा झटका इंग्लैंड का ये विस्फोटक बल्लेबाज पूरे टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 के प्लेऑफ मुकाबलों से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को बड़ा झटका लगा है। टीम के युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। बेथेल अब इंग्लैंड लौटेंगे, जहां उनकी चोट का आगे इलाज और मेडिकल जांच की जाएगी। यह खबर ऐसे समय आई है जब आरसीबी को क्वालिफायर-1 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहम मुकाबला खेलना है।

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में हुए थे चोटिल

जैकब बेथेल को यह चोट पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान लगी थी। फील्डिंग करते समय कैच पकड़ने की कोशिश में डाइव लगाते हुए उनकी बाएं हाथ की रिंग फिंगर चोटिल हो गई थी। इसी वजह से वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के आखिरी लीग मैच में भी नहीं खेले थे।आरसीबी ने शनिवार को कहा, 'जैकब बेथेल को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान बाएं हाथ की रिंग फिंगर में चोट लगी। मेडिकल जांच के बाद वह आगे के मूल्यांकन के लिए इंग्लैंड लौटेंगे।'



### ईसीबी ने भी की पुष्टि

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भी खिलाड़ी की वापसी की पुष्टि की है। बोर्ड के अनुसार, बेथेल की मेडिकल टीम लगातार निगरानी करेगी ताकि न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता तय की जा सके।

### प्लेऑफ से पहले आरसीबी की बढ़ी चिंता

आरसीबी ने इस सीजन शानदार प्रदर्शन करते हुए अंक तालिका में टॉप स्थान हासिल किया था। हालांकि, प्लेऑफ से ठीक पहले बेथेल का बाहर होना टीम के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है। वहीं, टीम के लिए राहत की खबर यह है कि स्टार ओपनर फिल सॉल्ट की वापसी हो चुकी है।

# अर्जुन को खेलता देख क्यों भावुक हुए सचिन बोले- क्रिकेट धैर्य की भी परीक्षा लेता है

**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए डेब्यू करने वाले अर्जुन तेंदुलकर को उनके पिता और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने खास अंदाज में बधाई दी। पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में अर्जुन ने भले ही टीम को जीत नहीं दिलाई, लेकिन अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान जरूर खींचा। मैच के बाद सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा करते हुए बेटे अर्जुन की तारीफ की। उनका यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है।



सचिन तेंदुलकर ने अपने पोस्ट में लिखा, 'शाबाश अर्जुन। मुझे इस पूरे सीजन में तुम्हारे रवैये पर गर्व है। तुमने अपनी क्षमता पर भरोसा बनाए रखा, धैर्य रखा, चुपचाप मेहनत की और आखिरी मैच तक मौका नहीं मिलने के बावजूद सकारात्मक बने रहे।' उन्होंने आगे कहा, 'क्रिकेट सिर्फ कौशल ही नहीं, बल्कि धैर्य की भी परीक्षा लेता है और आज तुमने दोनों को शानदार तरीके से संभाला। जमीन से जुड़े रहो और खेल से हमेशा प्यार करते रहो। हमेशा प्यार।' सचिन के इस संदेश को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है और क्रिकेट प्रशंसक इसे बेहद भावुक पोस्ट बता रहे हैं।आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी थी, जिसके बाद टीम ने अपने आखिरी लीग मुकाबले में अर्जुन तेंदुलकर को डेब्यू का मौका दिया।

# 100 मीटर स्प्रिंट में 10.09 सेकंड का समय निकाल तोड़ा रिकॉर्ड

**रांची, एजेंसी।** पंजाब के उभरते हुए धावक गुरिंदरवीर सिंह ने भारतीय एथलेटिक्स में नया इतिहास रच दिया है। रांची में आयोजित 2026 एथलेटिक्स फेडरेशन कप में गुरिंदरवीर ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतते हुए 10.09 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही वह 100 मीटर दौड़ में 10.10 सेकंड से कम समय निकालने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद पंजाब से लेकर पूरे देश में खुशी की लहर है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी और इसे पंजाब के लिए गर्व का क्षण बताया।

### मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दी बधाई

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट करते हुए कहा, 'हमारे होनहार खिलाड़ी गुरिंदरवीर सिंह को रांची में फेडरेशन कप की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई। गुरिंदरवीर इतने कम समय में रेस पूरी करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। पंजाब के बेटे ने लगातार दो दिनों में दूसरा राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर राज्य का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।'

### परिवार को बेटे पर गर्व

गुरिंदरवीर की मां रूपिंदर कौर ने बेटे की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा, 'हमें बहुत गर्व और खुशी महसूस हो रही है कि हमारे बेटे ने इतिहास रच दिया। रिश्तेदार लगातार फोन करके बधाई दे रहे हैं। बचपन से ही वह बहुत खुशमिजाज था। उसके कोचों ने भी काफी मेहनत की। उसके पिता का सपना था कि वह एथलीट बने। मैं युवाओं से कहना चाहती हूं कि माता-पिता की बात सुनें, पढ़ाई और खेल दोनों पर ध्यान दें और नशे से दूर रहें।' मैं खुद वॉलीबॉल खेलता था और चाहता था कि वह खिलाड़ी बने। खेल ही ऐसा मंच है जहां आप अपना नाम बनाते हैं और माता-पिता व कोच को गर्व महसूस कराते हैं।'

### कोच ने बताया मेहनत का सफर

गुरिंदरवीर के कोच सरबजीत सिंह ने कहा कि खिलाड़ी ने पिछले 10 वर्षों तक उनके साथ कड़ी मेहनत की। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। गुरिंदरवीर ने मेरे साथ 10 साल तक ट्रेनिंग की। जैसे ही उसने सेमीफाइनल में अनीमेष का रिकॉर्ड तोड़ा, उसका आत्मविश्वास और बढ़ गया। उसने ऐतिहासिक रेस दौड़कर पंजाब का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर दिया।'

### कॉमनवेल्थ गेम्स पर नजर

गुरिंदरवीर ने कहा कि अब उनका पूरा ध्यान ट्रेनिंग पर रहेगा और वह भविष्य में कॉमनवेल्थ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करना चाहते हैं। उन्होंने साथी धावक अनीमेष कुजूर और मणिकांत का जिक्र करते हुए कहा कि मजबूत प्रतिस्पर्धा खिलाड़ियों को बेहतर बनने के लिए प्रेरित करती है।

## बधाइयों का लगा तांता



### मानसिक मजबूती बनी सफलता की कुंजी

गुरिंदरवीर सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, कोच और सपोर्ट स्टाफ को दिया। उन्होंने कहा, 'यह बहुत शानदार एहसास है। मैं आगे भी कड़ी ट्रेनिंग करके अच्छे नतीजे लाना चाहता हूं। आखिरी समय में खेल शारीरिक से ज्यादा मानसिक मजबूती का होता है। मैं खुद को मानसिक रूप से मजबूत रख पाया और इसी वजह से अच्छा प्रदर्शन कर सका।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं अपने परिवार, कोच, डाइटिशियन और रिलायंस फाउंडेशन को श्रेय देना चाहता हूं। सभी ने मुझ पर भरोसा किया और मुझे बेहतरीन सुविधाएं दीं।'

## न्यूज बाइट्स

### शहीद प्रमोद सिंह चौक बना पिकनिक का हॉटस्पॉट

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** एन एच 120 पर बना शहीद प्रमोद सिंह चौक ईन दिनों प्रशासनिक अव्यवस्था एवं लापरवाही का केंद्रविन्दु बनता जा रहा है। या यूँ कहें कि शहीद प्रमोद सिंह चौक लापरवाही का प्रतीक बन गया है। नगर परिषद द्वारा बनाया गया, सजाया, संवारा गया यह चौक अब ज़ब्त एवं बेकार पड़े वाहनों का अड्डा बन गया है।चौक के आसपास खड़े ज़ब्त वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। पैदल यात्रियों को अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान देना एवं समस्या का समाधान करना मुनासिब नहीं समझ रहा है । स्थानीय नागरिकों का कहना है कि थाना परिसर में जगह की कमी के कारण थानेवाले सड़क को ही ज़ब्त वाहनों का पार्किंग स्थल बना देते हैं जिस कारण यहाँ आये दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। लोगों का यहाँ तक कहना है कि यह चौक अब हादसों का हॉटस्पॉट बन चुका है।

### 45 वर्षीय व्यक्ति लापता, परिजनों ने सोशल मीडिया पर लगाई मदद की गुहार

**फेस (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के फेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरिया कला गांव निवासी 45 वर्षीय मदन कुमार सिंह बीते 21 मई 2026 की शाम से लापता हैं। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद उनका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इसके बाद परिवार ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से मदद की अपील की है। परिजनों के अनुसार, मदन कुमार सिंह 21 मई को शाम करीब 4 बजे घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। लापता मदन कुमार सिंह की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई गई है। उनका कद करीब 6 फीट है और रंग सांवला है। लापता होने के समय उन्होंने नीले रंग की शर्ट पहन रखी थी। उनका पता ग्राम एवं पोस्ट देवरिया कला, थाना फेसर, जिला औरंगाबाद, बिहार-824121 बताया गया है। परिजन सदय कुमार सिंह ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी को मदन कुमार सिंह के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तुरंत परिजनों या नजदीकी पुलिस थाना फेसर को सूचना दें। उन्होंने लोगों से मानवीय आधार पर सहयोग की अपील की है। परिजनों ने संपर्क के लिए मोबाइल नंबर 9199910050, 7367010616 और 7543871424 जारी किए हैं। परिवार ने कहा है कि यदि कहीं मदन कुमार सिंह दिखाई दें तो उन्हें सुरक्षित स्थान पर रोककर पानी पिलाएं और तत्काल सूचना दें, ताकि उन्हें सकुशल घर वापस लाया जा सके।

### संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने का निर्णय

# बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु बैठक

> कुर्बानी के अवशेषों के वैज्ञानिक निष्पादन एवं स्वच्छता बनाए रखने की अपील

> सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी, अफवाह फैलाने वालों पर होगी त्वरित कार्रवाई

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



आगामी ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को सदर अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडलस्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, नगर निकाय प्रतिनिधियों तथा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने कहा कि इस वर्ष ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व 28 मई 2026 को मनाए जाने की संभावना है। पर्व के अवसर पर जिले की विभिन्न मस्जिदों एवं ईदगाहों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु नमाज अदा करेंगे तथा परंपरागत रूप से पशुओं की कुर्बानी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक में विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। प्रशासन की ओर से बताया गया कि संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही संभावित अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर भारतीय न्याय संहिता, 2023 के विभिन्न प्रावधानों के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप एवं अन्य इंटरनेट माध्यमों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाली पोस्ट पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आमजनों से अपील की कि किसी भी अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

बैठक में बताया गया कि विधि-व्यवस्था की किसी भी स्थिति से त्वरित रूप से निपटने हेतु जिला, अनुमंडल एवं थाना स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) का गठन किया गया है। वहीं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जिला पुलिस, एसटीएफ एवं सीआरपीएफ द्वारा लगातार एरिया डोमिनेशन एवं गश्ती अभियान चलाया जाएगा, ताकि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह कायम रह सके। स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से भी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। आपात स्थिति से निपटने हेतु जीवन रक्षक दवाओं के साथ मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया गया है। इसके अतिरिक्त चिन्हित स्थलों पर बैरिकेडिंग एवं यातायात नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश जारी किया गया।

शांति समिति के सदस्यों से अपील की गई कि पर्व के दौरान सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखें तथा कुर्बानी के अवशेषों का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निष्पादन करें। अवशेषों को तत्काल गाड़ने तथा संबंधित स्थलों पर चुना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने का अनुरोध किया गया। साथ ही भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई।

अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे, त्याग एवं सामाजिक सद्भाव का पर्व है। सभी समुदायों के लोग आपसी सम्मान एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाएं तथा जिले की शांति एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग दें। बैठक में एसडीपीओ-1 सुशील कुमार, एसडीपीओ-2 आदित्य कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद औरंगाबाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी औरंगाबाद, अंचल अधिकारी औरंगाबाद, नगर थाना अध्यक्ष सहित शांति समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पौथु बाजार से दो छात्राएं रहस्यमय ढंग से लापता, चार दिनों बाद भी नहीं मिला सुराग

- सीसीटीवी में बैंक और रेलवे स्टेशन की ओर जाती दिखीं किशोरियां, पुलिस जांच में जुटी

निज संवाददाता | रफीगंज औरंगाबाद



जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत पौथु बाजार से दो किशोरियां रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। दोनों छात्राएं नौवीं कक्षा में पढ़ती हैं और पिछले चार दिनों से उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है, वहीं पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है।

परिजनों के अनुसार, 20 मई को दोनों छात्राएं रोज की तरह घर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पौथु के लिए निकली थीं। दोनों सहेलियां थीं और प्रतिदिन साथ ही स्कूल तथा ट्यूशन जाया करती थीं। आम दिनों की तरह शाम तक उनके घर लौट आने की उम्मीद थी, लेकिन देर शाम तक जब दोनों घर नहीं पहुंचीं तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। काफी खोजबीन के बाद भी दोनों का कोई पता नहीं चल सका।

अगले दिन परिजन स्कूल पहुंचे, जहां जानकारी मिली कि दोनों छात्राएं लंच टाइम तक विद्यालय में मौजूद थीं। स्कूल प्रशासन के अनुसार, लंच के बाद दोनों ने बैंक जाने की बात कही थी और फिर विद्यालय से निकल गई थीं।

इसी दौरान गांव के एक ऑटो चालक ने परिजनों को बताया कि दोनों किशोरियां बराही स्थित एक बैंक तक गई थीं। इसके बाद परिजन बैंक पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई। सीसीटीवी फुटेज में दोनों छात्राएं बैंक में प्रवेश करती दिखाई दीं। बैंक से बाहर निकलने के बाद वे जाखिम रेलवे स्टेशन की ओर जाती नजर आईं। इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

काफी प्रयास के बावजूद सफलता नहीं मिलने पर परिजनों ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले की पुष्टि करते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष प्रेम कुमार ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल फोन के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह जानकारी सामने आई है कि दोनों किशोरियां बराही बैंक से पैसा निकालने पहुंची थीं। वहां से वे फेसर गईं और फिर ऑटो से औरंगाबाद के रमेश चौक तक पहुंचीं। इसके बाद उनकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में लगातार छापेमारी और पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने दावा किया है कि जल्द ही दोनों छात्राओं को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।


## ऑटो पलटने से एक ही परिवार के छह लोग घायल

**फेंसर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत फेसर थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क हादसे में एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए। उन्थू से राष्ट्रीय राजमार्ग-139 को जोड़ने वाली नहर रोड पर बने गहरे गड्ढे में पड़कर एक इलेक्ट्रॉनिक ऑटो पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की पहचान बरवाडीह गांव निवासी संतोष कुमार, उनकी पत्नी गुड़िया देवी, संगीता कुमारी तथा परिवार के तीन बच्चों के रूप में की गई है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है। हादसे में कुछ लोगों को गंभीर चोटें भी आई हैं। परिजनों ने बताया कि संतोष कुमार छत्तीसगढ़ की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। वह अपने परिवार के साथ गांव से इलेक्ट्रॉनिक ऑटो रिजर्व कर अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन जा रहे थे। परिवार को ट्रेन पकड़नी थी, इसलिए वे उन्थू नहर रोड के रास्ते स्टेशन की ओर निकले थे।

### बटाने पुल पर भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल रोक

# पुल में दरार मिलने के बाद जिला प्रशासन का फैसला, केवल हल्के वाहनों को अनुमति

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद





जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-139 (पुराना एनएच-98) स्थित बटाने पुल से भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। पुल की जर्जर स्थिति और संभावित दुर्घटना की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यपालक अभियंता द्वारा किए गए निरीक्षण में पाया गया कि किलोमीटर 141 पर स्थित बटाने पुल काफी दयनीय अवस्था में है। लगभग 225 मीटर लंबे इस पुल के विभिन्न गर्डरों में दरारें पाई गई हैं। साथ ही बियरिंग के पेडस्टल के पास भी दरार मिलने की पुष्टि हुई है। निरीक्षण के दौरान पुल की वर्तमान स्थिति को दर्शाने वाले स्थलीय फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराए गए।

कार्यपालक अभियंता ने संभावित हादसे की आशंका को देखते हुए तत्काल प्रभाव से भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने तथा केवल हल्के वाहनों को आवागमन की अनुमति देने का अनुरोध जिला प्रशासन से किया था। प्रतिवेदन और स्थल निरीक्षण के बाद प्रशासन ने इस पर कार्रवाई करते हुए आदेश जारी कर दिया। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि फिलहाल पुल से केवल हल्के वाहनों का परिचालन ही किया जा सकेगा। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक संकेतक बोर्ड एवं क्रैश बैरियर लगाने का निर्देश दिया गया है। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किए गए हैं। इसके तहत अम्बा से देव होते हुए एनएच-19 तथा अम्बा से बारूण भाया नवीनगर मार्ग का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने इन मार्गों पर भी संकेतक बोर्ड लगाने का निर्देश दिया है, ताकि वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन ने संबंधित विभाग को पुल की मरम्मत के लिए अविलंब आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा प्रगति से प्रशासन को शीघ्र अवगत कराने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने कहा है कि आम लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# औरंगाबाद जिले का नाम 'देव' करने को लेकर आंदोलन तेज करने की तैयारी

- जनेश्वर विकास केंद्र की बैठक में नुक्कड़ सभा और प्रदर्शन का निर्णय

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



जिले की सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था जनेश्वर विकास केंद्र की देव प्रखंड इकाई की बैठक रविवार को संघत धर्मशाला, देव में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता रामजी सिंह ने की, जबकि संचालन सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। बैठक में औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर "देव" करने की मांग को लेकर आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि वर्ष 1992 से लगातार औरंगाबाद जिले का नाम "देव" करने की मांग उठाई जा रही है, लेकिन जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण अब तक इस दिशा में अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। उन्होंने कहा कि देव की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को देखते हुए जिले का नाम "देव" किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने और आंदोलन को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से 31 जून से 28 जुलाई तक केताकी, कंचनपुर, बालूगंज, चट्टी बाजार और पवई बाजार में नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जाएंगी। इन सभाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा और आंदोलन को व्यापक समर्थन दिलाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 3 जुलाई को गांधी मैदान से समाहरणालय तक रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद जिला पदाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार के गृह मंत्री को मांग पत्र सौंपा जाएगा।

सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि जिले की जनता को संगठित और जागरूक कर आंदोलन को मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देव सूर्य मंदिर की ऐतिहासिक पहचान और धार्मिक महत्व को देखते हुए जिले का नाम "देव" होना क्षेत्र की सांस्कृतिक अस्मिता का सम्मान होगा। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के लिए जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। कंचनपुर क्षेत्र के लिए महेंद्र हार्ड, धनंजय सिंह और बलिराम सिंह, बालूगंज के लिए दिलीप सिंह, पवई के लिए सिद्धेश्वर विद्यार्थी तथा देव क्षेत्र के लिए दीपक गुप्ता, अनिल सिंह और निर्मल सिंह को दायित्व दिया गया। बैठक में उपस्थित समाजसेवियों ने कहा कि वर्ष 1973 में गया जिले के विभाजन के बाद नवादा और औरंगाबाद जिले का गठन किया गया था, लेकिन उस समय देव जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल के नाम पर जिले का नामकरण नहीं किया गया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार ने सनातन संस्कृति की उपेक्षा की थी, जिसे अब क्षेत्र के लोग स्वीकार नहीं करेंगे। बैठक में शिक्षक बीरेंद्र सिंह, रामधारी सिंह, सूर्यदेव यादव, रामजी सिंह, जनेश्वर यादव, महेंद्र हार्ड, राजेंद्र प्रसाद, कंचनदेव सिंह, दीपक गुप्ता, उपेंद्र यादव, चंदन सिंह, निखिल सिंह, धनंजय सिंह, शिवम गुप्ता, राकेश सिंह, बलिराम सिंह और संजय मेहता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से महिला की मौत, बेटा घायल

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र में रविवार को हुए सड़क हादसे में 42 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा घायल हो गया। घटना तेतरीया मोड़ स्थित निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के पास हुई, जहां तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मृतका की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र निवासी मंजु देवी, पति बहादुर राम के रूप में की गई है। वहीं घायल युवक की पहचान उनके पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मंजु देवी अपने बेटे सोनू कुमार के साथ बाइक से नवीनगर रोड स्टेशन जा रही थीं। उन्हें किसी रिश्तेदार के घर सासाराम जाना था, जिसके लिए वे घर से निकली थीं। इसी दौरान तेतरीया मोड़ पथ रेलवे क्रॉसिंग के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि मां-बेटे सड़क पर गिर पड़े। हादसे में मंजु देवी के सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनका बेटा सोनू कुमार घायल हो गया।

## साहित्यकुंज ने देश को दिये सैकड़ों कवि, लेखक, कथाकार एवं साहित्यकार

- साहित्य, कला एवं संस्कृति को समर्पित है यह संस्था

अरविन्द अकेला

औरंगाबाद,औरंगाबाद जिला की लोकप्रिय साहित्य, कला एवं संस्कृति की संवाहक संस्था साहित्यकुंज आज किसी परिचय की मुहताज नहीं है।37 वर्ष पूर्व 1989 में साहित्यकुंज का गठन औरंगाबाद के गेट स्कूल के पीछे प्रो विश्वनाथ मिश्र चंचल के आवास पर आयोजित एक साहित्यिक बैठक में लिया गया था। देश के लोकप्रिय कवि एवं गीतकार गोपाल सिंह नेपाली की प्रेरणा से साहित्यकुंज का गठन किया था।उस समय भरथोली के वयोवृद्ध साहित्यकार रघुपति सिंह चौहान को अध्यक्ष,प्रोफेसर विश्वनाथ मिश्र चंचल को उपाध्यक्ष,गेट स्कूल के टीचर कालिका सिंह को कोषाध्यक्ष,अरविन्द अकेला को महासचिव एवं आनंद शांडिल्य को संयोजक बनाया गया था।उस समय की बैठक में लोगों ने साहित्यकुंज की स्थापना यह सोचकर की थी कि स्थानीय स्तर एवं जिला स्तर के कवियों को एक सशक्त मंच mile,उन्हें उचित मान सम्मान के साथ अखबार में नाम मिले क्योंकि उस समय जिला में मात्र एक संस्था कामता सेवा केंद्र थी। कामता सेवा केंद्र देव द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में यहाँ के किसी भी कवि को मौका नहीं मिलता था जिससे यहां के स्थानीय कवि अपमानित महसूस करते थे।1989 से लेकर 2026 तक के 37 साल के कालखंड में इस संस्था ने कई उतार चढाव देखे।

साहित्यकुंज स्थापना काल के शुरुआत 5 साल में प्रत्येक प्रखंड में साहित्यकुंज की बैठक एवं कवि सम्मेलन आयोजित किये जिसमें स्थानीय कवियों को मंच प्रदान किया एवं उनका नाम अखबारों में प्रकाशित करवाये। आज साहित्यकुंज एक ब्रांड बन चुका है इसके सदस्य एवं कवि देशभर में अपनी प्रतिभा विखेर रहे हैं। साहित्यकुंज से निकले कवि एवं सदस्य औरंगाबाद में अपनी अलग संस्था खोलकर साहित्य की अलख जगा रहे हैं।साहित्य कुंज ने आज तक एक सौ से ज्यादा हस्तियों को ऑफलाइन एवं 2000 से ज्यादा कवियों को ऑनलाइन सम्मानित कर चुके हैं। वर्तमान में साहित्यकुंज के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राम रॉय एवं महा सचिव अरविन्द अकेला हैं।

## शब्दवीणा की ऑनलाइन साहित्यिक भेंटवार्ता "एक शाम साहित्य के नाम' आयोजित

- कवि अशोक कुमार जाखड़ ने सुनाईं देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाएं

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'शब्दवीणा' के तत्वावधान में आयोजित मासिक ऑनलाइन साहित्यिक भेंटवार्ता "एक शाम साहित्य के नाम" के मई 2026 अंक में झज्जर, हरियाणा निवासी वरिष्ठ कवि, पूर्व सैनिक एवं शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार जाखड़ 'निःस्वार्थी' मुख्य अतिथि साहित्यकार के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया, जिसमें देशभर के साहित्य प्रेमियों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की संयोजिका एवं शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश सचिव सरोज कुमार ने कवि अशोक कुमार जाखड़ का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय प्रस्तुत करते हुए उन्हें देश का वीर सैनिक बताया तथा उनके मंच पर आगमन को गौरवपूर्ण क्षण कहा। कार्यक्रम की समन्वयक एवं शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने भी उनका अभिनंदन करते हुए साहित्य एवं राष्ट्र सेवा में उनके योगदान की सराहना की। भेंटवार्ता का संचालन कवयित्री रिया अग्रवाल ने किया। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बातचीत के दौरान अशोक कुमार जाखड़ 'निःस्वार्थी' ने अपने जीवन के संघर्ष, सैन्य सेवाओं और साहित्यिक यात्रा से जुड़े अनेक अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में रहते हुए 37 वर्षों तक देश की सेवा कर चुके हैं। इस दौरान उन्हें बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और आंध्रप्रदेश सहित कई राज्यों में कार्य करने का अवसर मिला।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा के साथ-साथ साहित्य सेवा भी उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है। वार्ताकार रिया अग्रवाल ने उनके नाम के साथ जुड़े "निःस्वार्थी" शब्द के औचित्य पर प्रश्न किया, जिस पर उन्होंने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने हिंदी एवं हरियाणवी भाषा में कई कविताएँ और गीत प्रस्तुत किए। उनकी रचनाओं में कारगिल युद्ध, सीमा पर आतंकवाद, वर्तमान भारत की चुनौतियाँ तथा पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पीड़ा का मार्मिक चित्रण देखने को मिला। पहलगाम हिंसा में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने भावुक स्वर में कहा, "पहलगाम घटना, हर हिन्दू खून के आँसू रोया था, भारत का कोई भी सैनिक नहीं चैन से सोया था।" उनकी इस प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

## ओबरा के पूर्व विधायक की विधानसभा सदस्यता समाप्त

**ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** ओबरा के पूर्व विधायक और स्वराज पार्टी (लोकतांत्रिक) के अध्यक्ष सोमप्रकाश सिंह ने अपनी विधानसभा सदस्यता समाप्त किए जाने के मामले में बिहार विधानसभा सचिवालय और राजनीतिक विरोधियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दाउदनगर के भखरुआं बाजार रोड स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि उन्हें अब तक बिहार विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी किसी भी आधिकारिक अधिसूचना की प्रति प्राप्त नहीं हुई है। सोमप्रकाश सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अपील को सुनवाई योग्य नहीं मानते हुए खारिज कर दिया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसका यह अर्थ नहीं है कि उनकी विधानसभा सदस्यता स्वतः समाप्त हो गई है। उन्होंने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पहले दिया गया पूर्ण स्थगन आदेश अभी भी प्रभावी है।

## ओवरटेक के दौरान बाइक पर पलटा ट्रैक्टर, किशोर की मौत

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)



जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। हादसा देव-मदनपुर रोड पर पूर्णाडीह स्थित चिड़िया स्थान मंदिर के पास हुआ, जहां सड़क के तीखे मोड़ पर ओवरटेक के दौरान एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बाइक पर पलट गया। मृतक की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के आजाद बिगहा गांव निवासी देव मुन्ना भुईयां उर्फ बीरी भुईयां के 14 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायल युवक की पहचान गांव के ही पांचु भुईयां के पुत्र राजू कुमार के रूप में हुई है। दोनों युवक बाइक से किसी जरूरी काम से मदनपुर की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चिड़िया स्थान मंदिर के समीप सड़क पर बेहद तीखा मोड़ है। इसी दौरान बाइक चालक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। तभी ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी और संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर बाइक के ऊपर ही पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रैक्टर के नीचे दबने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकालकर मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. कुमार जय ने जांच के बाद ओमप्रकाश कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल राजू कुमार का इलाज जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही मदनपुर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस पदाधिकारी ऐश्वर्या प्रिया और रोहित कुमार ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। ग्रामीणों ने दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

परिजनों ने बताया कि ओमप्रकाश अपने दोस्त राजू के साथ उमगा जा रहा था, जहां उमंगेश्वरी माता मंदिर में राजू के रिश्तेदार की शादी थी। रास्ते में ही यह हादसा हो गया। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।